2 | फरीदाबाद
सेक्टर 15 में भी पानी, बिजली, सीवर, सड़क की समस्या

6 | विशेष
नेपाली प्रधानमंत्री के समक्ष चुनौतियां

9 | देश/विदेश
उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच हो, गृहमंत्री इस्तीफा दें: राहुल

11 | स्पोर्ट्स
चार दशक बाद ओलंपिक पदक पर भारतीय हॉकी टीम की नजरें

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 167
फरीदाबाद, शनिवार, 24 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



गमले खरीदने से पहले जान लें ये बातें
पेज - 12




# 32वें ओलंपिक गेम्स शुरू, 350 करोड़ लोगों ने देखा मार्चपास्ट

**एजेंसी। टोक्यो**

**कोरोना** महामारी के कारण एक साल की देरी से हो रहे टोक्यो ओलंपिक की शुक्रवार शाम ओपनिंग सेरेमनी हो गई। आम तौर पर ओपनिंग सेरेमनी और सभी देशों के खिलाड़ियों के मार्च पास्ट ओलंपिक गेम्स के मुख्य आकर्षण में एक होते हैं, लेकिन इस बार कोरोना के कारण सिर्फ 1000 खिलाड़ी और अधिकारी ही इस कार्यक्रम में मौजूद हैं। इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में करीब 350 करोड़ लोगों ने टीवी, स्मार्टफोन, लैपटॉप जैसे डिवाइसों पर ओपनिंग सेरेमनी का प्रसारण देखा।

### 85 मेडल के लिए दावेदारी पेश करेंगे भारतीय एथलीट



टोक्यो के निवासी कोरोनाकाल में हो रहे इस ओलंपिक का विरोध कर रहे हैं। शुक्रवार को भी ओपनिंग सेरेमनी से पहले मुख्य स्टेडियम के बाहर प्रदर्शनकारी जमा हुए और ओलंपिक के विरोध में नारे लगाए। टोक्यो ओलंपिक सेरेमनी की शुरुआत आम ओलंपिक गेम्स से बिल्कुल अलग रही है। लगभग खाली स्टेडियम में सबसे पहले कोरोना महामारी के कारण दुनियाभर में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस बार ओलंपिक में भारत के 124 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इसमें से 69 पुरुष और 55 महिला एथलीट और बाकी स्टाफ मेंबर्स होंगे। भारतीय एथलीट इस बार 85 मेडल के लिए दावेदारी पेश करेंगे। भारत ने ओपनिंग सेरेमनी के लिए पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और 6 बार की बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियन एमसी मेरीकॉम को ध्वजवाहक बनाया है।

खिलाड़ियों का मार्च पास्ट 1896 में हुए पहले समर ओलंपिक गेम्स के आयोजक ग्रीस के दल के साथ शुरू हुआ। इसके बाद रिफ्यूजी खिलाड़ियों का मार्च पास्ट हुआ। खिलाड़ियों के मार्च पास्ट में भारतीय दल 21वें नंबर पर आया। भारतीय दल के मार्च पास्ट में खिलाड़ी और अधिकारी मिलाकर 25 सदस्य शामिल रहे। इस बार ओलंपिक में करीब 11,238 खिलाड़ी 33 खेलों में 339 गोल्ड के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। ओपनिंग सेरेमनी में जापान के सम्राट नारुहितो भी शामिल हुए हैं। नोबेल शांति पुरस्कार जीत चुके बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस को विशेष ओलिंपिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### अमेरिका की प्रथम महिला स्टेडियम पहुंचीं

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन की पत्नी जिल बिडेन ओलंपिक स्टेडियम पहुंच गई हैं। अमेरिका के 613 एथलीट इस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे हैं। ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले हर एथलीट का सपना होता है मेडल जीतना। जीत हासिल करने वाले एथलीटों को पोडियम पर मेडल पहनाया जाता है। यह लम्हा उनके जीवन का सबसे यादगार पल भी बन जाता है, लेकिन कोरोना महामारी के कारण टोक्यो ओलंपिक में ऐसा नहीं होगा। इस बार विजेता एथलीटों को खुद ही अपने गले में मेडल डालना होगा। साथ ही मेडल सेरेमनी के दौरान एथलीटों के हाथ मिलाने और गले मिलने पर रोक होगी।

● विस्तृत खबर पेज-11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,975 | 139 |
| निफ्टी | 15,856 | 32 |
| सोना | 46,698 | 256 /10 gm |
| चांदी | 66,111 | 662/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.02°C
न्यूनतम 27.09°C

## क्विक न्यूज

### हरियाणा के खिलाफ अवमानना अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार के खिलाफ दिल्ली के जल बोर्ड द्वारा दायर अवमानना याचिका को खारिज कर दिया है। दिल्ली सरकार का आरोप था कि हरियाणा उसे शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार यमुना नदी का पानी साझा नहीं कर रहा है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड से हरियाणा सरकार से बातचीत करने के लिए कहा है। हालांकि याचिका दायर करने के बाद हरियाणा सरकार ने दिल्ली के लिए पानी जारी कर दिया था, इसलिए यह मामला कमजोर पड़ गया था।

### अमेरिकी विदेशी मंत्री 27 और 28 को भारत की यात्रा पर

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी जे ब्लिंकन 27 जुलाई से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे। इस दौरान दोनों पक्ष कोरोना वायरस महामारी से उबरने और अफगानिस्तान तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री का पद संभालने के बाद ब्लिंकन की यह पहली भारत यात्रा होगी।

### अब्दुल्ला शाहिद ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 76वें सत्र के लिए अध्यक्ष निर्वाचित किए गए अब्दुल्ला शाहिद ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान भारत पूरा सहयोग करेगा। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, यूएनजीए के 76वें सत्र के लिए अध्यक्ष निर्वाचित किए गए अब्दुल्ला शाहिद से मुलाकात कर बेहद खुशी हुई।

### फिल्म जगत से बेनकाब कुंद्रा का पोर्न रैकेट

# राज इंटरनेशनल लेवल पर 121 वीडियो बेचने की कर रहे थे तैयारी

**एजेंसी। मुंबई**

**राज** कुंद्रा की गिरफ्तारी के बाद अब मुंबई पुलिस की एक टीम उनकी पत्नी और एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी से पूछताछ के लिए उनके जुहू स्थित बंगले पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक एक्ट्रेस से पूछताछ जारी थी। इससे पहले अश्लील फिल्मों के निर्माण के आरोप में गिरफ्तार हुए राज कुंद्रा को 27 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। अदालत में पेशी के दौरान मुंबई पुलिस ने बताया कि हमें उनके व्हाट्सऐप चेट से यह पता चला है कि राज 121 पोर्न वीडियो को 9 करोड़ रुपये में बेचने वाले थे। यह एक इंटरनेशनल लेवल की डील थी। इस बीच उनका एक ईमेल भी लीक हुआ है, जिसमें कुंद्रा का अश्लील फिल्म मेकिंग का पूरा नियम-कानून लिखा हुआ है। अश्लील फिल्मों के इस कारोबार के प्रोजेक्ट को ख्वाब नाम दिया गया था।

19 जुलाई को मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राज कुंद्रा को पूछताछ के लिए बुलाया था। रात 9 बजे वे मुंबई क्राइम ब्रांच के भायकला दफ्तर पहुंचे। करीब 2 घंटे तक पूछताछ चली और इसके बाद रात 11 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कुंद्रा की पेशी के दौरान मुंबई पुलिस ने कोर्ट से और समय मांगा था। मुंबई पुलिस का कहना है कि यह केस बहुत बड़ा है, यह सिर्फ कुछ पोर्न फिल्मों तक सीमित नहीं है। आरोपी संगठित तरीके से इसे अंजाम दे रहे थे। इस मामले में कुंद्रा समेत 11 लोगों को अरेस्ट किया जा चुका है। अन्य कुछ लोगों की गिरफ्तारी की कोशिश जारी है, जिसमें कुंद्रा का बहनोई भी शामिल है। बता दें, हॉटशॉट के कॉन्टेंट हेड की ओर से 14 अगस्त 2020 की शाम 5 बजकर 25 मिनट पर पारस रांधवा और ज्योति ठाकुर नाम के दो लोगों को एक ईमेल भेजा गया था। इसमें प्रोजेक्ट ख्वाब को लेकर सिलसिलेवार ढंग से जानकारी दी गई थी। शूटिंग कैसे होगी? कैमरा किस एंगल पर रहेगा, एक्ट्रेस का प्रोफाइल कैसा होगा है, लाइव स्ट्रीमिंग करने वाले आर्टिस्ट को कैसे ज्यादा से ज्यादा दिखा सकें, इसकी भी डिटेल थी। ओटीटी प्लेटफॉर्म के सब्सक्राइबर को बढ़ाने के लिए भी इसमें तरीका बताया गया था।



### एक वीडियो के लिए 3 लाख मिलेंगे

इस ईमेल में सिनॉप्सिस के बाद पेमेंट का भी जिक्र किया गया है। अगर वीडियो को हॉटशॉट डिजिटल टीम ने अपने ऐप के अनुरूप पाया तो इसे खरीद लिया जाएगा। इसके बदले में तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। ईमेल के अगले हिस्से में बताया गया है कि शूटिंग से पहले फीमेल लीड की पूरी प्रोफाइल हॉटशॉट टीम को भेजनी होगी। हॉटशॉट टीम के अप्रूवल के बाद ही आप शूटिंग करेंगे। आर्टिस्ट का सोशल मीडिया पर स्ट्रांग प्रेजेंस होना चाहिए और वह स्वेच्छा से बोल्ड सीन (सामने से टॉपलेस और फुल बैक न्यूड) कर सके। खरीदने के बाद वीडियो के सारे राइट्स और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट भी हॉटशॉट डिजिटल के पास ही रहेंगे। अगर वीडियो सीनियर टीम को पसंद नहीं आता है तो इसे आप कहीं और बेचने के लिए स्वतंत्र हैं।

### फिल्म के लिए बनाई थी गाइडलाइन

फाइनल मूवी 900 एमबी से कम और 1920 गुणा 1080 साइज में एमपी-4 फॉर्मेट में रहेगी। पोट्रेट पोस्टर 510 गुणा 766 साइज में 900 एमबी से कम का रहेगा। सोशल मीडिया के लिए अलग बोल्ड पोस्टर रहेंगे और कुछ सामान्य पोस्टर रहेंगे। लैंडस्केप पोस्टर भी अलग से रहेंगे। सोशल मीडिया के लिए 15 सेकेंड का सामान्य टीजर रहेगा। 60 से 90 सेकेंड का बोल्ड ट्रेलर रहेगा, जो ऐप पर डाला जाएगा। सोशल मीडिया के लिए 60 से 90 सेकेंड का नॉन बोल्ड ट्रेलर भी रहेगा। 2 से 3 मिनट का नॉन बोल्ड वीडियो अलग से रखा जाएगा।

**09 करोड़ में हुई थी डील**

### कुंद्रा को सामने बैठा शिल्पा से पूछताछ

**मुंबई।** पोर्न फिल्म रैकेट मामले में मुंबई पुलिस की टीम एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के जुहू स्थित बंगले पर जांच के लिए पहुंची। खबर लिख जाने तक पुलिस शिल्पा से सवाल-जवाब कर रही थी। पोर्न केस में गिरफ्तार राज (शिल्पा के पति) को भी पुलिस साथ लेकर पहुंची थी। दोनों को आमने-सामने बैठाकर सवाल-जवाब किए गए। वहीं राज ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कुंद्रा ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। उनका कहना है कि पुलिस ने उन्हें 41ए के तहत नोटिस नहीं दिया था। बता दें 41ए का नोटिस पुलिस के सामने पेशी के लिए होता है। अगर व्यक्ति इस नोटिस का पालन करता है, तो उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, सिर्फ पूछताछ के लिए ले जाया जा सकता है।

# महाराष्ट्र में भूस्खलन और इमारत गिरने से 49 लोगों की मौत, 70 लापता

**एजेंसी। मुंबई**

**महाराष्ट्र** में इन दिनों आफत की बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश के चलते जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। बारिश का कहर सबसे ज्यादा रायगढ़ जिले पर दिख रहा है। यहां भूस्खलन की वजह से 49 लोगों की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य जारी है। भारी बारिश के कारण राहत कार्य में यहां भारी दिक्कत आ रही है।

रायगढ़, रत्नागिरी, पालघर, ठाणे और नागपुर के कुछ हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। बारिश के कारण राज्य में अभी तक 49 लोगों की जान जा चुकी है। रायगढ़ के तलई गांव में लगातार हो रही बारिश से पहाड़ का मलबा गिर गया। इसके नीचे 35 घर दब गए। इस हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई। वहीं 70 से ज्यादा लोग लापता हो गए हैं। 15 लोगों को बचाया गया है, जबकि 30 से ज्यादा लोग अब भी मलबे में दबे हुए हैं। इसे देखते हुए मृतकों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। वहीं सतारा जिले में भूस्खलन की वजह से 8 लोगों की जान चली गई, जबकि मुंबई में एक इमारत गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। राज्य में अभी तक 49 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। हालांकि, भारी बारिश के कारण राहत कार्य में यहां भारी दिक्कत आ रही है।





**मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख के मुआवजे की घोषणा:** महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने जानकारी दी है कि ऐसी घटनाओं में घायलों का इलाज सरकार वहन करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायगढ़ हादसे पर दुख जताया। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र में बाढ़ के हालात पर पूरी नजर बनी हुई है। पीड़ित परिवारों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। केंद्र सरकार की ओर से पूरी मदद की जा रही है।

### दो दिनों में निवेशकों की संपत्ति चार लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में पिछले दो दिनों की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 4,09,200.15 करोड़ रुपये बढ़ी। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 235.11 लाख करोड़ पहुंच गया।

शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 138.59 अंक अंक यानी 0.26 प्रतिशत मजबूत होकर 52,975.80 अंक पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 638.70 अंक यानी 1.22 प्रतिशत चढ़ा था। इस तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पिछले दो दिनों 4,09,200.15 करोड़ रुपये बढ़ा और शुक्रवार को यह रिकार्ड 2,35,11,063.15 करोड़ पहुंच गया।

# तमिलनाडु : 600 करोड़ लेकर उड़ गए 'हेलिकॉप्टर बंधु'

**एजेंसी। चेन्नई**

**दिसंबर** 2019 में, तमिलनाडु के कुंभकोणम शहर में एक जन्मदिन का जश्न बहुत चर्चा का विषय बन था। डेयरी मालिक मरियूर रामदास गणेश ने एक साल के बेटे बर्थडे पर हेलीकॉप्टर से गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं थी। पूरा शहर इस जश्न का गवाह बना था और लंबे समय तक इस बात का जिक्र भी होता रहा, लेकिन अब यही शहर बता रहा है कि व्यवसायी मरियूर और उनके भाई मरियूर रामदास लोगों के 600 करोड़ लेकर उड़न छू हो गए हैं। हेलीकॉप्टर बंधु की तलाश में अब शहर में पोस्टर लगे हैं।

स्थानीय भाजपा व्यापारी विंग के नेता मरियूर रामदास गणेश और उनके भाई मरियूर रामदास स्वामीनाथन पर 600 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कुंभकोणम शहर में पोस्टर चिपकाए गए हैं। लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में दोनों भाइयों के खिलाफ तंजावुर जिला अपराध शाखा में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनकी कंपनी के मैनेजर माने जाने वाले श्रीकांत (56) को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों भाइयों पर यह आरोप है कि उन्होंने लोगों को निवेश पर उच्च रिटर्न का लालच देकर ठग लिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों के साथ दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी साजिश नाकाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अखनूर सेक्टर के कानाचक में पुलिस ने शुक्रवार तड़के एक ड्रोन को मार गिराया गया। इससे पांच किलोग्राम आईईडी बरामद हुआ है। यह ड्रोन भारतीय सीमा में 6 किलोमीटर अंदर तक घुस आया था। इस तरह ड्रोन के जरिए हमले की बड़ी साजिश नाकाम कर दी गई है। जम्मू जोन के आईजी मुकेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ड्रोन को रात 1 बजे देखा गया। इससे लाई गई आईईडी करीब तैयार हालत में थी। उस पर जीपीएस लगा हुआ था। इसे किसी आतंकी तक पहुंचाया जाना था। हालांकि अभी तक रिसीवर का पता नहीं चल पाया है।



### राष्ट्रपति से मिले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार मुलाकात कर प्रदेश के विकास के साथ जन कल्याण की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद दत्तात्रेय की राष्ट्रपति कोविंद के साथ पहली शिष्टाचार मुलाकात थी।

राज्यपाल ने इस मुलाकात में प्रदेश में संचालित की जा रही विकासकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा, हरियाणा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, कृषि विकास और किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हरियाणा प्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्यों पर 11 फसलों की खरीद करने वाला पहला राज्य है।

# ग्रामीण सरकार को ऑनलाइन दे सकेंगे विकास कार्यों की शिकायत और सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**सीएम और डिप्टी सीएम ने ऑनलाइन पोर्टल ग्राम दर्शन का किया लोकार्पण**

**ग्रामीणों की विकास कार्यों में सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बनाया पोर्टल: मनोहर**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि ग्रामीण अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात चंडीगढ़ में ग्रामीणों के विकास कार्यों संबंधी सुझाव और शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल ग्राम दर्शन का लोकार्पण करने के अवसर पर कही। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, ग्रामीणों की विकास कार्यों में सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल तैयार किया गया है। यह एक सुगम तरीका रहेगा, जिससे कहीं पर भी बैठकर अपनी मांग, सुझाव और शिकायतों को दर्ज किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा, ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग की पांच कामों की प्राथमिकताएं तय करें ताकि ग्रामीणों द्वारा दर्ज की गईं शिकायतों और सुझावों का निवारण विभाग की प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके। शिकायतों को सीएम विंडो से लिंक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम दर्शन पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों को सीएम विंडो के साथ लिंक किया जाएगा, ताकि शिकायतों का दोहराव न हो। मुख्यमंत्री ने ग्राम दर्शन पोर्टल का लिंक जन सहायक एप्प के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए। ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में शिकायत, सुझाव और मांग दर्ज कर सकेगा।



### जनप्रतिनिधि प्रेषित करेंगे सुझाव और शिकायत

ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे। पोर्टल पर सुझाव, शिकायत दर्ज कराने के साथ ही एक आईडी जेनरेट होगी, जो संबंधित आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी। साथ ही आवेदक को समय-समय पर सुझाव, शिकायत पर हुई कार्रवाई की अपडेट सूचना एसएमएस के मध्यम से मिलती रहेगी। आवेदक को ग्राम दर्शन पोर्टल पर शिकयत-सुझाव दर्ज करते समय कम से कम 50 अक्षरों में अपनी बात कहनी होगी। इसके अलावा आवेदक फोटो अपलोड करके अपनी समस्या-सुझाव सरकार को दे सकेंगे। केवल वही आवेदक इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकेगा, जिसका परिवार पहचान पत्र होगा।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शनिवार, 24 जुलाई, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 35.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- एनएच-पांच स्थित मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन: दोपहर दो बजे
- सभी दुकानें खुलेंगी : सुबह नौ बजे
- रेस्टोरेंट और बार तथा माल्स खुलने का समय: सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल में ओपीडी शुरू: सुबह आठ बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू : सुबह नौ बजे
- बल्लभगढ़ रघुवीर कालोनी में मंत्री शर्मा करेंगे धार्मिक, खेल गुरुओं और साहित्यकारों को सम्मान देने का कार्यक्रम : सुबह 8.30 बजे

**निवेश गुरु**

**निवेश** एक संपत्ति या वस्तु है जो आय या प्रशंसा पैदा करने के लक्ष्य के साथ हासिल की जाती है। एक आर्थिक अर्थ में, एक निवेश उन वस्तुओं की खरीद है जो आज उपभोग नहीं किए जाते हैं लेकिन भविष्य में धन बनाने के लिए उपयोग किए जाते हैं। वित्त में, एक निवेश एक मौद्रिक संपत्ति है जिसे इस विचार के साथ खरीदा जाता है कि परिसंपत्ति भविष्य में आय प्रदान करेगी या बाद में लाभ के लिए उच्च कीमत पर बेची जाएगी।


**यूटीलिटी न्यूज**

## राशन डिपो का निरीक्षण करेंगे मंत्री

**फरीदाबाद।** कृष्ण पाल गुर्जर भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री, भारत सरकार शनिवार 24 जुलाई व रविवार 25 जुलाई 2021 को 2 दिन प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत विभिन्न राशन डिपो का दौरा करेंगे। यह जानकारी जिला खाद्य पूर्ति नियंत्रक ने डॉ. अशोक रावत ने यहां देते हुए बताया कि इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री कृषणपाल गुर्जर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, बीपीएल, एएवाई जैसी योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों से विचार-विमर्श कर उन्हें इस संबंध में जागरूक करेंगे और अपने कर कमलों द्वारा इन योजनाओं के अंतर्गत उन्हें राशन वितरित करेंगे।

**क्विक न्यूज**

## भिक्षुक बच्चों को करेंगे चिह्नित



**फरीदाबाद।** मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद शरद फाउंडेशन एनजीओ के साथ मिलकर बच्चा भिक्षुक को चिन्हित करेंगे। उनको फिर इस धंधे से मुक्त कराएंगे। ऐसे बच्चों को पुलिस के द्वारा बाल कल्याण समिति के सामने नियम अनुसार प्रस्तुत किया जाएगा। ऐसे बच्चों को इनके पुनर्वास सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगामी कार्यवाही की जाएगी। इस भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों को मुक्त कराया कर किसी हद तक भिक्षावृत्ति को जिला फरीदाबाद से समाप्त किया जाएगा।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

वो धरती-पुत्र है धरती के जैसा बोझ है ढोता
सभी का पेट भरने खेत में अपना लहू बोता
मवाली कह रहे हैं अन्नदाता को सियासतदां
न तो धरती कहीं फटती न अब ये आसमां रोता

# सेक्टर 15 में भी पानी, बिजली, सीवर, सड़क की समस्या

## वीआईपी, सरमाएदार राजनेताओं के इलाके में भी सुविधाओं को तरस रहे लोग

राजेश दास। फरीदाबाद









**सेक्टर** 15 को फरीदाबाद जिले का दिल एवं सबसे पॉश इलाका माना जाता है। सेक्टर में जिले के वरिष्ठ अधिकारी, राजनेता, प्रदेश व देश के जाने माने उद्योगपति और व्यवसायी रहते हैं। शहर के अन्य इलाकों की हालत तो किसी से छिपी नहीं है, लेकिन इस पॉश सेक्टर के निवासी आज 21वीं सदी में पानी, सीवर जाम, बिजली और जर्जर सड़कों की समस्याओं से जूझ रहे हैं। थोड़ी हवा तेज चलते ही सेक्टर में बिजली गुल हो जाती है। बिजली की वजह से लोगों के घरों में कीमती उपकरण फुंक रहे हैं।

सीवर जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता है। यहां पानी की आपूर्ति दो से तीन दिन बाद होती है। कुछ पॉकेटों में तो एक-एक महीने पानी की आपूर्ति नहीं की जाती। सड़कें जगह-जगह टूट हुई हैं। लेबल ठीक न होने स्टॉर्म वॉटर सिस्टम जाम होने से बरसाती पानी सड़कों पर बहता है। नगर निगम की नाकामी को देखते हुए सेक्टर की आरडब्ल्युए को ज्यादातर काम खुद कराने पड़ रहे हैं। बिजली समस्या को देखते हुए आरडब्ल्युए ने अपना इलेक्ट्रिशियन तक रखा हुआ है। वहीं ग्रीन कूड़ा उठाने की व्यवस्था और पार्कों के रख रखाव का काम भी आरडब्ल्युए को करना पड़ रहा है।

### बिजली फॉल्ट से नुकसान

**पॉश** इलाकों में शुमार सेक्टर 15 में बिजली की समस्या काफी गंभीर है। बिजली निगम की जुगाड़ तकनीकी और लापरवाही के कारण तेज हवा चलते ही सेक्टर में बिजली गुल हो जाती है। कई बार तो आठ से नौ घंटे तक बिजली की आपूर्ति नहीं होती। वहीं बार-बार वोल्टेज कम ज्यादा होने की वजह से लोगों के घरों में उपकरण फुंक रहे हैं। जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। घरों के बाहर लगाए गए बिजली के मीटरों में पानी गिरते ही अक्सर आग लग जाती है। शिकायत करने के बावजूद बिजली निगम द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। सेक्टर के निवासियों का कहना है कि निगम ने लापरवाही बरतते हुए खंबों पर फ्यूज काफी नीचे लगाए हुए हैं। इनमें अक्सर चिंगारियां निकलती रहती है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। फाल्ट होने पर शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होता। जिससे देखते हुए सेक्टर की आरडब्ल्युए ने छोटे मोटे फाल्ट ठीक करने के लिए अपना इलेक्ट्रिशियन रखा हुआ है। बड़ी समस्या होने पर निगम को शिकायत की जाती है।

### सुविधाओं को तरसते लोग

**शहर** के अन्य हिस्सों की तरह सेक्टर 15 के निवासी भी पानी, सीवर और सड़कों की समस्या से परेशान हैं। यहां दो से तीन दिन बाद पानी की आपूर्ति की जाती है। सेक्टर के कुछ पॉकेटों में तो अक्सर एक-एक महीना पानी नहीं आता। ऐसे में लोगों को गुजारे के लिए पानी खरीदना पड़ता है। सीवर जाम की समस्या भी यहां गंभीर रूप धारण करती जा रही है। अक्सर सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगता है। बरसात आने पर सीवर जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। लगातार शिकायत करने पर निगम की सुपर सकर मशीन आती तो है, लेकिन बिना सफाई किये लौट जाती है। यहां सड़कों की स्थिति भी कुछ खास अच्छी नहीं है। मथुरा रोड से प्रवेश करते ही 12-15 की डिवाइडिंग रोड पर गड्ढे देखे जा सकते हैं। इसके अलावा सेक्टर में कई स्थानों पर सड़कें टूटने अथवा दरारें आने गड्ढे बने हुए हैं। कुछ पॉकेटों में तो लोगों ने खुद पैसे इकट्ठे करके सड़कों का निर्माण करवाया है। ऐसे में सेक्टर वासी निगम को टैक्स देने के बाद भी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

### आरडब्ल्यूए कर रहा निगम के काम



**सेक्टर** के निवासियों ने करोड़ों रुपये खर्च करके यहां मकान बनाए हैं। विकास शुल्क इन्होंने भरा हुआ है। समय पर बिजली, पानी और सीवर का बिल भी भर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान खुद ही करना पड़ रहा है। आरडब्ल्युए के प्रधान नीरज चावला ने बताया कि वैसे तो बिजली निगम का स्थानीय स्टाफ मदद करता है। लेकिन अक्सर होने वाले छोटे फाल्टों को ठीक करने के लिए उन्होंने अपना इलेक्ट्रीशियन रखा हुआ है। सेक्टर के 23 पार्कों का रख-रखाव आरडब्ल्युए द्वारा किया जाता है। पिछले डेढ़ साल से नगर निगम ने इसका भुगतान नहीं किया। पार्कों का ग्रीनवेस्ट और घरों का गिला कचरा आरडब्ल्युए अपनी ट्रैक्टर ट्राली से बायो गैस प्लांट में पहुंचता है। पानी की समस्या को देखते हुए आरडब्ल्युए ने लोगों के घरों में पानी पहुंचने के लिए टैंकर भी खरीदा हुआ है। हर तीसरे सप्ताह लोगों के घरों का प्लास्टिक वेस्ट इकट्ठा करके री-साइकिलिंग के लिए भेजा जाता है।

### खुद कराते हैं मरम्मत



**सेक्टर** 15 निवासी जोगेश भाटिया ने बताया कि नियमित रूप से टैक्स देने के बाद भी सीवर लाइन की मरम्मत हमें खुद करानी पड़ती है। वीआईपी इलाका होने के बावजूद पानी, बिजली और सड़क की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। शाम ढलते ही असामाजिक तत्व सड़कों पर घूमते रहते हैं, जो शराब की खाली बोतले लोगों के घरों में फेंकते हैं।

### ढेरों समस्याएं हैं यहां



**सेक्टर** 15 निवासी सीपी कोहली ने बताया कि जरा सी हवा चलते ही बिजली गुल हो जाती है। पानी कई-कई दिनों तक आता नहीं है। सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता है। खंबों पर बिजली के तारों का जाल बना हुआ है। वहीं अब यहां चार मंजिला फ्लैट तेजी से बन रहे हैं। जिससे आने वाले दिनों समस्या और गंभीर हो सकती है।

### कराते हैं समाधान



**फरीदाबाद** विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि यदि इस तरह की समस्याएं हैं तो लोग सीधा उनसे शिकायत कर सकते हैं। संबंधित विभागों के माध्यम से समस्याओं को दूर कराया जाएगा। समस्याओं के समाधान के लिए सेक्टर 11 में उन्होंने कार्यालय स्थापित किया हुआ है। जहां लोगों की शिकायतें सुनने और समाधान कराने के लिए स्टाफ मौजूद है।

### सीमित संसाधनों पर बोझ

**सरकार** ने शहर में चार मंजिला मकान बनाने की अनुमति तो दे दी, लेकिन संसाधन जुटाने की जरूरत महसूस नहीं की। सरकार की अनुमति का फायदा उठाते हुए अन्य इलाकों की तरह सेक्टर 15 में बिल्डर तेजी के साथ सक्रिय हो चुके हैं। इन फ्लैटों का निर्माण भी बिल्डिंग बायलॉज का उल्लघंन करके किया जा रहा है। नियमों के मुताबिक फ्लैट बनाने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर आठ फुट की ऊंचाई की पार्किंग और ऊपर तीन फ्लोर बनाए जा सकते हैं, लेकिन अन्य इलाकों की तरह पार्किंग बनाए बिना चार मंजिला फ्लैट बनाकर बेचे जा रहे हैं। जिससे सेक्टर की जनसंख्या भी बढ़ रही है। फ्लैट बनने के बाद अब इन प्लॉटों पर एक की बजाए चार-चार सीवर, पानी और बिजली के कनेक्शन लग रहे हैं। जिससे पहले से मौजूद संसाधनों पर बौझ लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसका खामियाजा नियमित रूप से विभिन्न तरह के टेक्स देने वाले सेक्टर के आम लोगों को उठाना पड़ रहा है।

# तिरंगा फहराकर वकीलों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**खेल** माहकुम्भ को लेकर हरियाणा के हर जिले में जबरदस्त उत्साह है। हो भी क्यों नहीं देश की आबादी में दो फीसद से कम हिस्सेदारी रखने वाले हरियाणा से राष्ट्रीय औलिंपिक दल में सार्वाधिक 31 खिलाड़ी जो हैं। ऐसे में प्रदेशवासी न सिर्फ ओलंपिक की चर्चा कर रहे हैं वरन टोक्यो पहुंचे खिलाड़ियों की जीत की कामना कर रहे हैं।

कोर्ट परिसर सेक्टर-12 में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने इकट्ठा होकर तिरंगा फहराकर कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आशा प्रकट की कि अबकी बार देश के खिलाड़ी पहले से अधिक मेडल जीतेंगे। हरियाणा स्टाइल कबड्डी और नेशनल कबड्डी के प्रदेश स्तर के खिलाड़ी वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं ने तिरंगा फहराकर अपने देश के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की है। उनका कहना है कि हर अधिवक्ता के अन्दर अपने देश के खिलाड़ियों की जीत को लेकर काफी उत्साह है।

हर अधिवक्ता इस दौरान अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे और यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। इन आयोजनों से प्रदेशवासी व अधिवक्तागण औलिंपिक खिलाड़ियों तक संदेश भेजेंगे कि आप टोक्यो में देश का विजय पताका फहराएं। हम यहां आपकी जीत का तिरागां फहराते रहेंगे।

मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता कंवर दलपत सिंह, एनके गर्ग, राजेश बैंसला, सतबीर शर्मा, ललित बैसला, जगदीश अधाना, कुलदीप जोशी, विजय यादव, अभिषेक, विक्की अधाना, कपील टौगर, अजय भडाना, मनोज कुमार, योगेश नागर, ऋषिपाल शर्मा, नवीन गुप्ता सजंय दीक्षित, सतबीर बासटा, प्रेम चंद, प्रवीन कपासिया, अफाक खान, अमीर खान, सतीश चौहान, गौरव राजपूत आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

# लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं की विजेताओं को मिला पुरस्कार



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएच-तीन** स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए नकद पुरस्कार की राशि को वितरित किया।

प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि लॉकडाउन के कारण विजेता छात्राओं को राशि बांटने का कार्य विद्यालय में आने पर किया। छात्राओं ने डिबेट, पावर प्लांट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्किट और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर पुरस्कार जीता। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की छात्राओं ने ब्लॉक, जिला, मंडल तथा राज्य स्तर पर हुई कानूनी शिक्षा प्रकोष्ठ प्रतियोगिताओं में प्रशंसनीय प्रदर्शन कर लगभग चौरासी हजार रुपये के राशि अलग-अलग चेक के माध्यम से प्राप्त की थी, जिन्हें आज प्राध्यापिका आशा वर्मा के सहयोग से विजेता छात्राओं में वितरित किया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने छात्राओं को कहा कि वर्ष 2021-22 में होने वाली लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं की तैयारी अभी से ही प्रारंभ कर दें ताकि उस में प्रतिभागिता कर और भी अच्छी उपलब्धि प्राप्त कर सकें।

# जोहड़ के पानी से आदर्श गांव अटाली की डिस्पेंसरी जलमग्न





## ग्रामीणों ने जोहड़ की सफाई कराने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आदर्श** गांव अटाली में बरसात अधिक होने के कारण पूरे गांव में पानी भरा हुआ है। बरसाती पानी भरने से गांव जोहड़ ओवरफ्लो हो गया। जिससे यहां बनी आयुष डिस्पेंसरी के भीतर तक पानी भरा हुआ देखा जा सकता है। जोहड़ के पानी के साथ साथ उसमें मौजूद गंदगी भी डिस्पेंसरी और लोगों के घरों में पहुंच गई है।


### डिस्पेसरी में पानी

**बारिश** के कारण जोहड़ का पानी घरों के अदंर चला गया है। गंदे पानी की वजह से घरों से निकलने में भारी परेशानी हो रही है। गंदे पानी से आस पास मच्छर पनप रहे हैं। लोगों में बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। गांव में बनी आयुष विभाग की डिस्पेंसरी में भी करीब दो फुट पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जोहड़ गंदगी से लबालब भरी हई है। पिछले कई वर्षों जोहड़ की सफाई नहीं हुई।

जोहड़ की सफाई और गंदे पानी की निकासी के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों और विधायक नयनपाल रावत से भी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। जोहड़ में करीब तीन फुट हरी घास खड़ी हुई है। जिसमें सांप पनप रहे हैं। आए दिन कोई न कोई हादसा घटित होता रहता है, लेकिन पंचायत व जिला प्रशासन के कानों पर कोई जूं तक नहीं रैगती है। ग्रामीणों ने बताया कि जोहड़ से पानी की निकासी के लिए एक दिन पम्प सेट चलाया गया था। लेकिन बाद में उसे भी बंद कर दिया गया।

लोगों ने बताया कि जोहड़ का पानी आयुष विभाग की डिस्पेंसरी में भी भर गया है। डिस्पेंसरी में गेट तक पानी भरा हुआ है। इसके अलावा डिस्पेंसरी के परिसर में करीब दो फुट पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि जोहड़ की सफाई करवाई जाए और पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए।


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.07.2021 को मुदई सज्जन रावत पुत्र आनन्द सिंह रावत (उत्तराखंड) हाल किरायेदार मकान न. सी-596 एसजीएम नगर फरीदाबाद ने मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर कराया कि उसकी पत्नी मोनिका रावत उम्र 23 साल जो दिनांक 14-07.2021 को दोपहर करीब 5.30 बजे पर आर्यन नेगी बहला फुसला कर भगा ले गया है जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, दाहिने पैर के घुटने पर चोट का निशान, कद 5 फिट 4 इंच। पहनावा नीली शर्ट, काली जीन्स व पैरो में सैन्डिल पहने है। मु.न. 250 दिनांक 17-07.2021 धारा 366 आईपीसी थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद। मिलने पर एसजीएम नगर थाना फरीदाबाद को सूचित करें।

**पुलिस प्रबंधक, थाना एस.जी.एम नगर फरीदाबाद**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बेचेलाल पुत्र छेदालाल हाल किरायेदार मकान न. 2166 ब्लॉक-सी, एसजीएम नगर फरीदाबाद ने हाजिर थान आकर उपरोक्त मुकदमा दर्ज रजिस्टर कराया कि उसकी बेटी अंजना व उम्र 14 साल दिनांक 17.07.21 को सुबह करीब 6.30 बजे घर से बिना बताये कही चली गयी है जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। हुलिया रंग गोरा, पतला शरीर, ठोडी के नीचे काले तिल का निशान कद 5 फिट 2 इंच। पहनावा कथई रंग की टी-शर्ट, लाल रंग की लोवर और पैरो में हवाई चप्पल पहने हुई है। मुकद्मा न. 251 दिनांक 17.07.21 धारा 363 भा.द.स थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद। मिलने पर नीचे लिखे नम्बर पर सूचित करें।

**प्रबंधक अफसर - 9582200130, 0129-2432922**
**अनुसंधान अधिकारी - 9990612555, मुदई - 9582123217**

# कोरोना: दो पॉजिटिव आने से कुल एक्टिव 16

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के शुक्रवार को दो मामले सामने आए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 99762 पर पहुंच गया। वहीं जिले में फिलहाल 16 एक्टिव मामले की बचे है। जिसमें से तीन मरीज अस्पताल में भर्ती है। जिसमें दो ऑक्सीजन पर और एक मरीज वेंटीलेटर पर भर्ती है।

वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि चार मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है।



### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 986151 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99762 |
| अब तक नेगेटिव | : 885810 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 579 |
| ऑक्सीजन पर है | : 2 |
| वैंटीलेटर पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99030 |

# कायाकल्प की टीम ने लिया बीके की सुविधाओं का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** के बादशाह खान सिविल अस्पताल का पलवल से आई कायाकल्प की टीम ने दौरा किया। टीम ने अस्पताल में साफ सफाई की जांच की। अस्पताल में टीम के आने से पहले ही सभी जगह भरपूर सुविधाएं उपलब्ध करा दी गईं, जो आज से पहले कभी अस्पताल में देखने को ही नहीं मिली थी।



जानकारी के मुताबिक जिले के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं और स्वच्छता की जांच करने के लिए कायाकल्प की एक टीम ने शुक्रवार को दौरा किया। टीम ने सबसे पहले अस्पताल के तृतीय तल का दौरा किया और उसके बाद द्वितीय तल व प्रसव वार्ड का दौरा किया। इसके बाद टीम ने अस्पताल के आपातकालीन कक्ष और ओपीडी का दौरा किया। जहां टीम ने बारीकी से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जांच की। दौरे के दौरान अस्पताल का स्टाफ और अस्पताल के अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस बारे में टीम में दौरे पर आए एसएमओ डॉ. लोकवीर ने बताया कि उनके साथ डीक्यूएम डॉ. अंजलि शर्मा और आईसीएन नरवीर को भेजा गया था। टीम ने इस दौरान अस्पताल में कर्मचारियों से बारीकी से कामकाज की जानकारी ली। वहीं इस दौरान अस्पताल में लगे वोल्टेज के बोर्ड की स्पेलिंग को गलत बताते हुए उसे बदलने के निर्देश जारी किए।

इस बारे में अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि अस्पताल में स्वच्छता और मौजूद सुविधाओं की जांच करने के लिए कायाकल्प की टीम ने दौरा किया था। कायाकल्प की टीम ने अस्पताल में मिल रही मरीजों की सुविधाओं और साफ-सफाई की भी जांच की। डॉ. सविता यादव ने बताया कि टीम अपनी रिपोर्ट के आधार पर एक दो दिन में जवाब देगी। उनका कहना है कि टीम ने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं को बेहतर बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारद्वाज ने दिए अध्यापिका के बेटे के इलाज को पैसे



**फरीदाबाद।** आज जब इंसान इंसान को देख कर घबरा रहा है और इस डर के माहौल में भी ऐसे इंसान हैं जो वास्तव में इंसानियत का धर्म निभा रहे हैं यह कहना है मिशन जागृति की साथी संतोष अरोड़ा का। उन्होंने बताया कि सुनीता चन्ना जोकि सेक्टर 50 डबुआ कॉलोनी में रहती है उनका 17 साल का बेटा जिसका नाम है भव्य चन्ना जोकि चार मई को मेट्रो हॉस्पिटल में टीबी की गंभीर बीमारी के कारण भर्ती हुआ। जिसमें उनकी दो बार ऑपरेशन हुआ। दो महीने तक वह वेंटिलेटर पर रहा फिर एक बार उसके दिमाग का भी ऑपरेशन हुआ। चन्ना एक विधवा है और एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापिका है। जिनकी मासिक आय बहुत ही कम है और बेटे के इलाज के लिए उन्हें लगभग 38 लाखों रुपए की जरूरत है। संतोष अरोड़ा ने बताया कि सुनीता चन्ना के बेटे के बारे में प्रवीण भारद्वाज को जब पता चला तो उन्होंने तुरंत ही उनकी मदद करने की ठानी। प्रवीण भारद्वाज ने मिशन जागृति के माध्यम से उनकी इलाज के मदद के लिए 81000 का दान दिया। जोकि उनके लिए काफी मददगार साबित होगा। मिशन जागृति के कोषाध्यक्ष महेश आर्या के द्वारा उनको 81000 का चेक भेंट किया। इस अवसर पर दिनेश राघव, अशोक भटेजा, राजेश भूटिया उपस्थित रहे।

### सांसें मुहिम द्वारा जन्मदिन पर किया पौधारोपण



**फरीदाबाद।** युवा आगाज के संयोजक जसवंत पवार के द्वारा चलाई गई सांसें मुहिम के अंतर्गत शहर में मानसून की दस्तक से पहले लगातार पौधारोपण व पौधा वितरण कार्यक्रम तेजी से चल रहा है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेसी नेता विजय प्रताप के जन्मदिन पर पौधारोपण किया गया पौधा रोपण करते समय विजय प्रताप ने कहा कि पेड़ है तो मनुष्य का जीवन सुरक्षित है और जब हमें शुद्ध वायु मिलेगी तो हम बीमारियों से भी बच सकते हैं इसलिए हम सबको मिलकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु व सुंदर वातावरण दे सकें और जिस तरीके से सांसें मुहिम पर्यावरण के क्षेत्र में रात दिन काम कर रही है आने वाले समय सांसें मुहिम पर्यावरण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर सांसें महिम के संयोजक जसवंत पवार ने कहा कि सांसें मुहिम का एक ही लक्ष्य की हर व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाएं और उसे वृक्ष बनाए वह यह पौधा अपने जन्मदिन पर, किसी खुशी के मौके पर, शादी की सालगिरह पर, किसी की याद में भी लगा सकते हैं जिससे कि वह पौधा एक यादगार निशानी के तौर पर हमेशा जिंदा रहेगा। इस मौके पर पौधा रोपण करते समय विजय प्रताप जी, प्रेम सैनी,जसवंत पवार, हिमांशु भट्ट, दीपक आजाद, गंभीर और रोहित मौजूद रहे।

### यूनिवर्सल अस्पताल ने लकवा ग्रस्त मरीज को दिया नया जीवन

**फरीदाबाद।** यूनिवर्सल अस्पताल ने लकवा ग्रस्त एक मरीज का सफल इलाज करते हुए उसे नया जीवनदान दिया है। नसें व हृदय रोग विशेषज्ञ डा. शैलेश जैन ने बताया कि मरीज पुरुषोत्तम जो गांव पल्ला का रहने वाला है। सुबह जब सो कर उठा तो महसूस किया कि उसका अचानक से बाईं तरफ का हाथ-पैर काम नहीं कर रहा है तथा मुंह भी टेढ़ा हो गया है। उसके परिजन उसे तुरंत यूनिवर्सल अस्पताल लेकर आये। यहां अस्पताल में फिजिशियान डॉ. संजीव ने उसका निरीक्षण किया। मरीज किसी तरह का व्यसन जैसे बीड़ी-सिगरेट, तम्बाकू व शराब का सेवन नहीं करता था, न ही उसे ब्लड प्रेशर व शुगर या किसी अन्य तरह कोई बीमारी नहीं थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि दिमाग के बाईं साइड के हिस्से में दिक्कत है जिसकी वजह से लफ्ट साइड में पूरा लकवा हो गया है। मरीज का तुरंत एमआरआई कराया गया, एमआरआई में यह पाया गया कि दिमाग के दो हिस्सों में से एक में खून का थक्का जमा हो रखा था, साथ ही जो रक्त वाहिनी दिमाग को खून की आपूर्ति करती है उस रक्त वाहिनी के अंदर 99 प्रतिशत ब्लाकेज था।

### सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है आपकी बेटी हमारी बेटी

**फरीदाबाद।** महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देने के लिए सरकार द्वारा महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। जिनमें से लड़कियों के लिए शुरू की गई आपकी बेटी हमारी बेटी योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। उपायुक्त यशपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से लड़कियों के कल्याण के लिए आपकी बेटी हमारी बेटी योजना शुरू की गई है। शिशु लिंगानुपात को बढ़ाना और बालिकाओं को शिक्षा के उचित अवसर प्रदान करना ही योजना का मुख्य उद्देश्य है। योजना के तहत जो लड़कियां 22 जनवरी 2015 को या उसके बाद जन्मी है, उनका योजना के अंतर्गत 21000 रुपये का बीमा कराया जाता है। यह बीमा राशि बेटी के 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद उन्हें दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति या बीपीएल परिवार चाहे वह परिवार किसी भी जाति से संबंध रखता हो, यह लाभ पहली बेटी के जन्म पर ही दिया जाता है। इसके अलावा यदि किसी परिवार में दूसरी या तीसरी बेटी का जन्म होता है तो भी ये लाभ दिया जाता है।

### विजय प्रताप को भेंट की बजरंग बली की प्रतिमा



**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप के जन्मदिवस पर युवा कांग्रेस के बडखल विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सागर कौशिक के नेतृत्व में युवा कांग्रेसी कार्यकताओं ने विजय प्रताप के सैनिक कालोनी निवास पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाई व स्मृति चिह्न के रूप में बजरंगबली की सुन्दर प्रतिमा भेंट की। सागर कौशिक ने कहा कि चौ.विजय प्रताप आज युवाओं की पहली पसंद है। उन्होंने कहा कि विजय प्रताप की सादगी एवं उनका कुशल व्यवहार ही है जो युवा भारी संख्या में उनकी और आर्कषित हो रहे है। उन्होंने कहा कि विजय प्रताप के उचित मार्गदर्शन व सही दिशा निर्देश में पार्टी ने नई ऊचांइयों को छुआ है। सागर कौशिक ने कहा कि विजय प्रताप पार्टी का कोहिनूर हीरा जिनके व्यक्तित्व व राजनीतिक समझ का सत्तापक्ष भी कायल है। इस अवसर पर चौ.विजय प्रताप सिंह ने कहा कि आपका प्यार ही मेरी ताकत है। उन्होनें कहा कि आज के दिन को यादगार बनाने के लिए में सागर कौशिक और उनकी पूरी टीम का खासतौर पर धन्यवाद करता हुं।

# नए आदेश : हवाई अथवा रेल यात्रा को दिखाना होगा वैक्सीनेशन सर्टीफिकेट

**जिले में शुक्रवार को 5279 लोगों ने लगवाया टीका**

कविता। फरीदाबाद

**कोरोना** के घटते मामलों और बढ़ते वैक्सीनेशन के बीच तमाम राज्य सरकारें छूट दे रही हैं। कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज ले ली हैं तो आपको एयरपोर्ट पर कोरोना की नगेटिव रिपोर्ट नहीं दिखानी होगी, लेकिन वैक्सीन की दोनों डोज लेने का सर्टीफिकेट दिखाना होगा।

जिले में वैक्सीन की डोज लगवाने के लिए रोजाना सैकड़ों की भीड़ लग रही है। मगर विभाग द्वारा वैक्सीन लगाई ही नहीं जा रही है। जिलेभर में जगह-जगह फ्री वैक्सीन के बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं, लेकिन शहर में वैक्सीन का सकंट बना हुआ है। शुक्रवार को 5279 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं शनिवार को जिले के किसी सेंटर पर टीका नहीं लगाया जाएगा।



### लग रही लम्बी लाइनें

**शहरवासी** वैक्सीनेशन को लम्बी लाइनों में सुबह पांच बजे पहुंच कर रात आठ बजे तक लगे रहते हैं, तब जाकर वैक्सीन उन्हें लगती है। पिछले दो दिनों से बीके अस्पताल में हजारों की भीड़ पहुंच रही है।

अब पैसेंजर्स के लिए नए आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्देश जारी किए हैं कि अगर आपने कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज ले ली है तो आपको एयरपोर्ट पर आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट नहीं देना होगी। कुछ स्थानों पर उन्हें एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर टेस्टिंग कराने की कोई जरूरत नहीं हैं, लेकिन यात्रियों को इसका सर्टिफिकेट दिखाना होगा।

### समाप्त हो गई डोज

**शुक्रवार** को पूरे जिले में केवल निजी और बीके अस्पताल में ही डोज लगाई गई। जिसके कारण भीड़ में हजारों की संख्या में लोग लम्बी लाइन में लग गए, लेकिन दोपहर को 12 बजे के आसपास ही डोज समाप्त हो गई। जिसकी सूचना पब्लिक में तेजी से फेल गई और हंगामा शुरू हो गया। वहीं महिलाओं की दो लाइने लग गई। जिस पर वहां तैनात पुलिसकर्मी की तरफ से महिला पुलिसकर्मी को बुलाया गया, लेकिन भीड़ इसके बाद भी काबू में नहीं हो पाई।

### लगा टीका

**जिले** में शुक्रवार को कुल 5279 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया, लेकिन इसमें निजी अस्पतालों में 2558 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं जिले में हेल्थ केयर वर्करों में 316 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं 23 फ्रंट लाइन वर्करों को टीका लगा। वहीं 18 प्लस आयुवर्ग में 3345 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में 1595 लोगों को टीका लगा।

# एक साल की फीस से ज्यादा जुर्माना वसूल रही एमडीयू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के 206 छात्रों से 8000-8000 रुपये वसूल रही है एमडीयू**

**एनएसयूआई** हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में छात्रों ने अपने रुके हुए रिजल्ट को लेकर और अवैध जुर्माना माफ करवाने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरु कॉलेज के प्राचार्य एमके गुप्ता को हरियाणा के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, एमडीयू के वाइस चांसलर और एग्जाम कंट्रोलर के नाम ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि हाल ही में प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है जिसमें अकेले पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के 206 छात्रों के परीक्षा परिणाम में नॉट एलिजिबल आया हैं। जिसे हटवाने के लिए छात्रों को 3000 रुपये जुर्माना के रूप में देने हैं। इस जुर्माने को लगभग सभी छात्र दे भी चुके हैं, लेकिन छात्रों का परीक्षा परिणाम नहीं आया है। इस जुर्माने से अलग कंटिन्यू रजिस्ट्रेशन के नाम पर 5000 रुपये का जुर्माना और मांगा जा रहा है। जिसके बाद छात्रों का रुका हुआ परीक्षा परिणाम घोषित होगा। इस तरह से एक छात्र को अपना परीक्षा परिणाम घोषित कराने के लिए 8400 रुपये का जुर्माना देना होगा जिसमें से 400 कॉलेज की तरफ से दिए जाएंगे और 8000 रुपये प्रत्येक छात्र को देने हैं।

कृष्ण अत्री ने कहा कि जिस समय दाखिला होता है उसी समय छात्रों से सभी दस्तावेज ले लिए जाते हैं फिर उसके बाद दोबारा से छात्रों से कागजात मांगने का और कागजात के नाम पर अवैध जुर्माना वसूलने का कोई औचित्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब अकेले नेहरू कॉलेज में 206 छात्र हैं तो बाकी अन्य कॉलेजों में न जाने कितने छात्र परेशान होंगे। अत्री ने कहा कि सरकारी कॉलेजों में ज्यादातर गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवार के छात्र पढ़ते हैं। सरकारी कॉलेजों में इतनी फीस एक साल की नहीं होती जितना अब जुर्माने के रूप में वसूले जा रहे हैं।

# रेडक्रॉस और रोटरी के माध्यम से टीबी के मरीजों को प्रोटीन डाइट वितरित



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** रेडक्रॉस सोसायटी एवं रोटरी क्लब हेरिटेज के माध्यम से टीबी के मरीजों को प्रोटीन डाइट डिस्ट्रीब्यूशन का कार्यक्रम राजस्थान भवन सेक्टर 10 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, रोटरी असिस्टेंट गवर्नर सुनील गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि संस्था के द्वारा 60 लोगों को टीवी प्रोटीन डाइट डिस्ट्रीब्यूशन वितरित किया है। हमारे द्वारा समाज में समरसता बनी रहे इसे देखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की आवश्यकता होती है तो हम निरंतर सहयोग करेंगे। रोटरी क्लब हेरिटेज के प्रधान शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्था के माध्यम से समाज हित के कार्यों में निरंतर परिवर्तनशील रहती है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर यह कार्य करने का हमें अवसर प्राप्त हुआ है। आगे भी समाज हित के लिए हम सदैव सहयोग के लिए अग्रसर रहेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक पुरुषोत्तम सैनी सहायक ने बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान लोगों की नौकरियां, व्यापार पहले की तरह सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं। मंच का संचालन विमल खंडेलवाल ने किया। साथ ही उन्होंने टीबी के मरीज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का शपथ पाठ कराया। वहां पर उपस्थित सभी लोगों ने विश्वास दिलाया कि समय पर अपनी दवाई अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। सह सचिव बिजेन्दर सौरोत द्वारा आए हुए अतिथियों का सम्मान धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, रोटरी असिस्टेंट गवर्नर सुनील गुप्ता, प्रधान शिव कुमार गुप्ता, रेडक्रॉस सहसचिव बिजेन्दर सोरौत, पुरुषोत्तम सैनी (सहायक) समाजसेवी विमल खंडेलवाल, उपप्रधान डीबी गर्ग, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मधु भाटिया, ओसी शर्मा, अशोक गुप्ता, संदीप गोयल, सतीश गुप्ता, रूप राम शर्मा, आशा रानी एवं अपने समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला अवैध फार्म हाउस भी तोड़े जाएं

नम्रता चंजोत्रा। फरीदाबाद

**नए आदेश जारीः नहीं रूकेगी खोरी में तोड़फोड़, तोड़े जाए अवैध निर्माण**

**सुप्रीम** कोर्ट के आदेश पर खोरी वन क्षेत्र से अवैध निर्माण हटाए जाने के मामले में नगर निगम ने अपनी कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जमा करा दी थी।

वहीं दूसरी तरफ मजदूर आवाज संघर्ष समिति खोरी गांव द्वारा भी उठाया गया मजदूरों के आवास के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में केस डाला गया था। दोनों मामलों की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने तोड़फोड़ की कार्रवाई रोकने से इंकार करते हुए अरावली वनक्षेत्र में बने फार्म हाउसों को भी तोड़ने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### ये दिए हैं निर्देश

**सुप्रीम** कोर्ट ने ये साफ किया कि किसी भी प्रकार के निर्माण को वनक्षेत्र की जमीन पर जगह नहीं दी जाएगी। गरीबों के आशियाने अगर ध्वस्त हो रहे हैं तो बड़े फार्म हाउस जो वनक्षेत्र की जमीन पर हैं, उन्हें भी गिराया जाए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 31 जुलाई तक फरीदाबाद नगर निगम पुनर्वास पालिसी को जारी किया जाए। साथ ही याचिकाकर्ताओं के विचारों पर भी गौर करें।



### ये है पूरा मामला

**सात जुलाई** को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस खानविलकर ने खोरी गांव की बेदखली के आदेश जारी किए। उस आदेश के बाद नगर निगम ने लगभग 5000 से ज्यादा घरों को पिछले सप्ताह में धराशाई कर दिया। एक लाख की आबादी वाला क्षेत्र जहां पर 10000 से ज्यादा परिवार रहते हैं। नगर निगम के द्वारा उन्हें घर तो उपलब्ध कराये जाने की बात कही गई, लेकिन इस पुनर्वास की नीति में 2021 तक मजदूरों के पास उनके पहचान पत्र वोटर आईडी कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बिजली के बिल में से किसी एक दस्तावेज का होना आवश्यक बताया है। साथ ही 17000 रुपये की पहली किस्त मजदूर द्वारा जमा कराई जाना एवं प्रतिमाह 2500 रुपये की राशि नगर निगम फरीदाबाद को जमा कराना आवश्यक रूप से निहित किया गया है। यही नहीं परिवार को अपना आवेदन प्रस्तुत करने के लिए नगर निगम के पास जाना पड़ेगा। पॉलिसी में कई प्रकार की कमियां निहित है।

# पति ने पत्नी के चेहरे पर फेंका तेजाब, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष सफदरजंग अस्पताल में पीड़ित विवाहिता से मिलीं**

**मामला** फरीदाबाद के थाना पल्ला एरिया का है जिसमें पुलिस ने एक आरोपी पति अब्दुल कादिर को दहेज प्रताड़ना एवं एसिड अटैक के आरोप में काबू किया है। आरोपी का नाम अब्दुल कादिर है जो फरीदाबाद की हरकेश कॉलोनी का रहने वाला है।

मामले की जानकारी मिलते ही दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पीड़िता से मुलाकात की। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि लड़की का चेहरा 35 प्रतिशत झुलस गया है और वो अभी बातचीत करने की हालत में नहीं है।

पीड़ित महिला के भाई इम्तियाज ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह माड़ीपुर, मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला है और पिछले कई सालों से दिल्ली में रह रहा है, बहन की शादी फरीदाबाद की हरकेश कॉलोनी के रहने वाले अब्दुल कादिर के साथ की थी। शादी के महज कुछ दिन बाद ही आरोपी पति उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा और अपने लिए महिला के मायके से सोने की चेन व हाथ के लिए सोने का ब्रेसलेट लाने की मांग करने लगा। पीड़िता के भाई ने बताया कि शादी के समय उन्होंने अपनी हैसियत के हिसाब से दान-दहेज दिया था परंतु उससे आरोपी का पेट नहीं भरा तो उसने उसकी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला के परिजनों ने सामाजिक तौर पर आरोपी को समझाने की बहुत कोशिश की लेकिन आरोपी ने महिला को तंग करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

22 जुलाई को महिला के परिजनों के पास सूचना प्राप्त हुई की महिला के पति ने दहेज संबंधित इसी झगड़े के चलते उसके चेहरे पर गरम तेल, तेजाब फेंक दिया है जिससे वह झुलस गई है।

# दुर्व्यवहार के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कर्मचारियों** के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और निगम के अधिकारियों द्वारा आये दिन प्रताड़ित करने को मामले को लेकर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन के बैनरतले सब डिवीजन छांयसा के प्रांगण में यूनिट ग्रेटर फरीदाबाद प्रधान सुनील कुमार की मौजूदगी में गरजते हुए निगम अधिकारियों के खिलाफ कर्मचारियों ने नारेबाजी की।


फरीदाबाद सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि आज फरीदाबाद का तमाम कर्मचारी बिना टी एंड पी यानी सुरक्षा से संबंधित उपकरणों के अभाव में काम करने को मजबूर है। जबकि आयेदिन मौसम के मिजाज को देखते हुए फील्ड का कर्मचारी अपने उपभोक्ताओं को बिजली के प्रति किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिये दिनरात प्रयास करते हुए बिना संसाधनों के इसे सुचारू रूप से चलाने का प्रयत्न करता है और विषम परिस्थितियों में काम करने को विवश है। बिजली निगम फरीदाबाद सर्कल के अधीक्षण अभियंता आयेदिन कर्मचारियों के कामों को लटकाते हैं और जानबूझकर यूनियन से टकराव की परिस्तिथियां पैदा करते हैं।



प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने बताया कि एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने बल्लभगढ़ के छायंसा सब डिवीजन पर कर्मचारियों की ग्रीवेंसेज जानने हेतु एक बैठक की। इसके बावजूद आयोग की सचिव मीनाक्षी राज का यह बयान कि कर्मचारी और अधिकारियों पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत जुर्माना लगाना अपने आप में कर्मचारी व अधिकारियों के मनोबल को तोड़ने वाला है। हरियाणा प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे नंबर पर आना अपने आप में गौरवशाली है।

# बर्ड फ्लू के खतरे से रहे सावधान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कोरोना** की महामारी से जूझ रहे देश से एक नए संकट ने चिंता पैदा कर दी है। देश में बड़े फ्लू (इंफुएंजा वायरस का स्ट्रेन जो पक्षियों को चपेट में लेता है) की वजह से पहली मौत का रिपोर्ट किया गया है। मामले में दिल्ली के एम्स में भर्ती एक 11 साल से बच्चे की मौत की पुष्टि बर्ड के कारण की गई है। इसलिए आमजन को कोरोना के साथ बर्ड फ्लू के खतरे से सावधानी बरतने की जरूरत है। यह बात मेट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद के आंतरिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पवन खरबंदा ने कही।

डॉक्टर पवन खरबंदा ने बताया कि बर्ड फ्लू एवियन इंफ्लूएंजा वायरस (एच-5 एन-1) की वजह से होता है। यह एक वायरल इंफेक्शन है जो संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले अन्य पक्षियों, जानवरों और इंसानों में फैलता है। बर्ड फ्लू कई तरह के होते हैं, लेकिन (एच-5 एन-1) पहला ऐसा एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस है जो इंसानों को संक्रमित करता है। बर्ड फ्लू प्रवासी जलीय पक्षियों खासतौर से जंगली बतख से प्राकृतिक रूप से फैलता है। यह पालतू मुर्गियों में आसानी से फैल जाता है। यह बीमारी संक्रमित पक्षी के मल, नाक के स्त्राव, मुंह के लार या आंखों से निकलने वाली पानी के संपर्क में आने से होती है। संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले जानवर और इंसान इस वायरस से आसानी से संक्रमित हो जाते हैं। यह वायरस इतना खतरनाक होता है कि इससे मौत भी हो सकती है। इसके फैलने का सबसे ज्यादा खतरा मुर्गीपालन से जुड़े लोगों को होता है। इसके अलावा संक्रमित जगहों पर जाने वाले, संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले, कच्चा या अधपका मुर्गा-अंडा खाने वाले या संक्रमित मरीजों की देखभाल करने वाले लोगों को भी बर्ड फ्लू हो सकता है।

### इलाज

**डॉ. पंकज** ने बताया कि बर्ड फ्लू का अलग-अलग तरीकों से इलाज किया जाता है, लेकिन ज्यादातर मामलों में एंटी वायरल दवाएं दी जाती हैं। लक्षण दिखने के 48 घंटों के भीतर इसकी दवाएं लेनी जरूरी होती हैं। इंफ्लूएंजा से बचने के लिए फ्लू की वैक्सीन लगवाने लगवा सकते हैं।

**JOTINDRA STEEL AND TUBES LTD.**
14/3, Mathura Rd. Sec-45, Faridabad-121010, Haryana
Lic. No. 52 of 2019 Dated: 07/03/2019 | HRERA No. 112 of 2019 Dated: 11/04/2019

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform you that despite, repeated reminders the following applicants have neither reverted nor paid the payment of due installment in terms of Haryana Affordable Housing Policy 2013.

**App. No's.: 905,2278,2825,1552,2826,1659,2196,1031,1780,292,13, 1845,1970,2704,2418,2457,2097,1902,1863,1049,2724,1443,1621, 273,368,1551,1822,2039,2722,699,1332,2049,1380,2762,1851,757, 1856,344,283,284,1984,2815,1471,1223,1154,2798,1394,2278,2827, 1307,2715,2503,2825,1552,2826.**

All above applicants are requested to pay their due amount within 15 days from this notice, otherwise the allotment shall be cancelled, as per Haryana Affordable Housing Policy 2013.
Note: Please ignore, if already paid.
**Place: Faridabad** **Satish Kr. Gupta**
**Date: 24.07.2021** *C.F.O*

# फ्लैट का कब्जा देने में देरी पर एम्मार कंपनी को मुआवजा देने के आदेश

### हरेरा ने इस मामले में सुनवाई करते हुए दिया है आदेश

### एम्मार गुड़गांव ग्रीन्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाई खुशी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम में एम्मार कंपनी द्वारा फ्लैट देने में देरी पर कंपनी को हरेरा द्वारा जुर्माना लगाए जाने की खुशी मनाते खरीदार।

**सेक्टर**-102 स्थित एम्मार गुड़गांव ग्रीन्स के खरीदारों की एम्मार इंडिया लिमिटेड पर बड़ी जीत हुई है। हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) में गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी के 38 केस फैसले के लिए सूचीबद्ध थे। हरेरा कोर्ट ने एम्मार इंडिया लिमिटेड कंपनी को इन सभी शिकायतों का निपटारा करने का आदेश देते हुए कंपनी को फ्लैट आवंटित करने में देरी पर मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। एम्मार गुड़गांव ग्रीन्स के खरीददारों की तरफ से अधिवक्ता जगदीप कुमार श्योराण ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि एमआर गुड़गांव ग्रीन्स सेक्टर-102, द्वारका एक्सप्रेस, गुरुग्राम के रेजीडेंट्स का पक्ष रखते हुए हमने विश्व की नामी कंपनी एम्मार के विरुद्ध अभूतपूर्व विजय हासिल की है। उन्होंने बताया कि लगभग सभी मामले उन लोगों के थे, जिन्होंने 2018 में दो से तीन साल की देरी से बिल्डर द्वारा कब्जा दिया था। बिल्डर द्वारा दिए गए हर्जाने से वो सन्तुष्ट नहीं थे। कुछ वो लोग भी थे, जिन्होंने मूल खरीदार से मकान खरीदा और बिल्डर द्वारा मकान बनाने में देरी के बावजूद ऐसे मकान खरीदारों को कोई हर्जाना नहीं दिया गया।

हरियाणा रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) गुरुग्राम द्वारा दिया गया फैसला अभूतपूर्व है। सभी मकान खरीदार हर्जाने के हकदार हैं। संदीप फोगाट ने बताया कि वो बहुत लम्बे समय से बिल्डर के साथ संघर्ष कर रहे थे। आज का फैसला बहुत बड़ी जीत है। इस जीत पर लोगों ने खुशी भी मनाई।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत, जोहड़ में मिला शव



**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**शहर** के वार्ड 18 निवासी किशोर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। किशोर जिला नूंह के गांव पीपाका में जोहड़ के अंदर मृत मिला। युवक गुरुवार को अपने दोस्तों के साथ घर से गया था।

बिहार मूलरूप निवासी नितेश उर्फ मुरारी पुत्र रामजीत सिंह गुरुवार को अपने चार दोस्तों के साथ घर से गया था। नितेश जब देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने इसकी शिकायत सिटी पुलिस चौकी में की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने नितेश उर्फ़मुरारी की तलाश शुरू। करीब दो घंटे में पुलिस मृत के मोबाइल फोन की लुकेशन से नूंह जिला के गांव पीपाका में पहुंच गई। नितेश उर्फ़ मुरारी का शव जोहड़ में तैरता हुआ मिला। शुक्रवार सुबह घटना स्थल पर पहुंची तावडू थाना पुलिस ने जोहड़ में से मृतक नितेश उर्फ़ मुरारी का शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### पुलिस जुटी मौत का राज जानने में

**सोहना** सिटी थाना पुलिस मृतक नितेश उर्फ़ मुरारी की मौत का राज जानने में जुट गई है। क्योंकि जिस जोहड़ में मृतक का शव मिला था। वहा पर उसके कपड़े नहीं मिले हैं। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया पुलिस उन युवकों की पहचान कर रही है। जिनके साथ नितेश उर्फ़ मुरारी घर से गया था। ताकि नितेश उर्फ़ मुरारी की मौत होने का खुलाशा हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### गवर्नर को पुलिस के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



**गुरुग्राम।** हरियाणा के नवनियुक्त गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय पदभार ग्रहण करने के बाद जिला गुरुग्राम में पहली बार पहुंचे। उन्हें यहां पीडब्ल्यूडी लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राज्यपाल का शुक्रवार को दिल्ली में राष्ट्रपति से मुलाकात करने का कार्यक्रम था। इसके तहत रात्रि ठहराव के लिए वे गुरुवार को देर सांय गुरुग्राम के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह पहुंचे थे। गुरुग्राम आगमन पर जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद, भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पुलिस आयुक्त केके राव, अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और डीसीपी दीपक सहारण भी उपस्थित रहे। गुरुवार को महामहिम के गुरुग्राम आगमन के संबंध में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देने के लिए हरियाणा पुलिस की टुकड़ी द्वारा पूरी तैयारियां की गई थी। राज्यपाल चूंकि सूर्यास्त के बाद गुरुग्राम पहुंचे थे, इसलिए यह कार्यक्रम शुक्रवार सुबह तक टाल दिया गया था। गुरुवार को राज्यपाल के रात्रि ठहराव के दौरान गुरुग्राम के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। शुक्रवार सुबह गार्ड ऑफ ऑनर के उपरांत राज्यपाल अपने आगामी कार्यक्रम के तहत दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गए।

### अर्शप्रीत सिंह बने हरियाणा राज्य के रनर अप चैस चैंपियन



**गुरुग्राम।** हरियाणा शतरंज संघ द्वारा ओपन वर्ग में करवाई गई ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता में गुरुग्राम के 12 वर्षीय एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अर्शप्रीत सिंह बने हरियाणा राज्य के रनर अप विजेता। दो दिन चलने वाली वर्ग की प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 जुलाई को किया गया। यह प्रतियोगिता छह चक्रों में राउंड स्विस लीग आधार में खेली गई। प्रतियोगिता के आधार पर अगले सप्ताह होने वाली नेशनल सीनियर ओपन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अर्शप्रीत सिंह हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। मार्च 2021 में आयोजित हुई गुरुग्राम सीनियर ओपेन चेस चैम्पियनशिप के विजेता अर्शप्रीत सिंह ही थे। वह गुरुग्राम का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। खेल का बखूबी प्रदर्शन करते हुए गुरुग्राम का नाम रोशन किया। इस मौके पर गुरुग्राम चैस एसोसिएशन के सचिव राजपाल चौहान ने अर्शप्रीत सिंह और उनके माता पिता को बधाई दी। नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

### ट्रक चालक से मारपीट कर 20 हजार रुपये लूटे

**पलवल।** हथीन थाना इलाका स्थित एक ट्रक चालक का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करने व उसके साथ लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार यूपी जिला गौतमबुद्ध नगर मंहदीपुर निवासी जावेद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह ट्रक पर चालक का काम करता है। 21 जुलाई को पलवल के गांव धीरंकी रोड पर कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोककर ट्रक को रुकवाया और उसके साथ मारपीट कर उससे 20 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने मामले में शिकायत के आधार पर सलीम सहित पांच-छह अन्यों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बैंक कर्मचारी से मारपीट

**पलवल।** चांदहट थाना इलाका स्थित कॉपरेटिव बैंक कर्मचारी के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांव घोड़ी निवासी कर्मवीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह कॉपरेटिव बैंक में कर्मचारी है। पांच जुलाई को उसके साथ व उसकी टीम के साथ गांव निवासी विक्रम ने मारपीट की सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का काम किया है। पुलिस ने मामले में शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**पलवल।** मुंडकटी थाना इलाका स्थित सड़क हादसे में एक की मौत हो गई। आरोपी वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांव लाहिना निवासी समय ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 21 जुलाई को उसके पिता बीधूराम किसी काम से कहीं गए हुए थे। रास्ते में उनको किसी वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता गंभीर तौर पर घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### किशोरी से छेड़छाड़, दी जान से मारने की धमकी

**पलवल।** एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी करने व उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार एक 15 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके पड़ोस में कुछ शरारती किस्म के लड़के रहते हैं वो उसे रास्ते में आते-जाते छेड़ते हैं। सात जुलाई को वह अपनी चाची के साथ सब्जी लेने के लिए जा रही थी तो रास्ते में युवकों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के चलते प्रशासन तैयारियों में जुटा

### उपायुक्त ने की सिविल डिफेंस तथा सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**गुरुग्राम।** कोरोना की तीसरी लहर आने की आशंका के चलते इस लहर से निपटने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उपायुक्त डा. यश गर्ग ने शुक्रवार को सिविल डिफेंस तथा सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा नामक संस्था के प्रतिनिधियों के साथ इस लहर से निपटने को लेकर बैठक की। बैठक में संस्था के प्रतिनिधि ने कहा कि जिले में उनकी संस्था से जुड़े लगभग 2 हजार डॉक्टर सेवाएं देने को तैयार हैं।

उपायुक्त ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के चलते जरूरी है कि जिला प्रशासन द्वारा समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जरूरत अनुरूप लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि हमें समय रहते अपनी सभी तैयारियां ग्राउंड लेवल पर पूरी करनी होगी जिसमें जिला की सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं को एकजुटता के साथ काम करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि यदि महामारी की कोई और लहर आती है तो उसके बेहतर प्रबंधन व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संस्था के सभी डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग प्रशिक्षित करें। इसके उपरांत इन डॉक्टरों से जरूरत अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं ली जाएंगी। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सिविल डिफेंस की डिप्टी कंट्रोलर एवं गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चैधरी से कहा कि सिविल डिफेंस द्वारा कोरोना की दूसरी लहर के दौरान अच्छा कार्य किया गया। अब सिविल डिफेंस के वालंटियर बढ़ाने की जरूरत है। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जिला में सिविल डिफेंस के 850 वालंटियर हैं।

## बारिश से बर्बाद फसलों के मुआवजे को किया दौरा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



खंड फर्रुखनगर में बरसात से खराब हुई फसलों का निरीक्षण करते अधिकारी।

**क्षेत्र** में हुई मूसलाधार बरसात के चलते बाजरा, कपास, ज्वार, सब्जी आदि की फसल जल भराव के कारण नष्ट होने से क्षेत्र के किसानों ने नष्ट हुई फसलों का मौका मुआयना करने के एसडीएम पटौदी प्रदीप कुमार के आदेशानुसार नायब तहसीलदार रणसिंह गौदारा, कानूनगो बीर सिंह, हल्का पटवारी सिद्धार्थ, मंजीत, अनिल कुमार, सरपंच विनोद वाल्मीकि खुर्रमपुर आदि के साथ खण्ड के दो दर्जन गांवों का दौरा किया।

नायब तहसीलदार रणसिंह गौदारा ने पीड़ित किसानों को आश्वासन देते हुए हल्का पटवारियों व गिरदावर को मौका रिपोर्ट तैयार करके जल्द सौंपने के आदेश दिए। बतां दे कि गुरुवार को बरसात के जलभराव के कारण नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर दर्जनों किसानों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम नायब तहसीलदार फर्रूखनगर रणसिंह गौदारा को खुर्रमपुर के सरपंच विनोद वाल्मीकि की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सरपंच विनोद वाल्मीकि खुर्रमपुर, विजयपाल नम्बरदार, सुरेन्द्र नम्बरदार, प्रहलाद यादव, रमेश नम्बरदार जोनियावास, जितेन्द्र, मोनू, अत्तर सिंह, रामफल, राजू, रविन्द्र, राजकुमार, जगरूप सिंह पंच, राव सुरेन्द्र सिंह, हरकेश खेड़ा आदि किसानों ने बताया कि 19 जुलाई को हुई भारी बरसात के कारण व पटौदी, मानेसर आदि क्षेत्र से आये तेज भाव से बरसाती पानी के कारण खुर्रमपुर, खुर्रमपुर खेड़ा, गढ़ी नत्थे खां, मुशैदपुर, डूमा हरीनगर, अलीमुद्दीनपुर, पालडी, महचाना, महचाना ढाणी, फरीदपुर, कारौला, राजुपुर, गुगाना, बिरहेड़ा, शेखुपुर माजरी, जराऊ सुंदरपुर, डाबोदा, ढाणी रामजी लाल, बसुंडा, तिरपड़ी, खंडेवला, जाटौला, फाजिलपुर बादली, ताजनगर, जोनियावास, ख्वासपुर, बावडा बाकीपुर, जुडौला आदि गांवों में किसानों की कपास,

### किसानों ने सरकार से की 40 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग

बाजरा, धान, ज्वार, सब्जी, फूल की खेती जलभराव के कारण नष्ट हो गई है। फसल नष्ट होने किसानों का भारी नुकसान हुआ है। किसानों की कोरोना के चलते पहले ही आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। ऊपर से भारी बरसात ने उनकी कमर तोड़ दी है।

किसानों ने सरकार से नष्ट हुई फसलों की गिरदावरी करवाकर 40 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस बार सरकार द्वारा चिन्हित बीमा कम्पनियों द्वारा फसलों का बीमा भी नहीं किया है। जिसके चलते किसान नष्ट हुई फसल को लेकर परेशान है। नायब तहसीलदार ने कहा कि जल्द ही सरकार को रिपोर्ट तैयार करके भेज दी जाएगी।

### लिफ्ट देकर स्कूटी सवार ने महिला को लूटा

**पलवल।** महिला को धोखे से स्कूटी पर बैठाकर ले जाते समय रास्ते में लूट लिया। महिला के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अभी तक आरोपी का सुराग नहीं मिला है। कैंप थाना पुलिस इंचार्ज सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार देशवाल ने बताया कि गांव बामनीखेडा निवासी मदन मोहन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 22 जुलाई को दोपहर बाद ढाई-तीन बजे के बीच मेरी माता ज्ञानवती बल्लभगढ़ से बस बैठकर पलवल आई। पलवल से गांव जाने के लिए बस स्टेंड के नजदीक खड़ी थी।

उसी दौरान एक लड़का स्कूटी पर आया और अपनी पहचान गांव बामनीखेडा निवासी बिजेन्द्र के बेटे के तौर पर कराई। लड़के ने अपना मुंह पर गमछा बांधा हुआ था। लड़के ने गांव जाने की बात कहते हुए महिला को बैठा लिया और रास्ते में रसूलपुर मोड़ के नजदीक उतार दिया और बैग लूटकर फरार हो गया। बैग में 10 जोड़ी साड़ी और 15 सौ रुपये नकद थे। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आमजन तक पहुंचाएं सरकारी योजनाएं : खत्री



सोहना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं भाजपा जिला महिला मंडल प्रधान सुन्दरी खत्री।

**सोहना।** केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनओं के विषय में महिला कार्यकर्ता आमजन तक जानकारी पहुंचाएं। जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति-परिवार को मिल सके। यह बात भाजपा महिला मंडल जिला अध्यक्ष सुन्दरी खत्री ने कही।

गुरुवार को सोहना भाजपा मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष बिमला राघव ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। जिला महिला मंडल मोर्चा अध्यक्ष सुन्दरी खत्री की अध्यक्षता में घोषणा की गई। सुंदरी खत्री ने सोहना मंडल में शामिल महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए प्रधान की भूमिका को अहम दायित्व दिया। खत्री ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी राजनीति में भी होनी चाहिए। आज महिलाओं को 50 फीसदी का अधिकार है। उन्होंने मौजूद महिलाओं को भाजपा की जनकल्याण की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। ताकि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच सके।

### किसे क्या मिला पद

**महिला** मंडल प्रधान बिमला राघव द्वारा गठित कार्यकारिणी में निर्मला देवी महामंत्री व रेखा राघव। उपाध्यक्ष सोनिया जैन, सरोज शर्मा, अलका छौकर व रेखा देवी। सचिव मीना सैनी, प्रभा देवी, इंदू बाला, निर्मल व शोभा देवी। कोषाध्यक्ष ज्योति अरोड़ा, मीडिया प्रभारी रजनी देवी, शह मीडिया प्रभारी अमरवती देवी। इट सेल प्रमुख प्रभा रानी। कार्यकारिणी सदस्य में रीटा अग्रवाल, राजरानी व अर्चना को शामिल किया है।

## एडवांस कॉलेज में स्थापना दिवस पर वैक्सीनेशन, लगाए पौधे

**पायनियर समाचार सेवा। पलवल**



**राष्ट्रीय** राजमार्ग स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीटूशन्स के प्रांगण में संस्थान स्थापना के 15 वर्ष परे होने पर वैक्सीन कैंप और संस्थान के प्रेरणास्रोत विनय गुप्ता की पुण्य स्मृति में पौधारोपण समारोह का आयोजन किया। संस्थान की समस्त कार्यकारिणी परिषद ने विनय गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के नवनियुक्त चेयरमैन संजीव चंद्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पलवल एवं मुख्य अतिथि दीपक मंगला, विशिष्ट अतिथि डॉ. ब्रह्मदीप मुख्य चिकित्सा अधिकारी पलवल, दिनेश अग्रवाल सचिव अग्रवाल पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ एवं संस्थान कार्यकारिणी परिषद के सदस्यों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। संस्थान के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकों और नये पाठ्यक्रमों को शामिल करके रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए संस्थान हमेशा तत्पर रहेगा इसके लिए संस्थान में नये पाठ्यक्रम जैसे की बीबीए और बीसीए भी शामिल किये है। इसी के साथ अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब्स आदि भी बनवा रहे हैं। केवल पढ़ाई ही नहीं अपितु विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों, अतिरिक्त पठ्योत्तर गतिविधियों को लेकर भी संस्थान हमेशा प्रयासरत है।

संस्थान के कोषाध्यक्ष राजीव मंगला ने कहा कि एक शिक्षण संस्थान होने के नाते हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम समाज के हर पहल से सरोकार रखते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में इन दोनों विषयों के बारे में जागरूक करें।

संस्थान के सचिव एवं विनय गुप्ता के पुत्र तपेश गुप्ता ने अपने पूजनीय पिताजी के सपनों को पूरा करने का संकल्प किया और कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को सुधरने का जो सपनाश्री विनय गुप्ता ने देखा था वो उसे पूरा करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगे। इस अवसर पर सभी प्रधानाचार्य संस्थान में कार्यरत कर्मचारी एवं विदयार्थी उपस्थित रहे।

## कॉग्निजैंट ने हरियाणा के सरकारी स्कूलों में एक करोड़ रुपये के टैबलेट और लैपटॉप दान किए

### डिजिटल अंतर को दूर करने एवं वंचित विद्यार्थियों के अध्ययन में मदद करने के लिए निर्माण ऑर्गेनाइजेशन के साथ साझेदारी की

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



**शुक्रवार** को कॉग्निजैंट ने हरियाणा में गुरुग्राम के जैकबपुरा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एक समारोह में सरकारी स्कूलों को 609 टैबलेट्स एवं 20 इंटरनेट इनेबल्ड लैपटॉप दान किए। गुरुग्राम के डिप्टी कमिश्नर, आईएएस, यश गर्ग भी मौजूद थे। एनसीआर में यह वितरण अभियान कॉग्निजैंट के देशव्यापी 'डिजिटल स्कूल्स' अभियान का हिस्सा है, जो निर्माण संगठन के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जा रहा है।

हरियाणा में यह अभियान क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 एवं 10 के 609 से ज्यादा विद्यार्थियों और 25 से ज्यादा स्कूली टीचर्स को लाभान्वित करेगा। कॉग्निजैंट ने इन डिवाइसेस के लिए 1.08 करोड़ रुपये से ज्यादा योगदान दिया है। कॉग्निजैंट द्वारा लॉन्च किए गए 'डिजिटल स्कूल्स' अभियान का उद्देश्य डिजिटल अंतर को दूर करना एवं सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षा की उपलब्धता प्रदान करना है। इस समारोह में बोलते हुए मुकुंद गर्ग, वाईस प्रेसिडेंट एवं सेंटर हेड, एनसीआर, कॉग्निजैंट ने कहा, हमारा संगठन सामाजिक प्रगति और परिवर्तन के लिए शिक्षा की शक्ति में यकीन करता है। इसलिए कॉग्निजैंट शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल समावेशन लाने के लिए काम करता रहेगा। डिजिटल स्कूल्स अभियान यह सुनिश्चित करने का हमारा एक प्रयास है कि वंचित समुदायों को शिक्षा देने वाले ग्रामीण स्कूल कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न संकटों व डिजिटल असमानताओं का सामना कर सकें तथा शिक्षा देना जारी रख सकें।

कॉग्निजैंट की ओर से, मैं राज्य, जिले एवं स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने क्रियान्वयन पार्टनर, निर्माण संगठन का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कंपनी के कर्मचारियों पर केंद्रित कार्यकर्ता कार्यक्रम, कॉग्निजैंट आउटरीच एवं निर्माण के कार्यकर्ता डिवाईसेस के प्रभावशाली इस्तेमाल द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम चलाएंगे और शिक्षा के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उनके इस्तेमाल को बढ़ावा देंगे। कार्यकर्ता फैकल्टी के सदस्यों के लिए भी प्रशिक्षण चलाएंगे और उन्हें डिजिटल कौशल एवं तकनीकों द्वारा सशक्त बनाएंगे ताकि विद्यार्थियों की संलग्नता बढ़कर अध्ययन के बेहतर परिणाम मिलें। कॉग्निजैंट के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए मयूर पटनाला, सीईओ, निर्माण ऑर्गेनाईज़ेशन ने कहा, डिजिटल स्कूल प्रोग्राम के लिए कॉग्निजैंट के सहयोग व पार्टनरशिप ने वंचित विद्यार्थियों की शिक्षा पर महामारी के प्रभाव को कम करने में मदद की। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि बच्चों की शिक्षा रुके नहीं।

डिजिटल स्कूल्स अभियान के तहत, कॉग्निजैंट छह राज्यों के नौ शहरों में 6.7 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेट युक्त 3,730 टेबलेट्स एवं 188 लैपटॉप का दान करेगा। निर्माण ऑर्गेनाईजेशन एवं सीबीएम इंडिया ट्रस्ट (दोनों गैरलाभकारी) को क्रियान्वयन पार्टनर बनायाा। यह परियोजना अगले एक साल में चरणबद्ध रूप से तेलंगाना, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में निर्माण द्वारा एवं कोलकाता में सीबीएम इंडिया ट्रस्ट द्वारा क्रियान्वित की जाएगी। डिवाइस का वितरण इस साल चार चरणों में किया जाएगा। पहले चरण का वितरण तेलंगाना एवं कर्नाटक में पूरा किय गया, जिसमें अप्रैल, 2021 में 500 टैबलेट एवं 40 लैपटॉप वितरित किए और दूसरा चरण एनसीआर एवं महाराष्ट्र में पूरा किया, जिसमें जुलाई, 2021 में वंचित विद्यार्थियों को 1980 टैबलेट एवं 80 लैपटॉप वितरित किए। अगले माह, तीसरे व चौथे चरण के वितरण अभियानों में क्रमश: पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और कर्नाटक शामिल होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों में बीआर सीकरी, उपाध्यक्ष, हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट, शील कुमारी, खंड शिक्षा अधिकारी, गुरुग्राम, अनुराधा पुला, प्रोग्राम सीओओ, निर्माण आर्गेनाइजेशन, सुनील कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक, सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जैकबपुरा, गुरुग्राम और गीता आर्य, प्रिंसिपल, सिविल लाइन्स स्कूल, गुरुग्राम।

### कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाला काबू

**पलवल।** एनएच-19 स्थित हरे कृष्णा ढाबे पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप, मोबाइल फोन, आभूषण व नकदी चोरी करने वाले दूसरे आरोपी को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कार से चोरी करने वाला आरोपी कमेटी चौक पलवल पर मौजूद है जो कि कहीं बाहर जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल प्रेम सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई और आरोपी को काबू कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान राजेश पुत्र दीवान निवासी गोरिल्ला मोहल्ला पलवल के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर गत 26 जून की रात दस बजे हरे कृष्णा ढाबे पर खड़ी का शीशा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में पीड़ित सम्भू दयाल शर्मा निवासी कृष्णा नगर दिल्ली की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

## फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 जुलाई तक करा सकते हैं खरीफ फसल का बीमा

### योजना की जिला स्तरीय मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम स्थित लघु सचिवालय में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. यश गर्ग।

**प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक जिला उपायुक्त कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में एजेंडावार बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त डॉ. यश गर्ग द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में फसलों का बीमा, इसमें कवर हुए किसानों की संख्या, बीमा कंपनी द्वारा प्राप्त प्रीमियम की राशि का ब्योरा, फसली ऋण प्राप्तकर्ता किसानों तथा अन्य गैर ऋणी किसानों आदि सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वर्ष-2020 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला में खरीफ की फसल के लिए 8281 ऋणी तथा 287 गैर ऋणी किसानों ने पंजीकरण कराया था। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 में रबी फसल के 10030 ऋणी तथा 319 गैर ऋणी किसान थे। चालू वित वर्ष में खरीफ की फसल के लिए रजिस्ट्रेशन का काम चल रहा है, जो 31 जुलाई तक चलेगा।

उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित इंश्योरेंस कंपनी के पदाधिकारियों से भी कहा कि वे पात्र किसानों को क्लेम देने में किसी प्रकार की आना-कानी ना करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबंधक प्रहलाद राय गोदारा से कहा कि वे बैंकों में किसानों की क्लेम संबंधी लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में किसानों को योजना का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने बताया कि यह योजना सभी किसानों के लिए ऐच्छिक है, इसलिए यदि फसली ऋण लेने वाले किसान इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते तो वे 24 जुलाई 2021 तक उन बैंको को लिखित में दें, जहां पर उनका खाता है। यदि वे किसान इस स्कीम से बाहर होने के लिए तय सीमा में संबंधित बैंक में आवेदन नहीं करते तो बैंक किसान की फसलों का बीमा करने के लिए अधिकृत होंगे।

## तावडू में मिनी सचिवालय निर्माण के लिए गुढ़ी पंचायत के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

**पायनियर समाचार सेवा। तावडू**

**ग्राम** पंचायत गुढ़ी द्वारा बिलासपुर रोड पर मिनी सचिवालय निर्माण के लिए के लिए भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को पंचायत एवं विकास विभाग द्वारा मंजूरी दे दी गई है।

राज्यपाल की स्वीकृति के बाद संबंधित ग्राम पंचायत की भूमि का मुआवजा देने का आदेश भी जारी कर दिया है। इसके लिए ग्राम पंचायत गुढ़ी की छह एकड़ चार कनाल 10 मरला भूमि के लिए लगभग सात करोड़ 87 लाख 37 हजार 717 रुपये का मुआवजा ग्राम पंचायत को दिया जाएगा।

### छह एकड़ चार कनाल 10 मरला भूमि के लिए लगभग साढ़े सात करोड़ 87 लाख 37 हजार रुपये का दिया जाएगा मुआवजा

तावडू पंचायत एवं विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत गुड़ी द्वारा मिनी सचिवालय निर्माण के लिए भूमि देने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के बाद तत्कालीन जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गड़ा ने वर्ष 2020 में मौके का निरीक्षण किया था जिसके बाद उन्होंने पत्र जारी कर मार्केट रेट के मुताबिक संबंधित भूमि का मुआवजा एक करोड़ 20 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से देने की सिफारिश पंचायत व सरकार के उच्च अधिकारियों से की थी। विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के सहायक मुख्य सचिव अमित झा ने राज्यपाल की स्वीकृति के बाद संबंधित भूमि के प्रयोग से संबंधित कुछ शर्तों के मुताबिक गत मई मंजूरी दे दी। वही जून माह में जिला उपायुक्त, जिला पंचायत विभाग नूंह व तावडू पंचायत विभाग को ग्राम पंचायत गुढ़ी के प्रस्ताव व सिफारिश की गई मुआवजा की स्वीकृति देकर संबंधित पत्र जारी कर दिया। पंचायत विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि विभाग के आदेश के मुताबिक मुआवजा राशि पंचायत के खाते में आने के बाद एक साल की समय सीमा में मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य शुरू करना होगा। सरपंच जहीर अब्बास का कहना है कि मिनी सचिवालय का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों की बड़ी परेशानी दूर होगी। वहीं आसपास के युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा। उनकी खुशकिस्मती है कि तावडू में मिनी सचिवालय निर्माण के लिए उनकी ग्राम पंचायत की भूमि को स्वीकृत किया गया है।

# भोंडसी की वैष्णव कॉलोनी में अवैध निर्माणों पर चला बुल्डोजर

### इनफोर्समेंट टीमों ने अनाधिकृत निर्माणों पर चलाया पीला पंजा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**नगर** निगम के स्वीकृति लिए बिना अनाधिकृत रूप से किए जा रहे निर्माणों पर शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम का पीला पंजा जमकर चला। भोंडसी क्षेत्र में अवैध रूप से बसाई जा रही वैष्णव कॉलोनी में पीले पंजे ने 30 अवैध निर्माणों को धराशायी किया।

शुक्रवार को संयुक्त आयुक्त-4 सुमित कुमार के निर्देश पर सहायक अभियंता (इनफोर्समेंट) नईम हुसैन व कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार की टीम जेसीबी लेकर अवैध रूप से विकसित की जा रही वैष्णव कॉलोनी में पहुंची। टीम ने जेसीबी की मदद से यहां पर अनाधिकृत एवं अवैध रूप से किए जा रहे 8 निर्माणाधीन भवनों, 15 डीपीसी स्तर के निर्माणों और सात



गुरुग्राम के भोंडसी स्थित वैष्णव कालोनी में अवैध निर्माणों को ढहाती जेसीबी।

चार दीवारियों को तोड़ने की कार्रवाई पूर्ण की। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल टीम के साथ मौजूद रहा। उल्लेखनीय है कि नियम के तहत किसी भी प्रकार का निर्माण शुरू करने से पूर्व बिल्डिंग प्लान स्वीकृत कराना अनिवार्य है।

बिल्डिंग प्लान की स्वीकृति के लिए हरियाणा सरकार द्वारा ऑनलाईन व्यवस्था की गई है तथा इसके लिए आर्किटैक्ट्स को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आर्किटैक्ट ऑनलाईन आवेदन करके बिल्डिंग प्लान की स्वीकृति लेते हैं तथा यह सुनिश्चित करना भी उन्हीं की जिम्मेदारी है कि निमाज़्ण स्वीकृति बिल्डिंग प्लान के अनुसार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बिना बिल्डिंग प्लान स्वीकृत कराए शुरू किए जाने वाले निर्माण को अनाधिकृत एवं अवैध माना जाएगा तथा ऐसे निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई इनफोर्समेंट टीमों द्वारा की जा रही है। इसके अलावा ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट नहीं लेने वाले निर्माणों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## 31 तक आवेदन कर सकते हैं पात्र शिक्षक

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि राज्य शिक्षक पुरस्कार 2021 के लिए योग्य शिक्षकों के 31 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

ऑनलाइन आवेदन विभाग की वैबसाइट स्कूल एजुकेशन हरियाणा डॉट जोओवी डॉट इन ( schooleducation.gov.in) पर बने लिंक पर क्लिक करके कर सकते हैं। इस पुरस्कार के लिए शिक्षकों के लिए निर्धारित की गई योग्यता शर्तें एन्क्सचर-1, पुरस्कारों की संख्या एन्क्सचर-2 व विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों के लिए निर्धारित मापदंड एन्क्सचर-3 पर उपलब्ध है। योजना के तहत राज्य स्तर पर सैकंडरी शिक्षा में 20 पुरुष व 20 महिलाएं एवं प्राथमिक शिक्षा के तहत 25 पुरुष व 25 महिला शिक्षकों को इस पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए शिक्षकों का चयन पहले से अधिक एकरूपता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

### राज्य शिक्षक अवॉर्ड 2021 के लिए आवेदन आमंत्रित

शिक्षकों के नाम की सिफारिश के लिए सरकार ने जिला स्तरीय समितियों को खत्म कर दिया है। अब शिक्षकों के नाम की सिफारिश स्कूल शिक्षा निदेशालय मुख्यालय स्तर पर ही समितियों का गठन करेगा। आवेदनकर्ता शिक्षक अपना पूरा विवरण तीन एमबी की पीडीएफ फाइल के साथ लिंक पर अपलोड कर सकता है।

इससे अधिक एमबी की फाईल होने पर उसे गूगल ड्राइव पर अपलोड करना होगा। शिक्षक फाईल को अपलोड करने से पहले उसमें फेरबदल कर सकेंगे।

अगर लिंक या पोर्टल में कोई तकनीकी दिक्कत आती है तो शिक्षक विभाग की ईमेल आईडी ( state teacher award www@gmail.com) स्टेटटीचर अवार्ड 2021 ऐट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर अपनी शिकायत कर सकते हैं।

## सहगल फाउंडेशन ने किसानों को किया पशु आहार वितरित

**सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका**

**सहगल** फाउंडेशन के एचडीएफसी परिवर्तन परियोजना के तहत फिरोजपुर झिरका खण्ड के 15 गांवो में प्रगतिशील किसानों की उन्नति के लिए 50 पशु पालकों को पशु संतुलित आहार दिया गया।

इंटास कम्पनी से विशाल कुमार B E द्वारा सभी किसानों को पशु संतुलित आहार पोषण पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे किसानों को पशुओं की उचित देखरेख करने में आसानी हो सके। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर कैलाश गुप्ता ने किसानों को परियोजना के बारे में जानकारी दी। तथा किसानों को पशुओं से आमदनी बढ़ाने के तरीके बतलाए गए।

यह पशु संतुलित पोषण आहार एचडीएफसी परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत वितरित किया गया। जिसमे एनिमल नयूट्रेशन मिंफागोल्ड-6 किलो ग्राम डोनर सम्राट 825 ग्राम इन्विटा एन एच 250 मि ली आदि पोषण आहार वितरित किया गया। इससे पहले भी 150 किसानों पशु संतुलित आहार वितरित किया गया था।

## उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आज हिन्दू-मुस्लिम एकता जनसभा सम्बोधित करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका**

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला फिरोजपुर झिरका के रामलीला मैदान में हिन्दू-मुस्लिम एकता कार्यक्रम में भाग लेंगे,यंहा लोगो को सम्बोधन के पश्चात वह प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।

जजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद ने शुक्रवार को रामलीला मैदान में कार्यक्रम की



रामलीला मैदान में उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला की जनसभा की तैयारी में जुटे शहर वासी।

तैयारी का जायजा लेने के बाद बताया कि यह कार्यक्रम शहर की रामलीला कमेटी व अमन कमेटी के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला शिरकत करेंगे।

आजाद मोहम्मद ने बताया कि यह कार्यक्रम हिन्दू मुस्लिम एकता के रूप में आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को बड़ी तादाद में शहर के लोगो के अलावा ग्रामीण भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे ओर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला के विचारों को सुनेंगे, उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान में जनसभा को सम्बोधन करने के पश्चात झिर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## मेवात में चार नाबालिगों की शादी रुकवाई

**दीपक कुमार। नूंह**

**मेवात** में नाबालिगों की शादी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इस ओर कड़ा कानून बनाने के बावजूद कई लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे।

ऐसे लोग चोरी छिपे नाबालिगों की शादी कर कानून की आंखों में धूल झोंकने के साथ-साथ नाबालिगों के साथ भी अत्याचार कर रहे हैं। शुक्रवार को मेवात में चार नाबालिगों की शादी का मामला सामने आया है। महिला संरक्षण कम बाल विवाह निषेध अधिकारी मधु जैन ने शुक्रवार को जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार नाबालिगों की शादियों को रुकवाया। जिनमें फिरोजपुर झिरका खंड के साकरस गांव में एक नाबालिग लड़की व नगीना खंड के बसई खांजादा में दो जगहों पर नाबालिग लड़कियों की शादी और उलेटा गांव में एक लड़के की शादी को रुकवाया। अधिकारी ने भविष्य में नाबालिगों की शादी कराने पर परिजनों को चेतावनी दी। साथ ही



गांव में पहुंच नाबालिग की शादी रुकवती मधु जैन।

उनसे हलफाना भी लिया। महिला संरक्षण कम बाल विवाह निषेध अधिकारी मधु जैन ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की इन चारों जगह पर नाबालिगों की शादी की जा रही है। सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंच नाबालिगों को शादी के बंधन में बंधने से रोका।

उन्होंने बताया कि इस सीजन में अभी तक आधा दर्जन नाबालिगों की शादियों को रुकवाया है। अगर किसी के आसपास में नाबालिग की शादी के अपराध को कोई करता है तो 1098 बाल हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर जानकारी दी जा सकती है।

## हिलालपुर गांव में लगाया निशुल्क कोविड-19 टीकाकरण कैंप

**नूंह।** जिला स्वास्थ्य विभाग नूंह ने गुरुवार को हिलालपुर गांव में नि:शुल्क कोविड-19 टीकाकरण कैंप आयोजित किया।

अभियान का बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने समर्थन किया और इसका स्थान राइट्स द्वारा प्रायोजित जन आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र था। चूंकि इस गैर सरकारी संगठन का क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। अत: ग्रामीणों को एकत्रित करने और टीकाकरण के प्रति उनकी झिझक दूर करने के लिए इसकी सेवाओं का लाभ उठाया। बिसनौली के प्रयासों के कारण 150 से अधिक लोग एनजीओ के साथ पूर्व पंजीकरण पूरा कर टीकाकरण के लिए आगे आए। बीएसजीएसएस दिल्ली स्थित एक गैर सरकारी संगठन है।

## अनाज मंडी में गंदगी के ढेर सफाई व्यवस्था चरमराई

**सोहना।** अनाज मंडी में बरसाती पानी जगह-जगह जमा होने से गंदगी का आलम बना हुआ है। बरसाती पानी से मक्खी-मच्छर पनपने से डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

पिछले करीब एक सप्ताह से हो रही बारिश ने अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। अनाज मंडी में बरसात का पानी आढ़तों से लेकर छोटी दुकान और सब्जी मंडी में कूड़े के ढेर लगे हैं। रास्तों के किनारे पर जमा पानी से उठती बदबू ने जहां लोगों के जीवन को नरकीय बना दिया है। किसानों को आढ़त व दुकानों पर बैठना भी मुश्किल हो रहा है। दुकानदार तेजबीर ने बताया कि गुरुवार को अनाज मंडी के बरसाती नाले की जेसीबी से सफाई कराई गई, लेकिन नाले से निकाला कूड़ा आढ़त, घर, दुकान व रास्तों के किनारे पर ढेर लगे हैं। जिन्हें 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उठाया नहीं है।



**कूड़ेदान मात्र दिखावा** :अनाज मंडी में वैसे तो कूड़ेदान रखे गए हैं, लेकिन ये कूड़ेदान पूरा दिन कूड़े से भरे होते हैं, लेकिन 24 घंटे बाद ही इनका कूड़ा निकाला जाता है। जब तक कूड़ेदान कूड़े के ढेर में दब जाते हैं। राजेश का कहना है कि कूड़े से भरे कूड़ेदानों को सुबह-शाम के समय में खाली कराना चाहिए।

**ठेकेदार को जल्द नोटिस जारी होगा** : मार्केट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि ठेकेदार सफाई में पूरी लापरवाही बरत रहा है। जिसे जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा। ठेकेदार को बार-बार सफाई के लिए फोन किया जा रहा है। ठेकेदार न तो फोन उठा रहा है। न ही मंडी में सफाई व्यवस्था पर ध्यान दे रहा है।

## जल संरक्षण और इसके महत्व पर जन-जन को जागरूक करें : एसीएस

### कहा, सभी जिले रेन वाटर हार्वेस्टर, जल श्रोतों का नवीकरण समय रहते करें पूरे

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

**सिंचाई** एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश के उपायुक्तों के साथ जल शक्ति अभियान विषय पर विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टर, जल श्रोतों का नवीकरण, बोरवेल का पुर्नप्रयोग, सघन पौधारोपण और आईईसी गतिविधियों के लक्ष्य पूरा करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आगामी तीन अगस्त को प्रदेश के मुख्य सचिव इसी विषय पर सभी जिलों के साथ टारगेट और उसमें प्राप्ति को लेकर समीक्षा करेंगे। बेहतर होगा तब तक





वीसी में भाग लेते हुए उपायुक्त शक्ति सिंह व अन्य अधिकारीगण।

दिए गए लक्ष्यों को पूरा कर लें। एसीएस ने कहा कि सिंचाई विभाग की ओर से प्रदेश के लिए जल संरक्षण योजना बनाई जा रही है। 31 जुलाई तक इसे मुकम्मल करना है, इसमें जल संचयन के लिए जिलों में किए जा रहे काम और भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखकर सभी बिन्दू शामिल किए जाएंगे। वीसी में एसीएस ने उपायुक्तों के जिलावार सुझाव पर लक्ष्यों में संशोधन किया, लेकिन कहा कि अगली मीटिंग तक इनमें अच्छी-खासी प्रगति दिखनी चाहिए। उन्होंने सभी उपायुक्तों से कहा कि हर गांव में कृषि विभाग की ओर से जल के महत्व और संरक्षण विषय पर गोष्ठियां की जाएं।

इसी प्रकार कृषि विज्ञान केन्द्र गांवों में कृषि मेले लगाकर लोगों को जागरूक करें। हर पखवाड़े में जल संरक्षण पर कम से कम एक सफलता की कहानी हर जिले से प्रकाशित होनी चाहिए। आईईसी गतिविधियों के तहत पौधागिरी को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक स्कूली बच्चों को इससे जोड़ा जाए। गांव-शहरों में प्रभात फेरी निकाली जाएं। इसी प्रकार तरू यात्रा, नुक्कड़ नाटक और रेडियो जिंगल से लोगों को जागरूक किया जाए। उपायुक्त शक्ति सिंह ने एसीएस को बताया कि नूंह जिला में परम्परागत जल श्रोतों के पुर्ननिर्माण आदि के बारे में जानकारी दी और टारगेट के बारे में बताया। वीसी में अतिरिक्त उपायुक्त सुभीता ढाका, सीईओ जिला परिषद महावीर प्रसाद, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण सभा ने याद किया चंद्रशेखर को

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक स्मारक पार्क सेक्टर-2 बल्लभगढ़ फरीदाबाद में उनकी प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर शत शत नमन व पौधारोपण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टिपरचंद शर्मा बड़े भाई केबिनेट मंत्री रहे।

सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा शहीद चंद्रशेखर आजाद एक प्रेरणा और राष्ट्र की पहचान है। वो आजादी आन्दोलन के भामाशाह थे। हमें उनके आदर्श मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर किशोर शर्मा, ललित आजाद, ललित पाराशर, देवराज, दयाचंद यादव, पूर्व पार्षद मुकेश वशिष्ठ, मुख्यमंत्री मिडिया संजय तिवारी, हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर, एडवोकेट कर्ण पाराशर, इंजीनियर चंद्रशेखर, अतुल पाराशर, कमल पाराशर, कमल, अस्मित, गंगा राम, रवि, सियाराम और रामजीलाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीढीनुमा रजवाहे की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन



**पलवल।** आम आदमी पार्टी जिला किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरेश चौहान गोपालगढ़ औरंगाबाद की अध्यक्षता में कुसलीपुर रजवाह मे हो रहे घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर तथा सीढीनुमा रजवाह बनाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन जिला उपायुक्त पलवल को सौंपा गया। नरेश चौहान ने बताया कई बार इसमें पालतू व आवारा पशु गिर जाते हैं। सीढीनुमा ना होने की वजह से वह निकल नहीं पाते हैं, जख्मी हो जाते हैं। वर्तमान में गांव गोपालगढ़ में रजवाह का पुल तैयार किया गया, लेकिन उसकी सामग्री इतनी घटिया थी कि मात्र एक सप्ताह के अंदर ही पुल ढह गया। लोगों को आने जाने में असुविधा हो रही है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य तथा हरियाणा प्रवक्ता कुलदीप कौशिक, आम आदमी पार्टी जिला होडल अध्यक्ष एडवोकेट सुंदरलाल गौतम, जिला कानूनी प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय वर्मा बामनीखेड़ा, उपाध्यक्ष एडवोकेट अब्दुल कयूम टीकरी ब्राहमण, एडवोकेट अशोक कुमार तथा श्याम वेद आदि आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सीएम विंडो पर भी रजवाह पुल भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग की।

### ओमप्रकाश चौटाला से मिलने पहुंचे जदयू नेता केसी त्यागी



**गुरुग्राम।** शुक्रवार को यहां इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला से मिलने के लिए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी पहुंचे। करीब दो घंटे तक दोनों नेताओं के बीच बैठक हुई। दोनों ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। केसी त्यागी ने इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला से उनका कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान केसी त्यागी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से फोन पर ओमप्रकाश चौटाला की बात करवाई। नीतीश कुमार ने उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। केसी त्यागी ने मुलाकात के दौरान स्वर्गीय ताऊ देवीलाल के साथ उनके अनुभवों को भी सांझा किया। केसी त्यागी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के साथ प्रगाढ़ रिश्ते रहे हैं। समय-समय पर एक-दूसरे के राजनीतिक कार्यक्रमों में भी शिरकत करते रहे हैं। इस मुलाकात के दौरान कर्ण चौटाला भी मौजूद रहे।

### अवैध निर्माण हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**नूंह।** जिला मजिस्ट्रेट शक्ति सिंह ने प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए फिरोजपुर झिरका के तहसीलदार राकेश चोंकर को अवैध निर्माण हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। आदेशों में कहा गया है कि 29 जुलाई को डीटीपी द्वारा जिला नूंह की सीमा में शहरी और ग्रामीण भूमि पर अवैध निर्माण तथा अवैध कॉलोनियों की जमीन से अवैध कब्जे हटवाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। आदेशों में जिला पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की जाए और पुलिस बल के प्रभारी लगातार ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहें।

### सोहना में दो लावारिश शव मिलने से सनसनी फैली

**सोहना।** शहर के दो अलग-अलग स्थानों पर लावारिश हालत में दो लाशें मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची सिटी थाना से पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। शवों का शनिवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। शुक्रवार को अनाज मंडी के अंदर करीब 25 वर्षीय मंदबुद्धि युवक का शव रेहड़ी पर लावारिश हालत में पड़ा मिला। युवक शहर में ही घूमता रहता था। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। जबकि दूसरा शव शहर के लक्ष्मी गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 103 में मिला। मृतक की उम्र 38 से 40 वर्ष थी। मृतक मूलरूप से राजस्थान का निवासी था। शहर में भवन बनाने की ठेकेदारी करता था। शहर के वार्ड-21 की बांध कॉलोनी में किराए के मकान में परिजनों के साथ रहता था। मौके पर सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार व सिटी थाना प्रभारी राजेश कुमार सूचना मिलने अपनी-अपनी टीम के साथ पहुंचे। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मंदबुद्धि युवक की मौत का राज पोस्टमार्स्टम के बाद पता चलेगा। जबकि भवन बनाने वाले ठेकेदार की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेने के बाद नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए 11 अगस्त को होगी परीक्षा : प्राचार्य

**नूंह।** जवाहर नवोदय विद्यालय बाई के प्राचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठी के लिए चयन परीक्षा 11 अगस्त को प्रात: 11 बजे जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। बताया कि परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र ऑनलाइन वेबसाइट cbseitems.nic.in या navodaya.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। परीक्षा के लिए कोई अन्य जानकारी लेनी हो तो मोबाइल नंबर 8901240220 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि भारत की एकता और अखंडता में योगदान के क्षेत्र में दिए जाने वाले सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए प्रदेश सरकार ने नौ अगस्त तक ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं। बताया कि यह पुरस्कार राष्ट्रीय एकता और अखंडता के कारकों को बढ़ावा देने और एक मजबूत और एकजुट भारत के मूल्य को सुदृढ़ करने के लिए दिए योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कार की घोषणा 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस यानी सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि पुरस्कार में एक पदक और एक प्रशस्ति पत्र शामिल होगा।

पायनियर क्लासीफाइड

◆नाम परिवर्तन◆

I, Subhash Ahuja S/o Moti Ram R/o HNo. 2099 Sainik Colony, Near Shiv Mandir Sec-49, Faridabad (Hr.) declare that Subhash Ahuja, Subhash Chander & Subhash all names are same & one Person i.e myself. My correct name is Subhash Ahuja.

I, Darshana Ratra W/o Gulshan Kumar R/o Hno.2J/WH-25 NH-2 Faridabad (Hr.) declare that Darshana Ratra, Darshana Kumari Kukreja & Darshna all names are same & one Person i.e myself. My Correct name is Darshana Ratra.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल राजबीर सिंह पुत्र श्री संतराम निवासी मकान न. ई-341, एसजीएम नगर, फरीदाबाद, तहसील व जिला फरीदाबाद, हरियाणा (आधार न. 5020-7381-0751) का पुत्र नीरज कुमार उसके कहे अनुसार नहीं चलता हैं, अपनी मनमानी, गाली गलौंच, लड़ाई-झगड़ा व मारपीठ करता है, नीरज कुमार ने मेरे मुवक्किल से छुपाकर दो-दो शादियाँ कर रखी है इसलिए मेरे मुवक्किल ने दुखी व परेशान होकर, नीरज कुमार से अपने सभी संबंध विच्छेद कर उसे अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद मेरे मुवक्किल का नीरज कुमार के साथ कोई ताल्लुक वास्ता व कोई लेना-देना नहीं है। भविष्य में जो कोई नीरज कुमार से किसी प्रकार का लेन-देन करेगा। उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मेरे मुविक्कल के किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राजेश अहलावत अधिवक्ता, फरीदाबाद

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## विपक्षी एकता

### ममता का प्रयास

**ममता** बनर्जी विपक्षी नेताओं से मिलने की योजना बना रही हैं ताकि भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा तैयार किया जा सके। यदि संसद सत्र के समय कोई मुख्यमंत्री पांच दिन दिल्ली यात्रा करता तो लोगों की त्यौरियां चढ़ जातीं, लेकिन ये पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं। देश की राजधानी में उनकी यात्रा का उद्देश्य विपक्ष को तैयार करने का आह्वान है ताकि वह एकजुट होकर 2024 में भाजपा का मुकाबला कर सके। अप्रैल में एक रैली में ममता ने कहा था, 'मैं एक पैर से बंगाल जीतूंगी और दो पैरों से दिल्ली।' निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल की सत्ता में वापसी के बाद उनकी पहली दिल्ली यात्रा ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने अपने लिए देश में भाजपा-विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का लक्ष्य रखा है, हालांकि यह काम आसान नहीं है। इस दिशा में उनका पिछला प्रयास विफल हुआ था। याद किया जा सकता है कि 19 जनवरी, 2019 के ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक विशाल रैली आयोजित की थी जिसमें 25 राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विपक्षी राजनीतिक दलों ने भाग लिया था और उन्होंने वहां संभावित 'महागठबंधन' की नीव डाली थी। लेकिन यह विचार ज्यादा लंबा नहीं चला और आम चुनाव में शानदार विजय के साथ नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी हुई। ममता बनर्जी की अपनी विजय ने उनमें अब एक नई प्रतिबद्धता पैदा की है। गुरुवार को उनके वर्चुअल संबोधन को अनेक विपक्षी नेताओं ने देखा



जिसमें ममता बनर्जी ने एक संयुक्त मोर्चे की कल्पना की है। उनका नारा है '2024 में खेला होबे' और अब वे कोलकाता के बजाय दिल्ली में अपने कदम बढ़ाएंगी। उनके पहले चंद्रबाबू नायडू और स्वर्गीय जयललिता ने राज्य की राजधानियों से निकल कर राष्ट्रीय मामलों में भूमिका निभाने का प्रयास किया था, पर उन्होंने कभी सामने आकर उस तरह नेतृत्व नहीं किया था जैसा ममता बनर्जी करना चाहती हैं।

लेकिन विपक्ष को अपने आंतरिक मतभेदों से बाहर निकलना हे जो निकट अतीत की तुलना में अधिक हैं। पेगासस मामले ने उनको आश्चर्यचकित कर दिया है कि कोई उनके सारे कामकाज पर नजर रख सकता है। कोविड-विरोधी टीकाकरण नीति की अधूरी प्रगति ने भी राज्यों के नेताओं को परेशान किया है। केन्द्र ने जोर दिया है कि वैश्विक महामारी के दौरान आक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई थी। इसने राज्यों को अजीब स्थिति में डाल दिया है क्योंकि वे इसके विपरीत कोई प्रमाण नहीं दे पा रहे हैं। बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति ने सत्ता-विरोधी लहर को हवा दी है। ऐसे में ममता बनर्जी की सत्ता में वापसी अंधेरे में बिजली चमकने की तरह है। उनकी विजय ने विपक्षी नेताओं को उनके चारों ओर एकजुट किया है। 2019 के उलट इस बार उनके पास तीन साल का समय है और 2024 की तैयारी करने के लिए उनके सामने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनाव तथा राष्ट्रपति चुनाव के रूप में दो चुनौतियां हैं। संयुक्त विपक्ष उत्तर प्रदेश में भाजपा को परेशान कर सकता है और राष्ट्रपति चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन न केवल प्रभुत्व के दृष्टिकोण से जरूरी होगा, बल्कि इससे सहयोगी विकल्प तलाशने से भी विरत होंगे। इससे अगले राष्ट्रपति के रूप में अपना उम्मीदवार चुनने के लिए काफी वोट भी मिलेंगे। लेकिन ममता बनर्जी संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में एक वरिष्ठ नेता चुनना चाहती हैं जिसका राष्ट्रीय कद हो और वह उनको क्षेत्रीय पहचान से मुक्ति दिला कर सभी क्षेत्रों से समर्थन दिला सके जिसमें तटस्थ रहने वाले क्षेत्रीय क्षत्रप भी शामिल हैं।

# नेपाली प्रधानमंत्री के समक्ष चुनौतियां

**नेपाल में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने के साथ ही ओली की गलतियां सुधारना तथा भारत के संबंधों में आई समस्यायें दूर करना देउबा के लिए जरूरी है।**



**ऋषि गुप्ता**
(लेखक जेएनयू में शोधार्थी हैं)



नेपाली राजनीति में आये अनेक आश्चर्यजनक परिवर्तनों के बाद आखिरकार नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को 13 जुलाई को लोकतांत्रिक नेपाल के तेरहवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। नेपाली सर्वोच्च न्यायालय ने इससे एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली द्वारा 21 मई को संसद भंग करने को असंवैधानिक घोषित करते हुए रद्द कर दिया था। न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 76-5 के अंतर्गत 24 घंटे में विपक्षी नेता देउबा को प्रधानमंत्री नियुक्त करने का आदेश दिया था। देउबा को 275 सदस्यों के सदन में 165 मत प्राप्त हुए हैं और वे स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफल हुए हैं। माओवादियों और जनता समाजवादी पार्टी ने सरकार का समर्थन किया है। इसके साथ ही ओली की यूएमएल पार्टी के नेपाल-खनल गुट के 22 सदस्यों ने देउबा के पक्ष में वोट दिया। उनका समर्थन करने वालों में ओली के आठ समर्थक भी शामिल हैं। यह घमंडी ओली की आंखें खोलने वाला एक और प्रकरण है जो अपने पद पर बने रहने के लिए संविधान के दुरुपयोग तथा राष्ट्रपति से मिलीभगत का लाभ उठा रहे थे।

नेपाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना जरूरी है। अपने डेढ़ साल के शासनकाल में शेर बहादुर देउबा को राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ ही अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा तथा कोविड-19 के कारण पैदा बेरोजगारी की स्थिति में सुधार लाना होगा। हालांकि, संविधान के अंतर्गत दो साल तक देउबा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है, पर उनको अपनी आंतरिक व्यवस्था ठीक करनी होगी क्योंकि तीन बड़ी पार्टियां सरकार का समर्थन कर रही हैं। फिलहाल पांच सदस्यों वाली एक कैबिनेट का गठन किया गया है तथा अभी महत्वपूर्ण मंत्रालयों का वितरण किया जाना बाकी है जिनमें विदेश मंत्रालय भी शामिल है। देउबा को माओवादियों को शांत रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, खासकर प्रचंड का लक्ष्य सर्वोच्च पद पर पहुंचना है। उल्लेखनीय है कि माओवादियों ने 2017 के संसदीय चुनाव तथा स्थानीय निकाय चुनाव में यूएमएल के साथ इस तथ्य के बावजूद गठबंधन किया था कि वे नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार में थे। इसलिए आने वाले महीनों में प्रचंड के साथ सत्ता की साझेदारी बनाए रखना नेपाल सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम होगा।

नेपाल के लिए भारत के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करना भी जरूरी है। 19 जुलाई को विश्वास मत प्राप्त करने के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको बधाई संदेश ट्वीट करते हुए कहा था कि 'मैं आपके साथ सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट साझेदारी को बढ़ाने तथा दोनों देशों की जनता के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने की उम्मीद कर रहा हूं।' इस ट्वीट के बाद दोनों नेताओं में टेलीफोन पर बातचीत भी हुई। भारत में बहुत से लोगों की नजर में यह नेपाल के साथ संबंध सुधारने की अच्छी शुरुआत हो सकती है क्योंकि ओली के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंध सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए थे। पिछले साल ओली ने राजनीतिक लाभ उठाने के लिए भारत-विरोधी रणनीति अपनाई थी। उन्होंने एकपक्षीय रूप से कालापानी क्षेत्र में भारत के संप्रभु क्षेत्रों को नेपाल के आधिकारिक राजनीतिक मानचित्र में शामिल कर दिया था। हालांकि, ओली ने दावा किया था कि भारत के साथ मुद्दों का समाधान कर लिया गया है, पर सीमा विवाद दोनों देशों के बीच विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। देखना होगा कि देउबा इसका समाधान करना चाहते हैं या नहीं।

नेपाली कांग्रेस ने ओली द्वारा उस संविधान संशोधन का समर्थन किया था जिसमें भारतीय क्षेत्रों को नेपाल के राजनीतिक मानचित्र में शामिल किया गया था। इसलिए भारत को नेपाल के साथ राजनयिक पहल करने में सावधानी बरतनी होगी क्योंकि सीमा विवाद के मामले पर नेपाली कांग्रेस का दृष्टिकोण संभवत: ओली के दृष्टिकोण से अलग न हो। इसके साथ ही नेपाली राजनीति में भारत-विरोधी व अति-राष्ट्रवादी तत्व एक प्रेरक की भूमिका अदा करते हैं और ये जनादेश को प्रभावित करते हैं। आशंका है कि देउबा भी इसी रास्ते पर चल सकते हैं। हालांकि, ओली की विदाई के बाद भारत के प्रसन्न होने के अनेक कारण हैं। लेकिन नेपाल के प्रति भारत की नीति अधिक सक्रिय होनी चाहिए और इसमें केवल वहां की घटनाओं को दर्ज करने से आगे बढ़ने की जरूरत है। भारत-नेपाल के बीच वर्तमान व्यापार घाटा अक्सर भारतीय सद्भावना के खिलाफ काम करता है। इसके साथ ही नेपाल में भारत का निवेश चीन से प्रतियोगिता में कम नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देउबा के साथ टेलीफोन वार्ता में नेपाल को कोविड-19 टीके देने का वादा किया है। भारत में अप्रैल में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की दूसरी लहर आने के बाद भारत ने नेपाल को भेजे जाने वाले टीकों पर रोक लगा दी थी। अत: इसे चुनौतीपूर्ण समय में नेपाल के साथ भारत की नीति में स्वागत योग्य परिवर्तन के रूप में देखा जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को गठबंधन की मजबूरियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, देउबा के सामने नेपाल के राजनीतिक व विदेशी मामलों में चीन की भारी दखलंदाजी से मुक्ति पाने का रास्ता है और वे भारत के संबंध बेहतर बना सकते हैं। जनता में ओली की छवि चीन के ऐसे मित्र की थी जो तिब्बत और भारत संबंधी मामलों में बीजिंग के हित साध रहे थे। लेकिन देउबा पर कम्युनिस्ट विचारधारा का कोई बोझ नहीं है। इसलिए वे भारत के साथ सहयोग के रास्ते पर चल कर नेपाल का विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन उनके गठबंधन साझीदार प्रचंड का झुकाव चीन की ओर है।

2017 में नेपाली कांग्रेस के साथ ऐसे ही गठबंधन के समय प्रचंड ने देउबा को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल पर हस्ताक्षर के लिए मना लिया था जिससे भारत बहुत गुस्सा था। 6 जुलाई को प्रचंड ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और विश्व राजनीतिक पार्टियों के सम्मेलन में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसके नेता शी जिनपिंग के साथ एकजुटता प्रदर्शित की। यह आयोजन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सौवीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था। प्रचंड ने चीन को क्लीन चिट देते हुए दावा किया था कि वह बहुत उदार देश है। उन्होंने कहा था कि चीन 'वैश्विक समृद्धि और शांति में योगदान कर रहा' है तथा वह 'नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, टकरावों के शांतिपूर्ण समाधान तथा वैश्विक समानता और न्याय में योगदान के साथ ही नेपाल समेत विकासशील देशों में अत्यधिक प्रशंसा प्राप्त कर रहा है।' ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री देउबा के सामने अपने कार्यकाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने की चुनौती का सामना करना होगा। उनके सामने प्रचंड का विश्वास बनाए रखने, नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सुधार, भारत से कोविड वैक्सीनों की समुचित प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा नेपाल की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने वाले चीनी तत्वों से मुक्ति पाने की भी कठिन चुनौतियां हैं।

# देश में रणनीतिक अध्ययनों का महत्व

**राजेश खरात**
(लेखक मुंबई विविद्यालय में मानविकी के संकायाध्यक्ष हैं)



कोविड -19, आतंकवाद, सीमा विवाद, राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक अतिवाद, जलवायु परिवर्तन आदि की चुनौतियों का सामना कर रही एक अशांत विश्व व्यवस्था में, हो सेकता है दुनिया पिछले दशकों की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण प्रतीत होती हो। फिर भी, वर्तमान में राष्ट्रों के बीच और उनके बीच तनाव कहीं अधिक है। दो विश्व युद्धों से लेकर शीत युद्ध, वैश्वीकरण से लेकर महान मंदी तक, विश्व व्यवस्था में भारी परिवर्तन हुए हैं। हालांकि, शीर्ष खिताब के लिए मुकाबला जस का तस बना हुआ है। यद्यपि चल रहे दशक ने अब तक विश्व स्तर पर युद्ध जैसी स्थिति से बचा है, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दुनिया के अन्य हिस्सों में संघर्षों ने वैश्विक समुदाय को एक या दूसरे तरीके से प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं से कोई भी अलग नहीं है, चाहे वह व्यक्ति हो या देश, वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था को समझना समय की अत्यधिक आवश्यकता है। राजनीतिक वैज्ञानिकों ने समकालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति की अपनी समझ के अनुसार राजनीति, राज्य, सत्ता, व्यवस्था और शासन को सिद्धांत, अवधारणा, तर्क और परिभाषित किया है। इस बीच, इसने बाकी दुनिया के साथ लगभग हर देश के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। कूटनीति, विदेश नीति, रणनीति, भू-राजनीतिक विश्लेषकों और स्थिति की रणनीतिक समझ के माध्यम से इसकी बारीकी से जांच की जरूरत है। जबकि राजनयिक समुदाय के सदस्य, खुफिया एजेंसियां, राजनीतिक नेता/प्रवक्ता और पत्रकार स्थिति का आकलन करने में सबसे आगे रहते हैं, समर्पित संस्थान इन एजेंसियों या व्यक्तियों को मुद्दों से निपटने के लिए बेहतर तैयार करने में मदद करते हैं।

20वीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक, भारत ने खुद को दक्षिण एशिया क्षेत्र के केंद्र के रूप में पाया, जो भूमि से घिरे देशों (भूटान और नेपाल), छोटे द्वीप राष्ट्रों (मालदीव और श्रीलंका) और राजनीतिक रूप से अस्थिर म्यांमार और पाकिस्तान से घिरा हुआ था। अगले दरवाजे चीन का रूप। इस पृष्ठभूमि के बीच, भारत ने विश्व मामलों के लिए भारतीय परिषद, इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की स्थापना की, जिसके बाद कई अन्य स्वतंत्र थिंक टैंक अंतरराष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं को समझने और राष्ट्रीय हित का पीछा करते हुए शामिल जोखिमों का आकलन करने में सरकार की मदद करने के लिए काम कर रहे थे। तब से, सरकार ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों और भारत-



केंद्रित दृष्टिकोण के साथ संबंधों के अध्ययन और शोध के लिए विद्वानों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में सार्वजनिक थिंक टैंक और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। चीन के पुनरुत्थान के साथ, अपनी क्षेत्रीय शक्ति की स्थिति को मजबूत करने और एशिया में विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भारत की चुनौती दोगुनी हो गई है। सहयोग करने के लिए सामान्य आधार की विफलता के कारण क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों के टूटने का जोखिम है। इस स्थिति में, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों की जोखिमों का आकलन करने और संभावित समाधानों के साथ आने में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है जो राष्ट्रीय उद्देश्य को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं। हाल ही में एक भाषण में, मुंबई विश्वविद्यालय में नए स्थापित स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज का उद्घाटन करते हुए, भारतीय सेना प्रमुख, जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने कहा कि एक गौरवशाली अतीत के स्वदेशी विचारों को आत्मसात करने में नए सिरे से रुचि है। यह, आज की गतिशील वैश्विक विश्व व्यवस्था में हमारे देश के बढ़ते कद के साथ, हमें भारत के वैश्विक रणनीतिक विचारों और विचारकों की एक प्राचीन विरासत से मूल्यवान सबक लेने की इच्छा रखता है।

जबकि भारत के राजनयिक और रक्षा समुदाय भारत के विकास, प्रगति, सुरक्षा और सुरक्षा के लिए एक अभेद्य रणनीतिक योजना तैयार करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं, भारत को भी अंतरराष्ट्रीय और रणनीतिक अध्ययनों में युवा दिमाग पैदा करने की जरूरत है। हालाँकि, इस विषय को पूरे भारत के विश्वविद्यालयों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। जैसा कि सेना प्रमुख ने कहा था कि भारत महान रणनीतिक विचारकों और विद्वानों की भूमि है, और चाणक्य, मनु, तिरुवल्लूर जैसे विचारकों और आधुनिक समय में के सुब्रमण्यम के साथ, भारत को इस ज्ञान को विकसित करने और वापस लेने की जरूरत है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध और रणनीतिक अध्ययन संघ लोक सेवा आयोग, राज्य सेवा आयोग या कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और कैरियर उन्मुख परीक्षाओं के महत्वपूर्ण घटक हैं। उत्तर भारत में जेएनयू, पूर्व में जादवपुर विश्वविद्यालय और दक्षिण में पांडिचेरी विश्वविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के स्कूलों की मेजबानी करता है, मुंबई भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान का मुख्यालय है और मुंबई विश्वविद्यालय, पुणे मुख्यालय से संबद्ध नौसेना युद्ध कॉलेज है। भारतीय सेना की दक्षिणी कमान, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, मुंबई विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सामरिक अध्ययन स्कूल की स्थापना, भारत में रणनीतिक अध्ययन का भविष्य सशस्त्र बलों, विचारकों, शोध विद्वानों, शिक्षाविदों और पत्रकारों को अध्ययन और चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है। मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस, आईडीएसए, नई दिल्ली, यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) और सेंटर फॉर एयरपावर स्टडीज जैसे प्रमुख थिंक टैंक के केंद्र के रूप में भारत के साथ, विश्वविद्यालय स्तर पर एक सक्रिय बुनियादी ढांचा सामरिक समुदाय की भावी पीढ़ियों को पढ़ाने और प्रशिक्षण देने में भारत को अपने राष्ट्रीय हितों की तलाश करने और उन्हें सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। भारत में भी अच्छी पत्रकारिता है, और वैश्विक घटनाओं का बुनियादी ढांचा उनके प्रिंट और विजुअल रिपोर्टिंग का एक अभिन्न अंग है। इसलिए इस संबंध में विशेष रूप से मुंबई जैसे शहरों में पेशेवर प्रशिक्षण समय की मांग है। साथ ही, निकट भविष्य में भारत को और अधिक महत्वाकांक्षी राजनयिकों और रणनीतिक विचारकों की आवश्यकता होगी। इस रिक्तता को विश्वविद्यालय स्तर पर आने वाले ऐसे और केंद्रों से भरा जा सकता है।

## आप की बात

### मीडिया को डराने का प्रयास

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर में जो भी विसंगतियां तथा लापरवाहीयां हुईं, भास्कर ने साहस के साथ रिपोर्टिंग कर राष्ट्र को अवगत कराया। चाहे अहमदाबाद हो या दिल्ली, जयपुर हो या यूपी, सभी दूर की जो असलियत थी, जिसकी जांबाज रिपोर्टिंग की। प्रसिद्ध पत्रकार रवीश कुमार ने भी अपने प्राइमटाइम कार्यक्रम में दैनिक भास्कर तथा गुजरात के दिव्य भास्कर की रिपोर्टिंग का हवाला देकर, अखबार की द्वारा की गई साहसिक रिपोर्टिंग की तारीफ की थी। जिसका खामियाजा भास्कर समूह पर आयकर के छापे हैं, जो बदले की भावना तथा सच्चाई की आवाज को दबाने वाला कदम है। सांच को आंच नहीं, अब इस कहावत को बदलकर, हमारे लोकतंत्र में सांच बोलेगा / लिखेगा, उस पर छापे पड़ेंगे। क्योंकि जनता मरे तो मरे, लेकिन सरकार की छवि खराब ना हो! चाहे जो तकलीफ आए भास्कर समूह को अपना साहसिक पत्रकारिता का अभियान दूने उत्साह के साथ जारी रखना चाहिए। एक अखबार का कर्तव्य है कि जनता के हित में उसकी धार ऐसे छापों से कुंद ना हो। भले ही सरकार छापे मारकर डराए, अगर कोई गलत काम नहीं किया तो फिर क्या डरना !

– **विषधर खरा**, उज्जैन

### सिंधु सीमा से जंतर-मंतर

**26** जनवरी पर दिल्ली की बॉर्डर पर बैठे किसानों ने जो कुछ लाल किले पर जाकर किया था उसे सारा देश शर्मिंदा हुआ था इन किसानों ने लाल किले की प्राचीर पर जहां देश का तिरंगा शान से लहराता है वहां सिख धर्म का झंडा फहरा कर देश का एवं संविधान का अपमान किया था क्योंकि किसी धर्म विशेष का झंडा राष्ट्रीय झंडे के आगे फैहराना उसका अपमान करना है अत: ऐसा नहीं होना चाहिए इसके कारण पूरा ही देश किसान आंदोलन पर थू-थू करने लगा था वे तथाकथित किसान जिन्होंने वहां पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिशें की थी एवं पुलिस जवानों को वहां मौजूद खाई में गिरा दिया था वही किसान अब एक बार फिर संगठित होकर देश की संसद पर प्रदर्शन करने के बहाने देश का माहौल फिर से खराब करने की योजना बना रहे हैं। अत: एक बात और कह दूं इस किसान आंदोलन में अधिकतर पंजाब एवं हरियाणा के किसान है जो तथाकथित खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हुए हैं जो एक अलग राष्ट्र की मांग काफी समय से कर रहा है यह किसान 23 से 9 अगस्त तक यहां आंदोलन प्रदर्शन करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। पिछले समय इन नकली किसानों ने जो हंगामा लाल किले पर किया था वहीं अब जंतर मंतर पर करना चाहते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


### प्रकृति से सबक

**यह** हमेशा से कहा जाता है, भौतिक दुनिया में विकास और समृद्धि के लिए, प्रकृति का विनाश हमें कड़ी टक्कर देगा। यहां तक कि, भारतीय राष्ट्रपिता ने भी उचित ठहराया, प्रकृति हमारी जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त देती है, हमारे लालच को नहीं। चीन, कैलीफोर्निया ने जो बीज बोया है, वह अब तबाही और संकट की फसल काट रहा है। अधिक विकसित और शक्तिशाली बनने की दौड़ में हम अपने विनाश की पटकथा लिख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के गंभीर मुद्दे हमेशा सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन उस पर किए गए वादे कभी काम में नहीं आए। चाहे वह कैलिफोर्निया की आग हो या चीन में बाढ़, असामयिक प्राकृतिक घटनाओं ने अपनी शक्ति दिखाई है। न्यूटन ने गति के तीसरे नियम को सही ढंग से रेखांकित किया गया है।हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। भारत भी जलवायु परिवर्तन की इन अभूतपूर्व समस्याओं से अछूता नहीं है। क्या इसे हम अपने कर्मों का परिणाम कहें या सिर्फ एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराए।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**pioneerhry@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




“**भाजपा** कोरोना से बड़ा वायरस लेकर चल रही है जिसका उद्देश्य लोकतंत्र के तीन स्तम्भों यथा, चुनाव, न्यायपालिका और मीडिया को खत्म करना है।

**ममता बनर्जी**–
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**किसी** भी राज्य ने आक्सीजन से होने वाली मरीजों की मौतों का आंकड़ा नहीं भेजा। केंद्र का जवाब राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा भेजे गए आंकड़ों पर आधारित है।

– **संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**आक्सीजन** आपूर्ति के अभाव को लेकर अस्पतालों, मरीजों व उनके परिवारों की ओर से शिकायतों की बाढ़ सी आ गई थी।

–**मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री दिल्ली ”

# हरियाणा में शिक्षक दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित होंगे 44 अध्यापक

## शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन सेवाओं के लिए मिलेगा सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**शिक्षा** विभाग ने पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। राज्य स्तर पर 44 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद मारकंडा से संस्कृत प्राध्यापक लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री का नाम राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित हुआ है। इसके साथ ही जिला के राजकीय माध्यमिक विद्यालय कलाल माजरा के मौलिक मुख्याध्यापक अनिल कुमार का नाम राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित हुआ है।





### पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर मिलेगा सम्मान

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद मारकंडा से संस्कृत प्राध्यापक लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री ने कहा कि स्कूल का रिजल्ट और मैनेजमेंट, शैक्षणिक कार्य, शैक्षणिक गतिविधियों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, अनुश्रवण एवं निगरानी, बच्चों के बैंक अकाउंट को आधार से जोड़ना, पेड़ पौधों का रखरखाव, गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों की हर संभव सहायता करनी आदि को देख कर ही उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### सम्मान मिलने पर होगी बहुत खुशी

राजकीय माध्यमिक विद्यालय कलाल माजरा के मौलिक मुख्याध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें यह सम्मान मिल रहा है। में जिला स्तर पर प्रथम, विद्यालय में गणित व विज्ञान वाटिका का निर्माण, आइटी इनोवेशन में जिला स्तर पर प्रशंसा पत्र, राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में भागीदारी और स्काउट विंग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता को देखते हुए उन्हें यह सम्मान मिल रहा है।

### शिक्षकों ने जताया आभार

दोनों शिक्षकों लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री व अनिल कुमार ने हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन हसला का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हसला ने प्रदेश स्तर पर पूर्व में पेंडिंग पड़े शिक्षक सम्मान के परिणाम घोषित करने की मांग उठाई थी, जिसके बाद विभाग ने मांग पर संज्ञान लेते हुए पहले 2020 के शिक्षक सम्मान की सूची जारी की। वहीं हसला जिला प्रधान बलराम शर्मा ने दोनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है।

रामकृष्ण साधना केंद्र में गुरु पूर्णिमा से पूर्व दिवस मनाया महोत्सव

# गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति असंभव सद्गुरु मिलना परम सौभाग्य: सरस्वती

## हर प्रकार की परिस्थिति में गुरु से मिलता है शिष्य को उचित मार्गदर्शन : जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**गुरु-गोविंद** दोऊ खड़े, काके लागूं पांय, बलिहारी गुरु आपने, जिन गोविंद दियो मिलाय। इन पंक्तियों के साथ स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए गुरुजनों को नमन किया। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य के लिए गुरु-पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। सभी शिष्यों को इस शुभ अवसर पर अपने गुरुजनों की वंदना करनी चाहिए।

मुरथल स्थित रामकृष्ण साधना केंद्र में शुक्रवार को गुरुपूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में स्वयं स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता राजीव जैन ने शिरकत की। गीत-संगीत एवं मधुर भजनों की प्रस्तुति के साथ गुरु पूर्णिमा मनाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज की चरण वंदना की।



स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज से आर्शीवाद लेते भाजपा नेता राजीव जैन।

स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं है। इसलिए गुरु अवश्य बनायें। किंतु गुरु का चयन भी गंभीरता से किया जाना चाहिए। सद्गुरु मिलना परम सौभाग्य की बात होती है। जिसे सद्गुरु मिल जाये उसका लोक-परलोक सुधरना निश्चित हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमें सदैव अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए।

गुरु के हर आदेश पर ईमानदारी से अमल करना चाहिए। गुरु की हर बात जीवन के लिए महत्वपूर्ण होती है, जिसमें शिष्य का कल्याण निहित होता है। भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि गुरुजनों से हर परिस्थिति में उचित मार्गदर्शन प्राप्त होता है। गुरु ही अपने शिष्य के जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। गुरु का सच्चे हृदय से सम्मान करना चाहिए, जो किसी भी स्थिति में डगमगाना नहीं चाहिए। इस दौरान उन्होंने गुरु पूर्णिमा के सफल आयोजन की भी बधाई दी।



# हरियाणा की मिट्टी और सभ्यता से जुड़ा परंपरागत खेल है दंगल : संदीप गर्ग

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**ग्रामीण** क्षेत्र से बेटियों को शिक्षा व खेलों में आगे लाने का बीड़ा उठाए समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा ने कहा कि उनका लक्ष्य बाबैन की बेटियों को ओलंपिक तक ले जाना है। जिसके लिए वह यहां की बेटियों को हर तरह की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे।

संदीप गर्ग गांव गुढ़ा में एक दिवसीय दंगल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि विचार व्यक्त कर रहे थे। संदीप ने दंगल के आयोजन के लिए महिला कोच कविता चौधरी की प्रशंसा की। संदीप गर्ग ने कहा कि आने वाले समय में अगर बाबैन व लाडवा की जनता ने मौका दिया तो महिला खेल स्टेडियम व महिला महाविद्यालय इस क्षेत्र को सबसे बड़ी सौगात होगी। गर्ग ने कहा कि दंगल हरियाणा की मिट्टी व सभ्यता से जुड़ा हुआ परंपरागत खेल है, इसलिए यहां से महिला व पुरूष खिलाड़ी भी तैयार होने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि ओलंपिक में गई भारतीय हॉकी टीम में हरियाणा प्रदेश की नौ खिलाड़ी हैं। ऐसे ही अन्य शहरों की तरह बाबैन के खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेलों में लेकर आएंगे, जिसे लेकर रणनीति बनाई जा रही है।

### पंजाब पुलिस के बिल्लू पहलवान ने जीती 25 हजार की कुश्ती

दंगल में 25 हजार की कुश्ती बिल्लू पहलवान पंजाब पुलिस व विक्की पहलवान दिल्ली पुलिस में खेली गई। दोनों पहलवानों ने जौहर दिखाए। अंत में बिल्लू पहलवान ने यह कुश्ती जीत ली।

## वाहन चालकों को बांटा सैनेटाइजर

**करनाल।** सेक्टर-32 के पासिंग ग्राउंड में गाड़ी पासिंग कराने आए वाहन चालकों को जहां यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें कोरोना संक्रमण के दौरान कैसे बचाव करें, इस बारे में भी बताया गया।

ये जानकारी देते हुए मोटर निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि हर शुक्रवार के दिन वाहन चालक अपने-अपने वाहनों को पासिंग कराने आते हैं, उस वक्त उन्हें यातायात नियमों की जानकारी से अवगत कराया जाता हैं। उन्होंने कहा कि इस वक्त देश कोरोना महामारी से निपट रहा हैं, कोरोना संक्रमण ने देश में तबाही मचाई हुई हैं। इस भयानक संक्रमण को रोकने के लिए सरकार ने बाकायदा हिदायतें जारी की हुई हैं। उन्होंने कहा कि सभी को कोरोना संक्रमण से बचने के लिए जो नियम सरकार ने बनाए है, उनकी पालना करनी चाहिए। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि वे गाड़ियों पर रहते हैं, इसलिए उन्हें सैनेटाइजर बांटे गए। उन्हें बताया किया अगर लगातार हाथ धोना मुनासिब न हो तो हाथों को सैनेटाइज करें ताकि संक्रमण को आगे बढ़ने से रोका जा सके।



आदेश में डा. बीएस भल्ला के साथ प्रबंधन टीम।

# आदेश में गेस्ट्रोएंटरोलोजिस्ट डा. बीएस भल्ला ने संभाला पदभार

### डा. भल्ला की तैनाती से रोगियों को राहत मिलेगी

एजेंसी। कुरुक्षेत्र

मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में गेस्ट्रोएंटरोलोजिस्ट डा. बी.एस. भल्ला ने पदभार संभाल लिया है। डा. बीएस भल्ला लीवर व पेट रोगों के माहिर हैं। इससे पहले देश के नामाचीन अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

प्राचार्य बी.एल. भारद्वाज ने कहा कि डा. बीएस भल्ला की तैनाती से लीवर व पेट से सम्बंधित रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। शाहाबाद, अंबाला, इस्माइलबाद की जनता अनुभवी चिकित्सक का लाभ ले सकेंगे। डा. बी.एल. भारद्वाज ने कहा कि लीवर व पेट रोगियों में इजाफा होता जा रहा है लेकिन अब ऐसे लोगों को उपचार के लिए क्षेत्र से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर डा. एनएस लांबा, डा. नरेश ज्योति, तरविन्द्रजीत खुराना, डा. सरबजीत सिंह, प्रबंधक हरिओम गुप्ता मौजूद रहे।

# बेजुवान जानवरों के इलाज के लिए शुरू हुई एम्बुलेंस सेवा

## उपायुक्त ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**सड़क** या गली मोहल्ले में कुत्ता, बिल्ली व बंदर जैसे बेजुबान जानवरों के बीमार या घायल होने पर इलाज के लिए करनाल की फोर इडियट नाम की एनजीओ ने एम्बुलेंस सेवा जुटाकर एक सराहनीय पहल की है।

शुक्रवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय परिसर से एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सेवा जैसे नेक कार्य के लिए उन्होंने रिबन काटा और नारियल फोड़ा। इस अवसर पर फोर इडियट के चेयरमैन राहुल सिंगला और मीडिया क्लब के प्रधान डा. अशोक अरोड़ा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि कुत्ते, बिल्ली जैसे निरीह जानवर कई बार सड़कों पर घायल अवस्था में पड़े रहते हैं और स्वाभाविक तौर से उनकी कोई मदद भी नहीं करता। ऐसे बेजुबानों के लिए फोर इडियट संस्था द्वारा एम्बुलेंस की व्यवस्था कर उनका इलाज करवाने के लिए जो कदम उठाया है वह अति सराहनीय व अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर वाहनों की आवाजाही के समय जानवर सड़क पर टकराकर घायल हो जाते हैं।




राहुल सिंगला ने इस मौके पर कहा कि जानवर भी ईश्वर के बनाए जीव हैं, जो बोल नहीं सकते, लेकिन उनके अंदर प्रेम, कृतज्ञता और वफादारी को समझने की शक्ति काफी बेहतर होती है। वे इंसान के अच्छे दोस्त भी हो सकते हैं। इस कारण हमें जानवरों के प्रति करूणा और सम्मान का भाव रखना चाहिए और उनकी जरूरतों का भी ध्यान रखा जाए तो अच्छा है।

उन्होंने कहा कि जानवरों को भी इंसानों की तरह पीड़ामुक्त जीवन जीने का अधिकार है। इसे मनुष्य ही दे सकता है। राहुल ने बताया कि जानवरों की मदद के लिए एम्बुलेंस सेवा अभी शहर के लिए शुरू की गई है, धीरे-धीरे इसे पूरा जिले के लिए करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए: मनीष



**कुरुक्षेत्र।** शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव मनीष शर्मा जंधेडी के कार्यालय नई अनाज मंडी में मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मनीष शर्मा ने कहा कि युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके दिखाएं रास्तों पर चलना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि शाहबाद में चंद्रशेखर आजाद के नाम से एक चौक बनाना चाहिए ताकि युवाओं को इनसे प्रेरणा मिलती रहे। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष मनीष शर्मा, रमेशपाल नलवी, जतिन, सुखवंत, बलकार, दिलबाग आदि मौजूद रहे।

### अशोक अग्रवाल बने व्यापार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी द्वारा अशोक अग्रवाल को हरियाणा प्रदेश व्यापार संगठन का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी के राज्यसभा सदस्य एवं हरियाणा के प्रभारी सुशील गुप्ता ने अशोक अग्रवाल को नियुक्ति संबंधी पत्र सौंपा है। यह जानकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश बिंदल ने दी। उन्होंने अशोक अग्रवाल की नियुक्ति के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सदस्य सुशील गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए अशोक अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने की बधाई भी दी है। सतीश बिंदल ने आशा व्यक्त की कि अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में हरियाणा भर में पार्टी का प्रचार एवं प्रसार बढ़ेगा तथा संगठन को और मजबूती मिलेगी।

### समाजसेवी मनमोहन के देहांत पर संगठनों ने जताया शोक



**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद प्रबंधन समिति के प्रधान मनमोहन सिंह का आकष्मिक निधन हो गया है। उनके निधन पर स्कूल प्रबंधन समिति के उपप्रधान सुखविंदर सिंह, सचिव कुलवंत सिंह रफीक, मैनेजर मोहिन्द्रजीत सिंह, वरिष्ठ सदस्य डा. गुरदीप सिंह हेर, इकबाल सिंह, पैटरन तविंदर कौर, ज्वाइंट मैनेजर चरणजीत कौर, ऑडिटर इंद्रजीत सिंह, संतोष कुमारी, गुरपाशना कौर, रविन्द्र रंधावा, महिंद्र सिंह सहित अनेक सामाजिक, शैक्षणिक, स्वयंसेवी, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने गहरा शोक प्रकट किया है। उपप्रधान सुखविंद्र सिंह ने बताया कि मनमोहन सिंह ने स्कूल व समाज के लिए बहुत सराहनीय कार्य किए हैं। इस दौरान स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों ने मूलमंत्र का जाप कर और दो मिनट का मौन रख कर दिवगंत की आत्मिक शांति के लिए गुरु चरणों में अरदास भी की। शाम को दिवंगत का अंतिम संस्कार बराड़ा रोड पर स्थित स्वर्ग आश्रम में किया गया। अंतिम शव यात्रा में नगर के गणमान्य लोग, रिश्तेदार, विभिन्न समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### फील्ड टेस्ट किट से करें पानी की जांच : दीपक कुमार



**कुरुक्षेत्र।** विभिन्न सेल्फ ग्रुप की महिलाओं की एक मीटिंग का आयोजन निकटवर्ती गांव ढांड में किया गया। जिसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने शिरकत की। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने सभी महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि विभाग आप को शुद्ध जल देने के लिए प्रयासरत है। विभाग द्वारा पानी टेस्ट करने के लिए किट दी जा रही है, जिसके द्वारा पता लगाया जाएगा कि पीने के पानी में बैक्टीरिया तो नहीं है। अगर विभाग द्वारा दिए जा रहे पीने के पानी में बैक्टीरिया पाया जाता है, तो विभाग द्वारा उसकी पूरी लाइन की जांच की जाएगी। इसके कारणों का पता लगा कर तवरित समाधान किया जाएगा और आमजन को शुद्ध जल मुहैया कराया जाएगा। दीपक कुमार ने बताया कि 1950-51 में खेती पर हमारे देश में 24 करोड़ निर्भर थे, जो अब बढ़ कर 72 करोड़ हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रतिदिन 244 करोड़ रुपये का भोजन बर्बाद होता है, जो लगभग सालाना 89060 करोड़ रुपये का बैठता है। वर्ष 2016 की एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन के लोग जितना खाना खाते हैं, उतना भारतीय नष्ट कर देते हैं। जिला सलाहकार ने बताया कि ब्राजील में किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा साफ पानी मौजूद है, जबकि खाड़ी के मुल्क कुवैत में सबसे कम साफ पानी उपलब्ध है। ब्लॉक रिसोर्स कोआर्डिनेटर सतविन्द्र टाया ने भी सभी महिलाओं से खुले नलों पर टैब लगवाने तथा व्यर्थ बह रहे पानी को रोकने का आह्वान किया।

## हॉकी खिलाड़ियों ने तिरंगा फहरा की ओलंपिक में खिलाड़ियों की जीत की कामना

**कुरुक्षेत्र।** शुक्रवार को मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों ने तिरंगा फ्हरा कर ओलपिंक में खिलाड़ियों के जीत की कामना की। अंतराज़्ष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी व खेल मंत्री संदीप सिंह की पत्नी हरजिन्द्र कौर ने कहा कि ओलंपिक में दश के लिए मेडल जीत कर देश का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हर देशवासी को खिलाड़ियों का प्रोत्साहन बढ़ाना चाहिए और उनकी जीत के लिए प्राथज़्ना भी करनी चाहिए। हरजिन्द्र कौर ने कहा कि यह हषज़् का विषय है कि हरियाणा से दजज़्नों खिलाड़ी ओलंपिक के लिए रवाना हुए हैं। लेर्ं टनेंट विक्रमजीत सिंह और हॉकी कोच मिनाक्षी ने कहा कि आज हर देशवासी को ओलंपिक गये खिलाड़ियों की जीत के लिए अपने-अपने ढंग से खिलाड़ियों का प्रोत्साहन बढ़ाना चाहिए।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर
गुजर जाने दे उन लम्हों को जो खुद बोलते हैं,
आदमी की औकात ना थी ये लम्हे हैं जो लब खोलते हैं,
वक्त हुआ खामोश तो फिर ये भी चुप हो जाएंगे,
फिर उठेगी शोहरत की धूल उसमें खो जायेंगे।

# के-7 कबड्डी टूर्नामेंट हरियाणा के खिलाड़ियों में उत्साह को वापस लाएगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**महामारी** की बाधाओं को तोड़ते हुए के-7 कबड्डी टूर्नामेंट खेल के रोमांच को कबड्डी के गढ हरियाणा में, खेल प्रेमियों के बीच वापस ला रहा है। के-7 कबड्डी स्टेज अप टूर्नामेंट गुड़गांव हरयाणा में आज से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट का आयोजन फ्यूचर फाइटर्स कबड्डी अकादमी में किया जा रहा है। पहला मैच छज्जू राम कबड्डी अकादमी और भैनी स्कूल के बीच होगा। छज्जू राम कबड्डी अकादमी के मेंटर कबड्डी के महारथी राम मैहर सिंह है वही भैणी स्कूल के युवा खिलाड़ी सबके चहेते नवीन कुमार है। यह टूर्नामेंट 17 दिवसीय कार्यक्रम है, जो 22 जुलाई से अगस्त 8 तक चलेगा।

8 अगस्त तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 59 मैच होंगे। जिनमें पूरे हरयाणा से 140 कुशल व योग्य खिलाड़ी और कोचेज भाग लेंगे। कुल 10 टीम्स हिस्सा लेंगी। जिनमें से 8 टीम्स के-7 क्वॉलिफिएर्स से क्वालीफाई हुई है। दो टीम्स को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी। के-7 क्वॉलिफिएर्स का आयोजन 2021 मार्च में हुआ था। प्रत्येक भाग लेने वाली अकादमी टीम 12 खिलाड़ियों और दो अधिकारियों के एक दल के साथ आएगी।

टूर्नामेंट में 11.2 लाख रुपये का इनाम होगा। जिसमें विजेता टीम को दो लाख रुपये मिलेंगे। पुरस्कारों की अन्य श्रेणियों में 'सुपर-6' - टूर्नामेंट के शीर्ष 6 खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ रेडर, डिफेंडर और बहुत कुछ शामिल है। टूर्नामेंट की शीर्ष-6 टीमें इस साल के अंत में होने वाले के-7 फाइनल में प्रवेश करेंगी।

कबड्डी अकादमी भारतीय पुरुष कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान अनूप कुमार, जो कबड्डी के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक है, इसका संचालन करेंगे। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रामबीर सिंह खोखर, राकेश कुमार, जसवीर सिंह, दीपक निवास हुड्डा, संदीप नरवाल, सुरिंदर नाडा जैसे अर्जुन पुरस्कार विजेता सहित कबड्डी बिरादरी के प्रसिद्ध खिलाड़ी और कोच मौजूद रहेंगे और खिलाड़ियों को हौसला देंगे।

फ्यूचर फाइटर्स कबड्डी अकादमी के संचालक अनूप कुमार कहते हैं, हम कबड्डी को लाइव वापस लाकर खुश हैं और उम्मीद है कि मौजूदा और नई प्रतिभाओं को समान रूप से अवसर देंगे। हमें खुशी है कि आयोजकों, कबड्डी अड्डा द्वारा हमारी अकादमी को आयोजन स्थल के रूप में चुना गया है। हम मैचों की मेजबानी करने के लिए रोमांचित हैं।

**के-7 टूर्नामेंट के बारे में:**

के-7 सीरीज अकाडेमी कबड्डी खिलाड़ियों के लिए अपनी तरह का पहला टूर्नामेंट है, जिसमें कबड्डी के सबसे तेज ब्रांड का प्रदर्शन किया जाता है। के-7 कबड्डी टूर्नामेंट, कबड्डी के सर्वश्रेष्ठ सितारों को एक मंच प्रदान करने का इरादा रखता है, अन्य पेशेवर टूर्नामेंट के लिए फीडर टूर्नामेंट के रूप में काम करने का है। पेशेवर टीमें, खेल से पहले से कहीं अधिक करियर के अवसर पैदा करें।

# मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया ने भारत में अपना 29वां 'मेट्रो होलसेल' स्टोर खोला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**भारत** के सबसे बड़े संगठित होल सेलर और खाद्य विशेषज्ञ मेट्रो कैश एंड कैरी ने शुक्रवार को बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में अपना पहला मेट्रो होलसेल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (स्टोर) लॉन्च किया। यह नया स्टोर भारत में इसका 29वां मेट्रो होलसेल स्टोर है। जिसका उद्घाटन गोलागनी हरी वेंकट कुमारी, मेयर, ग्रेटर विशाखापत्तनम् म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन और अरविंद मेदिरत्ता, एमडी व सीईओ, मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के साथ सरकारी अधिकारियों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, प्रमुख आपूर्तिकर्ता भागीदारों और भारत में मेट्रो टीम के वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति में किया गया। यह नया स्टोर विजयवाड़ा के बाद आंध्र प्रदेश राज्य में दूसरा मेट्रो होलसेल स्टोर है।

कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, मेट्रो ने स्टोर पर 30 कड़ी सुरक्षा प्रक्रियायें लागू की हैं। प्रत्यक्ष कर्मचारियों, प्रमोटरों, हाउसकीपिंग, सुरक्षा कर्मचारियों और ड्राइवरों सहित मेट्रो के 100 प्रतिशत विशाखापत्तनम स्टोर इन-स्टोर कर्मचारियों में कोविड-19 वैक्सीन की पहली डोज लगाई जा चुकी है।

50 हजार वर्ग फुट में फैला विशाखापत्तनम स्टोर रणनीतिक रूप से परदेसीपालम गांव, मधुरवाड़ा हाईवे पर स्थित है और खाद्य और गैर-खाद्य श्रेणी दोनों में 7500 से अधिक उत्पादों के वैश्विक स्तर पर बेंचमार्क गुणवत्ता वर्गीकरण की एक विस्तृत श्रृंखला का स्टॉक करता है। नया स्टोर स्थानीय और राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए करीब 500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करेगा। स्टोर व्यापारियों के लिए मेट्रो के बी2बी ई-कॉमर्स ऐप के साथ जुड़ा हुआ है और किराना ग्राहकों को मेट्रो स्टोर से ऑनलाइन ऑर्डर करने की सुविधा प्रदान करेगा। यह जीपीएस सक्षम ट्रकों के माध्यम से उनके दरवाजे पर स्टॉक पहुंचाएगा। नया स्टोर 5 स्टार गुणवत्ता, थोक मूल्य और एक ही छत के नीचे सब कुछ प्रदान करने के मेट्रो के वादे को पूरा करता है। यह स्टोर शुरू में 50,000 से अधिक पंजीकृत व्यापार ग्राहकों की जरूरतें पूरी करेगा। जिसमें किराना और व्यापारी, होटल, रेस्तरां और कैटरर्स (होरेका); सेवाएं, कंपनियां और कार्यालय (एससीओ) और स्व-नियोजित पेशेवर शामिल हैं। मधुरवाड़ा जिले के अलावा, स्टोर पड़ोसी क्षेत्रों जैसे सब्लूर, पार्वतीपुरम, बोबल्ली, गजपति नगरम, एस कोटा, अरुकु, गरविडी, चेपुरपल्ली, श्रीटिकाकुलम शहर, अमुदलवलसा, राजम, पलकोंडा, नरसनपेटा, टेकल्ली, पलासा और सोमपेटा के व्यापारिक ग्राहकों को लाभान्वित करेगा।

भारत में सतत विकास के लिए मेट्रो की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, अरविंद मेदिरत्ता, एमडी और सीईओ ने कहा, आंध्र प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। जैसे-जैसे हम राज्य में अपनी मौजूदगी बढ़ायेंगे, हम राज्य के विकास में सकारात्मक योगदान देंगे। इसके लिए हम रोजगार के नए अवसरों का सृजन करेंगे, स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देंगे।

# भारतीय टीम टोक्यो ओलंपिक से लाएगी डबल डिजिट में पदक : खेल मंत्री

## टोक्यो ओलंपिक के स्क्रीनिंग समारोह में पंचकूला में डिजीटली शामिल होने पर कहा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंचकूला** के ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को हरियाणा के खेल एवं युवा कार्यक्रम राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह डिजिटल तौर पर टोक्यो ओलंपिक-2020 के उद्घाटन समारोह से पहले स्क्रीनिंग सेरेमनी में शामिल हुए।

खेलमंत्री संदीप सिंह ने इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ विक्टरी पंच दिखाकर टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारतीय खिलाड़ियों को चीयर किया। खेल मंत्री सहित सभी हस्तियों ने जय हिंद के जयकारे लगाते हुए खिलाड़ियों का



उत्साह बढ़ाया।

इस मौके पर खेलमंत्री ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस बार भारतीय टीम टोक्यो ओलंपिक में डबल डिजिट में पदकों को देश की झोली में डालेगी। आज नई दिल्ली के नेशनल स्टेडियम से टोक्यो ओलंपिक 2020 की स्क्रीनिंग सेरेमनी का खास डिजिटली आयोजन किया गया।

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और खेल राज्य मंत्री निसित प्रमाणिक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से 32वें ओलिंपिक खेलों की स्क्रीनिंग सेरेमनी में शामिल हुए। खेलों के महाकुंभ ओलंपिक की शुरुआत आज से टोक्यो में होगी।

इस खेल के सबसे बड़े आयोजन का इंतजार पूरी दुनिया बेसब्री से कर रही थी। भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार शाम 4.30 बजे टोक्यो ओलंपिक का उद्घाटन समारोह शुरू हुआ। उनके साथ पूर्व खिलाड़ी और विभिन्न क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियां भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीयर फोर इंडिया अभियान के तहत टोक्यो में भाग लेने वाले भारतीय दल का उत्साह बढ़ाती नजर आई। इस दौरान हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह, यशोधरा राजे सिंधिया और राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद आदि के स्टेडियम में उपस्थित रहे।

टोक्यो ओलंपिक में कुल 119 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा लेने गए हैं जो अब तक का सबसे बड़ा दल है। इनमें से ओपनिंग सेरेमनी में हॉकी से एक खिलाड़ी, बॉक्सिंग के 8 खिलाड़ी, टेबल टेनिस के चार, जिमनास्टिक्स से एक, स्विमिंग से एक, सेलिंग से चार, फेंसिंग से एक जबकि छह अधिकारीगण शामिल होंगे।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने जिला माईनिंग अधिकारी सस्पेंड, आरटीए का तबादला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के खेल एवं युवा कार्यक्रम राज्यमंत्री संदीप सिंह ने शुक्रवार को पंचकूला में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में जिला माईनिंग अधिकारी ओमदत्त शर्मा को निलंबित करने व जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव आरटीए अमरेंद्र सिंह का स्थानांतरण करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता भी उपस्थित रहे।

शुक्रवार की बैठक के आरंभ में गत 28 जून 2021 को आयोजित हुई जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति में रखे गए 13 मामलों में आज तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। पिछली बैठक के दौरान डांगरी नदी में से गांव बडोना कलां के रास्ते अवैध माईनिंग करके रेत ढुलाई की शिकायत आई थी, इस मामले में खेल एवं युवा कार्यक्रम राज्य मंत्री संदीप सिंह ने निर्देश दिए थे कि पंचकूला जिला में जहां-जहां बिना लाईसेंस के अवैध माईनिंग की जा रही है, उसकी एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा साथ ही माईनिंग गार्ड की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाए।

विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्धारित माईनिंग क्षेत्र में ओवर लोडिंग वाहनों का नियमित रूप से नियमानुसार निरीक्षण कर चालान करने के निर्देश दिए थे, लेकिन दोनों ही अधिकारी आज कष्ट निवारण समिति के समक्ष इस संदर्भ में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में 43 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**कुरुक्षेत्र।** युवा सेवा समिति पिहोवा व सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा संयुक्त रुप से पिहोवा की पंजाबी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा सेवा समिति द्वारा आयोजित इस 7वें विशाल रक्तदान शिविर में लेफ्निंट विक्रमजीत सिंह बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इसके अलावा शिविर में जिला परिषद के सदस्य एवं भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र माजरी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मुख्यातिथि का शिविर में पधारने पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, युवा सेवा समिति के प्रधान जसवीर सिंह इशाक, उप प्रधान संदीप कश्यप, कोषाध्यक्ष रविंदर, सचिव मामराज बैरागी, सूबेदार नैब सिंह ने स्वागत किया। शिविर में 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मुख्यातिथि लेफ्निंट विक्रमजीत सिंह ने रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। विक्रमजीत सिंह ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि कोरोना से बचाव को लेकर टीकाकरण जरूर करवाएं, टीकाकरण ही बचाव का एकमात्र उपाय है। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र माजरी ने कहा कि रक्त किसी की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण है। शिविर में खेल मंत्री संदीप सिंह के निजी सचिव कुलदीप ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के संरक्षक नरेश सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण कुमार, जिला कोऑर्डिनेटर अविनाश कौर सहित अक्षय नंदा, विकास राणा, राजपाल, तनिश, महबूब खान व राजेश मौजूद रहे।

### बढ़ती चोरियों के मद्देनजर दिए ठीकरी पहरे के निर्देश

**रादौर।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कंवरभान नरवाल ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन बढ़ रही चोरी की घटनाओं के मद्देनजर सभी ग्रामीण चौकीदारों व निर्वितमान सरपंचों को रात्रि ठीकरी पहरे के निर्देश दिए गए हैं। ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा की पिछले कुछ दिनों से गांव में पशु चोर गिरोह भी सक्रिय हो गया है और इस गिरोह द्वारा चौपहिया वाहनों में पशुओं को लोड कर चुराया जा रहा है। इसके अलावा भी चोर बंद मकानों को अपना निशाना बना रहे हैं, जिसको लेकर ही रात्रि ठीकरी पहरा लगाने बारे कहा गया है, ताकि चोरी पर अंकुश के साथ ही इस गिरोह को काबू किया जा सके।

# खुले छठवीं से आठवीं तक के स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

**कोरोना** की रफ्तार धीमी होने के साथ ही प्रदेश भर में शुक्रवार से छठी से आठवीं तक की कक्षाओं को भी शुरू कर दिया गया। रादौर के छोटाबांस में स्थित सरकारी स्कूल में भी शुक्रवार को छठी से आठवीं तक के बच्चे स्कूल पहुंचे। जिन्हें स्टाफ सदस्यों द्वारा तापमान चेक कर व सैनेटाइज के बाद कक्षा में प्रवेश दिया गया।



रादौर के छोटाबांस में स्कूल में बच्चों को जानकारी देते शिक्षक।

स्कूल के अध्यापक वीरेंद्र कुमार ने बताया की पहले दिन बच्चों की संख्या काफी कम रही। उन्होंने बताया की स्कूल में छठी से आठवीं तक के बच्चों की कुल संख्या 132 है, जबकि आज स्कूल में मात्र 26 से 28 बच्चे ही स्कूल पंहुचे है, जिसका कारण बच्चों व अभिभावकों में कही न कही कोरोना संक्रमण का डर है। जिस वजह से आज संख्या काफी कम रही, लेकिन उम्मीद है की आगे बच्चों की संख्या बढ़ेगी, जिससे उनकी शिक्षा भी सुचारु रूप से जारी रहेगी। वही पहले दिन स्कूल में पहुंची आठवीं कक्षा की छात्र अंजलि ने कहा की उसे स्कूल आकर बहुत अच्छा लगा, क्योंकि पठन कार्य के लिए स्कूल जैसा माहौल घर पर नहीं मिल पाता था और अब किसी विषय बारे अध्यापक से तुरंत परामर्श मिल जाएगा। धीरे-धीरे प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों को खोला जा रहा है, पहले जहां 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं को शुरू किया गया था, वहीं आज से छठी से आठवीं तक की कक्षाओं को भी शुरू कर दिया।

## खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन को किया गया ध्वजारोहण

**रादौर।** महाराजा अग्रसेन सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कारगिल शहीदों की याद में व ओलंपिक खेलों में भाग लेने गए भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सभी अध्यापकगण ने दिल की गहराइयों से उनको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वह देश की गरिमा और मान-सम्मान को बढ़ाने में अपना पूर्ण सहयोग दे सके। ध्वजारोहण में स्कूल के एमडी डॉ सुदेश बंसल ने ध्वजारोहण की रस्म अदा की। सभी अध्यापक गण ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण प्रक्रिया में अरुणा शर्मा, अशोक कंबोज, दिव्या, सुरेंद्र सिंगला ,विशा आदि सम्मिलित हुए।

# करनाल-यमुनानगर नई रेल लाइन परियोजना की मंजूरी पर जताई ख़ुशी

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

### लोगों ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री का आभार जताया

**हरियाणा** सरकार द्वारा करनाल से यमुनानगर तक नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दिए जाने पर शुक्रवार को रादौर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार के इस फैसले का जोरदार स्वागत किया है।

शहर निवासी धूमसिंह, अंकुश सैनी, श्रवण कुमार, राजू वर्मा, अरुण आदि ने बताया कि सरकार ने करनाल से यमुनानगर तक नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी देकर क्षेत्र के लोगों की पुरानी मांग को पूरा किया है। क्षेत्र के लोग दशकों से इस रेलवे लाइन को बिछाने की मांग करते आ रहे थे।

अब लगभग 883 करोड़ रुपये में यह रेलवे लाइन अगले 4 वर्षों में बिछकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय रेल मंत्री का हार्दिक आभार जताया है।

# मुख्याध्यापक की तानाशाही पर चला उपायुक्त का डंडा

सुरेंद्र इंदौरा। रेवाड़ी

### सरकारी स्कूल में बिटिया के दाखिले को छह महीने से परेशान थे परिजन

### अधिवक्ता की मेहनत के बाद मिला दाखिला

**एक** सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक की कथित मनमानी पर आखिर उपायुक्त ने न केवल रोक लगाई, बल्कि पिछले छह महीने से दाखिले को स्कूल के चक्कर लगा रही एक तेरह वर्षीय बिटिया का दाखिला भी करा दिया।

गौरतलब है कि शहर के एक मोहल्ला की तेरह वर्षीय बच्ची के परिजन उसका दाखिला निकटवर्ती गांव के एक सरकारी स्कूल की आठवीं कक्षा में कराना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने इस स्कूल के प्रधान अध्यापक से संपर्क किया। निश्चित रूप से बेशक प्रधान अध्यापक ने सीधे तौर पर दाखिला देने से मना नहीं किया, लेकिन उसका एडमिशन भी नहीं लिया। वे परिजनों को टरकाते रहे।

करीब छह माह बाद प्रधान अध्यापक ने सीधे तौर पर परिजनों को दाखिला देने से मना कर दिया। एडवोकेट कैलाश चंद ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया। परिजनों ने उनसे संपर्क किया तथा मुख्य अध्यापक की तानाशाही से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने इस संबंध में एक शिकायत पत्र शिक्षा विभाग पंचकूला, उपायुक्त तथा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा।

इधर मामला उपायुक्त से संज्ञान में आते ही उन्होंने तुरंत एक्शन लिया तथा जिला शिक्षा अधिकारी को बच्ची का दाखिला कराने के आदेश दिए। उपायुक्त के आदेश के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने एक पत्र स्कूल के प्रधान अध्यापक को भेजा तथा उन्हें बच्ची का दाखिला कर इसकी रिपोर्ट कार्यालय को भेजने के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया। अधिवक्ता कैलाश चंद ने बताया कि उपायुक्त के आदेश के बाद बच्ची का सोलह जुलाई को दाखिला किया गया और अब वह स्कूल जा रही है।

# महिला खिलाड़ियों को भी मिलेगा विवाह शगुन योजना का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना में दिए जाते हैं 51 हजार रुपये

**हरियाणा** सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत पात्र परिवार को लड़की की शादी के लिए शगुन के रूप में 51 हजार रुपये दिए जाते हैं, ताकि वह परिवार अपनी लड़की की शादी अच्छे से कर सके।

उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए लडक़ी की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक व लड़के की आयु 21 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र परिवार को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति एवं टपरीवास जाति के बीपीएल परिवारों को उनकी लड़की की शादी के लिए इस योजना के तहत सरकार द्वारा 51 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति एवं टपरीवास जाति का व्यक्ति यदि बीपीएल नहीं है तो उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम हो या ढ़ाई एकड़ से कम जमीन होने पर उसकी लड़की की शादी में 11 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

इसके अलावा पिछड़े वर्ग का व्यक्ति बीपीएल हो, उसकी आय एक लाख रुपये से कम हो या ढ़ाई एकड़ से कम जमीन हो तो उसकी लड़की की शादी में 11 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इसके अतिरिक्त सामान्य वर्ग का व्यक्ति यदि बीपीएल है तथा आय एक लाख रुपये से कम हो या ढ़ाई एकड़ से कम जमीन हो तो उसकी लड़की की शादी में भी 11 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

# किशोर विकास सदन के जरूरतमंदों को उपायुक्त दिलाएंगे प्लेसमेंट

### वन स्टोप सेंटर का निरीक्षण करते हुए की सुविधाओं की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।

**किशोर** विकास सदन (स्टेट आफ्टर केयर होम) के जरूरतमंद नवयुवकों की मांग व जरूरत के दृष्टिगत उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि वे व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले नवयुवाओं को प्लेसमेंट दिलायेंगे। उन्होंने सदन के बच्चों व किशोरों को खेलकूद में आगे बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जिसके लिए उन्होंने खेल सुविधाएं व प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया।

उपायुक्त ने शुक्रवार को किशोर विकास सदन तथा वन स्टोप सेंटर का निरीक्षण किया। सदन में रह रहे



किशोर सदन में छात्र से बातचीत करते डीसी सिवाच।

बच्चों-किशोरों व नवयुवकों से उन्होंने बातचीत करते हुए उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने बच्चों को उच्चतम शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर वे जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। विशाल, रोहित, सुनील व ध्रुव इत्यादि से उन्होंने पढ़ाई, सदन में सुविधाओं आदि के विषय में विस्तार से जानकारी ली।

उपायुक्त सिवाच को इस दौरान संरक्षण अधिकारी ममता शर्मा ने व्यावसायिक कोर्स करने वाले बच्चों की प्लेसमेंट संबंधी आवश्यकता से रूबरू करवाया। उपायुक्त ने इस जरूरत को बेहद गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही विश्वास दिलाया कि वे आईटीआई से व्यावसायिक कोर्स करने वाले नवयुवकों को प्लेसमेंट दिलायेंगे। उन्होंने ऐसे बच्चों की सूची प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।

## रेहड़ी वाले को लूटने के आरोपी को किया काबू

**करनाल।** आईसक्रीम की रेहड़ी वाले को लूटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सूरज वासी मेरठ रोड रामपुरा कटाबाग जिला करनाल ने थाना सेक्टर-32/33 में शिकायत दी कि 22 जुलाई को शाम के समय करीब 7.30 बजे एक बुलेट मोटरसाईकिल पर तीन अज्ञात युवक आये। जिनके हाथों में डण्डे थे। जो सूरज को डण्डे से चोट मारने का भय दिखाकर उससे उसके 8 हजार रुपये लूटकर मौका से फरार हो गये। इस संबंध में सूरज के बयान पर बाइक सवार तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-32/33 जिला करनाल में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों जोनी व कृष्ण उर्फ मन्ना वासियान रामपुरा कटाबाग जिला करनाल को नहर पटरी नजदीक शुगर मिल करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से इस्तेमाल बुलेट मोटरसाईकिल को बरामद की है।

## बंदूक के बल पर मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस ने बंदूक के बल पर कुलदीप वासी बंसत विहार को अगवा कर मारपीट कर जान से धमकी देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच कर्ता एएसआई उमेश कुमार ने बताया कि आरोपी प्रवीण वासी गांव पोपडा जिला करनाल को पोपडा से गिरफ्तार किया गया जबकि दूसरे आरोपी लवकुश वासी रामकालोनी थाना सिटी जिला जींद को जिला जेल जींद से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी लवकुश को वारदात में इस्तेमाल बंदूक के साथ जिला जींद पुलिस द्वारा 18 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। इन दोनों आरोपियों को आज पेश अदालत किया जाकर जेल भेजा गया।

# हरिद्वार से कांवड़ लाने पर प्रतिबंध पकड़े जाने पर वाहन भी होगा जब्त

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**उपायुक्त** निशांत कुमार यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए कोविड के दौरान इस वर्ष हरिद्वार से कांवड़ लाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध 23 जुलाई, 2021 से 6 अगस्त, 2021 तक जारी रहेगा।

इस अवधि में जो व्यक्ति कांवड़ लाने के लिए जिस वाहन का प्रयोग करेगा उसे भी जब्त कर लिया जाएगा। कांवड़ लाने वाले को 14 दिनों के लिए क्वारंटाइन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि उत्तराखंड सरकार का प्रयास है कि इस वर्ष किसी भी कीमत पर कांवड़ियों को हरिद्वार में नहीं आने दिया जाएगा। कोरोना में एक जगह ज्यादा आदमी एकत्रित होने पर पाबंदी है।

इस बारे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला के बस स्टैडों, रेलवे स्टेशनों व मंदिरों के माध्यम से प्रचार प्रसार करवाया जा रहा है। उपायुक्त ने जिला के लोगों से अपील की है कि वह इस बार हरिद्वार से कांवड़ लेने न जाएं। प्रशासन का सहयोग करें, कोविड के नियमों का पालन करें। यदि कोई व्यक्ति नियमों की अवेहलना करता है उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# रुके विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाना ही उद्देश्यः मदान

### मेयर ने वार्ड सं-14 में गली निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नगर** निगम मेयर निखिल मदान ने शुक्रवार को वार्ड नं-14 के बैयांपुर खुर्द, राजीव कॉलोनी, गोविंद नगर में विभिन्न गलियों के इंटरलॉकिंग टाइलों और आरसीसी (सीमेंटेड) के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्थानीय पार्षद और सर्बंधित निगम अधिकारी जेई कृष्ण दहिया



एवं कॉलोनीवासी उनके साथ मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने कहा कि कई सालों से राजीव नगर की कई गलियां टूटी हुई थीं। साथ ही कुछ गलियों में सीवरेज और पेयजल पाइप लाइन दबाने के बाद उन्हें उसी हालत में छोड़ दिया गया था। इस प्रकार की सभी गलियों को अब इंटरलॉकिंग टाइल और कुछ गलियों को कंक्रीट से पक्का (सीमेंटेड) किया जाएगा।

इस अवसर पर गली के बुजुर्गों द्वारा रिब्बन कटवाकर विधिवत रूप से गली निर्माण के कार्य की शुरुआत की गई। मेयर निखिल मदान ने सम्बन्धित ठेकेदार और निगम अधिकारियों को गली निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। इस दौरान अनिल कुमार, महेंद्र, अमित निगम, लहना सिंह, नरेश सरोहा, हैप्पी, सुनील मलिक, जुगल ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

# गुणी प्रकाश का पैतृक गांव फरल में होगा सामाजिक बहिष्कारः विर्क



फैसला के बारे में लोगों को अवगत करवाते गांव फरल की संगत।

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** किसान यूनियन हरियाणा (मान ग्रुप) के प्रदेशाध्यक्ष गुणी प्रकाश को सिख समाज के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करना महंगा पड़ गया है। उनके पैतृक गांव फरल की सिख संगत ने शुक्रवार को एक बैठक कर उनके बायकाट का फैसला लिया है।

सिख संगत ने घोषणा की है कि जब तक गुणी प्रकाश अपने कृत्य के लिए सिख संगत ने क्षमा याचना नहीं करता, तब तक पूरा गांव उसका बायकाट करेगा। इससे पहले समाजसेवी विक्रमजीत सिंह विर्क की अध्यक्षता में सिख संगत की बैठक गुरुद्वारा साहिब फरल में हुई, जिसमें हरियाणा सिख परिवार के प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना, शिरोमणि अकाली दल कुरुक्षेत्र के जिला शहरी अध्यक्ष तजिंद्र सिंह मक्कड व थानेसर शहरी अध्यक्ष दिलबाग सिंह चौधरी ने विशेष रुप से शिरकत की। बैठक में सभी ने गुणी प्रकाश द्वारा सिखों बारे प्रयोग की गई अभद्र भाषा की कड़े शब्दों में निंदा की। इस मौके पर पूर्व सरपंच फरल हरविंद्र सिंह विर्क, कर्मवीर सिंह, सुखदेव सिंह, हरपिंद्र सिंह, जसविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### संगत आज लेगी फैसला

**हरियाणा** सिख परिवार के प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि जिला भर की सिख संगत शनिवार 24 जुलाई को सुबह 10 बजे यहां के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में एकत्रित होगी, जहां पर भारतीय किसान यूनियन हरियाणा (मान ग्रुप) के प्रदेशाध्यक्ष गुणी प्रकाश द्वारा सिखों के प्रति की गई अभद्र भाषा के बारे में फैसला लिया जाएगा। अजराना ने बताया कि उपायुक्त और जिला पुलिस अधीक्षक को गुणी प्रकाश के खिलाफ शिकायत देने के साथ-साथ अगले कड़े आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

# बड़ा सवालः फर्जी प्रॉपर्टी आईडी से बनी रजिस्ट्रियां कब होगी कैंसिल

### जांच के बीच इकोनॉमिक सैल इंचार्ज का तबादला

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**नगर** निगम के एनडीसी पोर्टल से छेड़छाड़ कर बनी 209 फर्जी आईडी मामले की जांच लम्बी खींचती नजर आ रही हैं, क्योंकि करनाल के हाई प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे इकोनॉमिक सैल इंचार्ज का तबादला गुड़गांव कर दिया हैं। जिससे जांच ओर लम्बी खींच सकती हैं। यहीं नहीं नई अनाजमंडी में फर्जी गेट पास मामले की जांच भी इकोनॉमिक सैल इंचार्ज द्वारा की जा रही थी। उम्मीद जताई जा रही थी कि करनाल के हाई प्रोफाइल मामलों की जांच जल्द पूरी हो जाएगी और आरोपी जेल में होंगे। हालांकि तबादला प्रकिया एक रूटीन प्रक्रिया हैं। इन मामलों की जांच से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए? हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं सवाल उठ रहा है कि प्रशासनिक अधिकारी अब तक उन रजिस्ट्रियों को रद्द क्यों नहीं कर पा रहे, जो एनडीसी पोर्टल पर फर्जी टेंपरेरी प्रॉपर्टी जनरेट कर अवैध कॉलोनियों में बनी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ऐसी करीब सौ से अधिक रजिस्ट्रियां है, जो अवैध कॉलोनियों में बनी है? हालांकि इस बारे में प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। साथ ही ऐसी रजिस्ट्रियां बनवाने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी, लेकिन अब तक सभी दावे खोखले साबित होते दिखाई दे रहे है।

### ये कहा नगर निगम ईओ व इकोनॉमिक सैल इंचार्ज ने

पुलिस की इकनॉमिक सैल के नव नियुक्त इंचार्ज प्रवीन ने बताया कि उन्हें अभी चार्ज मिला हैं, लेकिन नगर निगम में पोर्टल से आईडी मामले की जांच की फाइल की जांच फिलहाल उनके पास नहीं हैं। इसलिए इसके बारे में उनके पास ज्यादा जानकारी नहीं हैं। नगर निगम के ईओ देवेंद्र नरवाल ने बताया कि एनडीसी पोर्टल से 209 फर्जी प्रॉपर्टी बनी थी, इसकी जानकारी पुलिस को देकर बाकायदा केस दर्ज करवाया था। मामले की जांच चल रही हैं साथ ही पुलिस जांच के साथ-साथ एडीसी करनाल भी मामले की जांच कर रहे हैं। हालांकि मामले में पुलिस ने इस मामले में नगर निगम के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था।

### अब तक क्यों नहीं रद्द की गई रजिस्ट्रियां?

शहरवासी सवाल पूछ रहे हैं, जब नगर निगम के पोर्टल के साथ छेड़छाड़ या हैक करके फर्जी आईडी बनाई गई ओर उनके आधार पर तहसील से अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्रियां भी बनवा ली, तो क्या गलत नहीं है? अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्रियों होती ही नहीं, फिर गलत तरीकों से भ्रष्टाचार कर रजिस्ट्रियां बनी हैं। हैरत की बात है, ऐसी अवैध कॉलोनियों में बनी रजिस्ट्रियों को प्रशासन अब तक रद्द तक नहीं कर पाया। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों के पास ऐसी रजिस्ट्रियों को रद्द करने की पावर है। सवाल तो ये भी उठ रहा है कि क्या प्रशासन मान रहा है कि अवैध कॉलोनियों में जो रजिस्ट्रियां बनी है, वे सही है?

### ऐसा कहा डीसी निशांत यादव ने

डीसी निशांत यादव ने कहा कि फर्जी आईडी के आधार बनी रजिस्ट्रियों को कैंसिल करने की प्रक्रिया नगर निगम कमिश्नर द्वारा शुरू की जा चुकी हैं, फिलहाल मामले की पूरी जानकारी नगर निगम कमिश्नर दे सकते हैं।

# अमेरिकी मीडिया समिति ने दैनिक भास्कर, भारत समाचार पर छापों की निंदा की

## अमेरिका की कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स ने की समाचार संस्थानों पर आयकर छापों की आलोचना

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** स्थित एक मीडिया समिति ने भारत के मशहूर मीडिया समूह दैनिक भास्कर और टीवी चैनल भारत समाचार के परिसरों पर आयकर के छापे की निंदा की। कहा कि भारत को सरकार की आलोचना करने वाले मीडिया घरानों को डराने के लिए ऐसी कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) ने कहा कि भारत को प्रेस की स्वतंत्रता की अपनी लंबी परंपरा को पुनर्जीवित करना चाहिए और पत्रकारों को सार्वजनिक हित के मामलों पर स्वतंत्र रूप से खबरें देने की अनुमति देनी चाहिए। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने कथित कर चोरी के मामले कई राज्यों में दैनिक भास्कर और भारत समाचार के परिसरों पर छापेमारी की है। दैनिक भास्कर की 12 राज्यों में पकड़ है और समाचार पत्र के अलावा वह अपना रेडियो स्टेशन, वेब पोर्टल चलाता है और उसका मोबाइल ऐप भी है। उसके परिसरों पर बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े पांच



बजे छापेमारी की गई जो देर शाम तक जारी रही। विभिन्न राज्यों में 30 स्थानों पर छापेमारी की गई। वहीं, भारत समाचार और उसके प्रवर्तकों, कर्मचारियों के परिसरों पर उत्तर प्रदेश में छापे मारे गए।

सीपीजे के एशिया कार्यक्रमों के समन्वयक स्टीवन बटलर ने कहा, दैनिक भास्कर और भारत समाचार के परिसरों पर आयकर विभाग के छापों का इस्तेमाल... भारत सरकार की आलोचना करने वाले मीडिया घरानों को डराने-धमकाने के उद्देश्य से की गई कार्रवाई स्पष्ट रूप से एक घटिया रणनीति है और इसे रोके जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, भारत को प्रेस की स्वतंत्रता की अपनी लंबी परंपरा को पुनर्जीवित करना चाहिए, इन जांचों को बंद करना चाहिए।

पत्रकारों को सार्वजनिक हित के मामलों पर स्वतंत्र रूप से खबरें देने की अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने कहा, भारतीय अधिकारियों को तुरंत मीडिया समूह दैनिक भास्कर के कार्यालयों और उसके प्रबंध निदेशक के घर पर कब्जा छोड़ना चाहिए। दैनिक भास्कर तथा भारत समाचार के कर्मचारियों को परेशान करना बंद कर देना चाहिए। गौरतलब है कि दैनिक भास्कर और भारत समाचार देश में कोविड-19 के प्रबंधन को लेकर सरकार की काफी आलोचना करते रहे हैं। वैश्विक महामारी के दौरान लोगों की परेशानियों तथा अधिकारियों की विफलता को लेकर कई खबरें की हैं। देशभर में इन छापेमारी की आलोचना की जा रही है। हालांकि, केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आयकर विभाग की कार्वाई में सरकार का कोई हाथ नहीं होने की बात कही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की राजनीति में किसानों के लिए जगह नहीं

**जयपुर।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किसानों के मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा की राजनीति में किसानों के लिए जगह नहीं है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एक कार्यक्रम में डोटासरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसान विरोधी राजनीति करने के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस प्रकार की राजनीति करती है उसमें किसानों के लिए कोई स्थान नहीं है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में किसानों के लिए जितनी अपमानजनक बातें कहीं गई और उन पर अनर्गल आरोप लगाए गए वे निंदनीय है। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा के नेता किसान पुत्रों को खालिस्तानी कहते हैं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की नई मंत्री मीनाक्षी लेखी किसानों को मवाली कहकर संबोधित करती हैं। यह भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी विचारधारा का परिचायक है।

### गणेश गोदियाल ने राहुल गांधी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने शुक्रवार को पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल गांधी के आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस के उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, इस मुलाकात के दौरान गोदियाल ने खुद को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपने के लिए राहुल गांधी का आभार जताया। गौरतलब है कि कांग्रेस ने उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले अपनी राज्य इकाई में बड़ा बदलाव करते हुए बृहस्पतिवार को गणेश गोदियाल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को चुनाव प्रचार समिति का प्रमुख नियुक्त किया। गोदियाल दो बार उत्तराखंड विधानसभा के सदस्य रहे हैं। वह 2002 में विधायक निर्वाचित हुए। फिर वह 2012 के विधानसभा चुनाव में पौड़ी गढ़वाल जिले की श्रीनगर विधानसभा सीट से चुनाव जीते थे। 2017 के चुनाव में वह हार गए थे।

### 12 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालयों के विजिटर, भारत के राष्ट्रपति ने 12 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के नियुक्ति को स्वीकृति दी है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, राष्ट्रपति ने 12 विश्वविद्यालयों के लिए कुलपतियों की नियुक्ति को स्वीकृति दी है। इन विश्वविद्यालयों में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, झारखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु और हैदराबाद के केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। इनके अलावा दक्षिण बिहार (गया) का केंद्रीय विश्वविद्यालय, मणिपुर विश्वविद्यालय, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी और बिलासपुर का गुरु घासीदास विश्वविद्यालय भी शामिल हैं जिनके लिए कुलपतियों की नियुक्ति की गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को राज्य सभा को सूचित किया था कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के 22 पद रिक्त हैं। जिनमें से 12 पदों के लिए नियुक्तियों पर विजिटर द्वारा पहले ही अंतिम निर्णय ले लिया गया है।

इजरायली स्पाइवेयर पेगासस मामले की

# उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच हो, गृह मंत्री इस्तीफा दें: राहुल

## कहा, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने लोकतंत्र की हस्तियों के खिलाफ पैगासस का उपयोग किया

### प्रधानमंत्री ने पैगासस हथियार का उपयोग देश के खिलाफ कर राजद्रोह किया

एजेंसी। नई दिल्ली।

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके भारत के कई प्रमुख व्यक्तियों की कथित तौर पर जासूसी किए जाने को राजद्रोह करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि पेगासस का उपयोग भारतीय राज्य और संस्थाओं के खिलाफ किया गया तथा यह जनता की आवाज पर आक्रमण है।

राहुल गांधी ने संसद भवन के निकट विजय चौक पर संवाददाताओं



से कहा, पेगासस एक हथियार है। जिसका उपयोग आतंकवादियों और अपराधियों के खिलाफ किया जाता है। हमारे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने भारत के संस्थाओं और लोकतंत्र के खिलाफ इसका उपयोग किया। मेरा फोन टैप किया। यह मेरी निजता का मामला नहीं है। मैं विपक्ष का एक नेता हूं और मैं जनता की आवाज उठाता हूं। यह जनता की आवाज पर आक्रमण है।

उन्होंने दावा किया, राफेल मामले की जांच रोकने के लिए पेगासस का उपयोग किया गया। नरेंद्र मोदी जी ने इस हथियार का उपयोग हमारे देश के खिलाफ किया। इसके लिए सिर्फ एक शब्द है राजद्रोह। राहुल गांधी ने कहा, गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और नरेंद्र मोदी की भूमिका उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए क्योंकि इसके उपयोग का आदेश प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ही दे सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके फोन को टैप किया गया है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सवाल किया, अगर भारत सरकार ने पेगासस का उपयोग नहीं किया तो किसी दूसरी सरकार ने किया होगा क्योंकि पेगासस को सिर्फ सरकार को बेचा जा सकता है। प्रधानमंत्री क्यों नहीं कहते कि इसकी जांच कराई जाएगी? इसका भी जवाब दें कि उन्होंने इसे खरीदा है या नहीं?

राहुल गांधी ने दावा किया, मेरा फोन टैप किया गया है। मेरे सुरक्षा में लगे लोगों ने बताया कि मेरा फोन टैप किया गया। ऐसा तीन-चार बार किया गया। मेरे दोस्तों को फोन किया जाता है और बताया जाता है कि राहुल गांधी का फोन टैप किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। साधारण सी बात है। अगर आप भ्रष्ट और चोर हैं तो नरेंद्र मोदी से आप डरेंगे, लेकिन आप भ्रष्ट और चोर नहीं हैं तो आप नहीं डरेंगे।

गौरतलब है कि मीडिया संस्थानों के अंतरराष्ट्रीय गठजोड़ ने दावा किया है कि केवल सरकारी एजेंसियों को ही बेचे जाने वाले इजराइल के जासूसी सॉफ्टवेयर के जरिए भारत के कुछ रसूखदार लोगों सहित बड़ी संख्या में कारोबारियों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के 300 से अधिक मोबाइल नंबर, हो सकता है कि हैक किए गए हों।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय कृषि कानूनों को लेकर कहा, कृषि कानूनों को लेकर हमारा रुख स्पष्ट है कि इनको वापस लिया जाए। बातचीत का मामला नहीं है। मामला कानूनों को वापस लेने का है।

# पेगासस सहित अन्य मुद्दों पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

## भारी हंगामे के बीच बैठक दिनभर के लिए स्थगित

एजेंसी। नई दिल्ली।

**पेगासस** जासूसी मामला, तीन नए केंद्रीय कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के कारण शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद करीब सवा 12 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

संसद के मॉनसून सत्र के दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण पहले सप्ताह में निचले सदन में कामकाज बाधित रहा। सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और प्रश्नकाल शुरू कराया। इसके बाद कुछ विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के निकट पहुंच गए। कुछ सदस्यों के हाथों में तख्तियां थी जिन पर पेगासस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग के बारे में लिखा हुआ था। सदन में हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने मंत्रालयों से संबंधित पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर



जाने और कोविड दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की।

उन्होंने कहा, कोविड संक्रमण और टीकाकरण की स्थिति पर बात हो रही है। आप लोगों ने मास्क नहीं लगा रखे हैं। कोरोना संक्रमण खत्म नहीं हुआ है। आप जन प्रतिनिधि हैं। अगर आप खुद संक्रमण फैलाएंगे तो फिर क्या संदेश जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, कोविड दिशानिर्देशों का पालन करिए। आप मास्क निकालकर नारेबाजी कर रहे हैं और तख्तियां दिखा रहे हैं, यह उचित नहीं है। आप लोग अपनी सीट पर जाइए, आपको चर्चा करने का मौका दूंगा। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने करीब 11.15 बजे सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। निचले सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। शोर-शराबे के बीच ही पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने आवश्यक कागजात सभापटल पर रखवाए। इस दौरान विपक्षी सदस्य अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे।

### चीनी फैशन ब्रांड : प्रवेश के खिलाफ अदालत में याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने चीन के फैशन ब्रांड शीन को डिजीटल बाजार पर अपने उत्पादों की बिक्री के जरिए भारत में फिर से प्रवेश करने से रोकने के लिए दायर याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और अमेजन से जवाब मांगा।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने याचिका पर इस आधार पर नोटिस जारी किए। याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने पिछले साल भारत के हितों तथा संप्रभुत्ता के लिए हानिकारक होने के कारण भारत में शीन को अस्थाई तौर पर प्रतिबंधित कर दिया था बहरहाल, अदालत ने अभी इसकी बिक्री पर रोक लगाने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता अनंतिका सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विवेक राज सिंह ने अनुरोध किया कि वह मामले में हस्तक्षेप करें वरना चीनी कंपनी के पास चला जाएगा। अदालत ने कहा, हम जवाब आने की तारीख पर इस पर गौर करेंगे। राज सिंह ने बताया कि अमेजन पर एक विज्ञापन में कहा गया है कि वह अपनी प्राइम डे बिक्री के तौर पर शीन के उत्पादों की बिक्री करेगा।

### आगामी फिल्म कैप्टन इंडिया में दिखेंगे कार्तिक आर्यन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन निर्देशक हंसल मेहता की आगामी फिल्म कैप्टन इंडिया में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म निर्माताओं ने शुक्रवार को यह घोषणा की रोनी स्क्रूवाला और अभिनेता से निर्माता बने हर्मन बावेजा के प्रोडक्शन वाली यह एक्शन-ड्रामा फिल्म एक युद्धग्रस्त देश से भारत के सबसे बड़े और सफल बचाव अभियानों से प्रेरित है। आर्यन फिल्म में एक पायलट का किरदार निभाएंगे और अभिनेता ने कहा कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहे हैं। आर्यन ने एक बयान में कहा, मैं हंसल सर के काम के तरीके का काफी सम्मान करता हूं और उनके साथ काम करने का यह सबसे बेहतर अवसर है। स्क्रूवाला ने कहा, कैप्टन इंडिया केवल सबसे बड़े मानवीय अभियानों में से एक की कहानी नहीं है बल्कि यह अदम्य मानव साहस की कहानी है। हंसल मेहता हमारे दौर के बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक हैं और उन्होंने मानवीय कहानियों की सच्ची भावना को हमेशा खूबसूरती से कैद किया है।

### चीन के कोविड-19 टीका से बुजुर्गों को सुरक्षा मिलने की कम संभावना

**बुडापेस्ट।** एक नए अध्ययन में कहा गया है कि सिनोफार्म के टीका से बुजुर्गों को कोविड-19 से सुरक्षा मिलने की कम संभावना है।

हंगरी में 450 लोगों के रक्त नमूनों पर किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 50 वर्ष से कम उम्र के 90 फीसदी लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हुआ, लेकिन उम्र के साथ प्रतिशत में कमी आई। 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले 50 फीसदी लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता नहीं बनी। यह सर्वेक्षण सिनोफार्म की दूसरी खुराक लगवाने के कम से कम दो हफ्ते बाद किया गया। हंगरी के दो शोधकर्ताओं ने अध्ययन को इस हफ्ते ऑनलाइन पोस्ट किया है।

# सिद्धू ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

एजेंसी। चंडीगढ़

**नवजोत** सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की मौजूदगी में पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यभार संभालने के बाद क्रिकेटर से नेता बने सिद्धू ने कहा कि पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता और प्रदेश इकाई के प्रमुख में कोई अंतर नहीं है।

अमृतसर (पूर्व) से विधायक ने कहा, पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता और राज्य इकाई प्रमुख



के बीच कोई अंतर नहीं है। पंजाब का हर कांग्रेस कार्यकर्ता आज से पार्टी की प्रदेश इकाई का प्रमुख बन गया है।

# कोटा में नए हवाई अड्डे के लिए 1250 एकड़ भूमि आवंटन को मंजूरी

एजेंसी। जयपुर

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कोटा में बिलकुल नए (ग्रीनफील्ड) हवाई अड्डे के लिए 1250 एकड़ भूमि नि:शुल्क आवंटित करने की मंजूरी दी है। इसके लिए जिला कलेक्टर कोटा को निर्देश जारी किए गए हैं। इस मंजूरी से कोटा में नए स्थान पर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का काम काम शुरू हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि कोटा के वर्तमान हवाई अड्डे का विस्तार विभिन्न कारणों से संभव नहीं होने के कारण वहां नए



स्थान पर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की स्थापना का प्रस्ताव विचाराधीन था। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री गहलोत की पहल पर राज्य सरकार द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों के बाद भारत सरकार के नागर विमानन मंत्रालय के साथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की स्थापना पर सहमति बनी। केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा इस नए एयरपोर्ट के निर्माण व विस्तार के लिए भूमि का चिन्हीकरण करने के बाद मुख्यमंत्री ने नि:शुल्क भूमि आवंटन के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है।

प्रस्तावित हवाई अड्डे से राज्य में हवाई संपर्क का विस्तार हो सकेगा। इससे एजुकेशन हब के रूप में विकसित हुए कोटा शहर तथा आस-पास के क्षेत्रों के विकास को गति मिलने के साथ ही लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

# जनसंख्या नियंत्रण और गायों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए जाएं : भाजपा विधायक

एजेंसी। अगरतला

**त्रिपुरा** में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुधांगशु दास ने शुक्रवार को जनसंख्या नियंत्रण और गायों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की। फतिक्रॉय विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक दास ने कहा कि वह राष्ट्रहित में जनसंख्या नियंत्रण और गायों की सुरक्षा का मुद्दा आगामी विधानसभा सत्र में उठाएंगे।

दास ने कहा, असम और उत्तर प्रदेश सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण और गायों की सुरक्षा को लेकर कानून बनाने के लिए कदम उठाए हैं। मुझे लगता है कि इन दो मांगों को केवल त्रिपुरा या अन्य दो-तीन राज्यों में नहीं बल्कि राष्ट्रहित में पूरे देश में क्रियान्वित किया जाना चाहिए। मैं अगले विधानसभा सत्र में यह मामला उठाऊं गा। दास ने कहा कि देश की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, और जब तक सरकारों के पास इससे निपटने के लिए कानूनी ढांचा नहीं होगा, तब तक गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिनके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव होंगे। उन्होंने कहा, जनसंख्या का इतना बढ़ना देश के लिए एक खतरा है।

# राजस्थान : जनजाति समुदाय के उत्थान के लिए जनजाति भागीदारी योजना को मंजूरी

### योजना की शुरूआत नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर करने की घोषणा

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** सरकार ने राज्य के जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए जनजाति भागीदारी योजना के प्रारूप को मंजूरी दी है। योजना की शुरूआत विश्व आदिवासी दिवस पर नौ अगस्त को होगी।

एक सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस योजना को मंजूर दे दी है। इसके तहत जनजाति समुदाय के समावेशी विकास के लिए उनकी आवश्यकता के अनुरूप कार्य करवाए जा सकेंगे। इनमें सामुदायिक संपत्तियों का निर्माण एवं मरम्मत, संवर्धन और संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन, कौशल प्रशिक्षण, डेयरी, पशुपालन आदि क्षेत्रों से संबंधित कार्य शामिल होंगे।

योजना के तहत वे कार्य ही अनुमत होंगे, जिनके माध्यम से लाभान्वित होने वाली जनसंख्या का कम से कम 50 प्रतिशत भाग जनजाति समुदाय का हो। इसमें निजी भूमि पर योजना के तहत निर्माण की अनुमति नहीं होगी। इस योजना में किए जाने वाले कार्य तथा गतिविधियों के लिए जरूरी राशि का कम से कम 30 प्रतिशत हिस्सा जन सहयोग, स्वयंसेवी संस्थाओं, दानदाताओं या अन्य किसी सरकारी योजना, कार्यक्रम अथवा फंड से उपलब्ध कराना होगा।

योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के कार्यों की स्वीकृति जिला कलेक्टर, 10 लाख से अधिक और 25 लाख रुपये तक के कार्यों की स्वीकृति आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास तथा 25 लाख रुपये से अधिक की स्वीकृतियां जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के स्तर से जारी की जाएंगी।

### जम्मू के सीमावर्ती इलाके में आईईडी सामग्री ले जाते ड्रोन को मार गिराया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू जिले के सीमावर्ती इलाके में पांच किलोग्राम वजन की विस्फोटक सामग्री (आईईडी) ले जा रहे ड्रोन को मार गिराया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के साथ कानाचक की सीमा पर एक ड्रोन के उड़ने की सूचना के बाद पुलिस की एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) ने ड्रोन विरोधी रणनीति का इस्तेमाल करते हुए उसे मार गिराया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने यहां पत्रकारों को बताया, देर रात करीब एक बजे एक ड्रोन को बेहद करीब से उड़ते देखा गया जो आईईडी गिराने ही वाला था लेकिन उसे मार गिराया।

# डाटा संरक्षण विधेयक पर संयुक्त समिति का कार्यकाल पांचवी बार बढ़ाया

एजेंसी। नई दिल्ली

**वैयक्तिक** डाटा संरक्षण विधेयक, 2019 का अध्ययन कर रही संसद की संयुक्त समिति का कार्यकाल पांचवी बार बढ़ाया गया। अब समिति को रिपोर्ट जमा करने के लिए संसद के शीतकालीन सत्र के प्रथम सप्ताह तक का समय दिया गया है।

भाजपा के पीपी चौधरी ने लोकसभा में इस संबंध में प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। प्रस्ताव में कहा गया है, यह सदन वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2019 पर संसद की संयुक्त समिति को




रिपोर्ट पेश करने के लिए समय को शीतकालीन सत्र के प्रथम सप्ताह तक बढ़ाता है। विधेयक का अध्ययन करने के लिए दिसंबर, 2019 में संसद की संयुक्त समिति का गठन किया गया था और उसे गत बजट सत्र में रिपोर्ट देनी थी, लेकिन तब समिति के लिए रिपोर्ट जमा करने की समय-सीमा संसद के मॉनसून सत्र के पहले सप्ताह तक बढ़ाई गई थी।

# राहुल को फोन टैपिंग का शक है तो उसे जांच एजेंसियों को सौंपें: भाजपा

### राहुल गांधी को अपना फोन जांच एजेंसी को सौंप देना चाहिए

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को यदि लगता है कि उनका फोन टैप किया गया है तो उन्हें इसे (फोन) जांच एजेंसी को सौंप देना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौर ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए दावा किया



कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अवैध तरीके से किसी का भी फोन टैप नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जनता के द्वारा लगातार दो बार खारिज किए जाने के बाद कांग्रेस किसी न किसी बहाने संसद की कार्यवाही को बाधित करना चाहती है। राहुल गांधी ने इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके भारत के कई प्रमुख व्यक्तियों की कथित तौर पर जासूसी किए जाने को राजद्रोह करार देते हुए कहा था कि गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए। राठौर ने कहा कि राहुल गांधी को अपना फोन जांच एजेंसी को सौंप देना चाहिए और भारतीय दंड संहिता के तहत जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश का विकास बर्दाश्त नहीं कर सकती इसलिए कोई ना कोई बहाना बनाकर वह संसद की कार्यवाही बाधित कर रही है।

# पेगासस मामला: जांच को लेकर विपक्षी दलों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने पेगासस स्पाईवेयर का उपयोग करके राहुल गांधी समेत कई प्रमुख व्यक्तियों की कथित तौर पर जासूसी किए जाने के मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग करते हुए शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। लोकसभा और राज्यसभा के कई कांग्रेस सदस्यों ने संसद परिसर



में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, द्रमुक नेता कनिमोई और शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और कई अन्य सांसद इस मौके पर मौजूद थे। विपक्षी सांसदों ने अपने हाथ में एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर हम उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग करते हैं लिखा हुआ था। उन्होंने जासूसी बंद करो और प्रधानमंत्री सदन में आओ के नारे भी लगाए।

गौरतलब है कि मीडिया संस्थानों के अंतरराष्ट्रीय गठजोड़ ने दावा किया है कि केवल सरकारी एजेंसियों को ही बेचे जाने वाले इजराइल के जासूसी सॉफ्टवेयर के जरिए भारत के कुछ रसूखदार लोगों सहित बड़ी संख्या में कारोबारियों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के 300 से अधिक मोबाइल नंबर, हो सकता है कि है किए गए हों।

# नोएडा हवाई अड्डे के नाम से 500 करोड़ का फर्जी ठेका, दर्ज होगी एफआईआर

● यमुना प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक ने पुलिस निरीक्षक को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नाम से फर्जी पत्र जारी कर टेंडर के मामले में यमुना प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रविंद्र सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पुलिस निरीक्षक को पत्र लिखा है।

पत्र में उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने कहा है कि लोग इस तरह के फर्जी पेपर के झांसे में न आएं। एयरपोर्ट के काम आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। प्राधिकरण ने कहा है कि 20 मार्च 2021 को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ी जमीन पर कार्य आवंटन किए जाने से संबंधित एक लेटर संज्ञान में आया है, जबकि




यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ऐसा कोई पत्र किसी को नहीं भेजा है।

एक फर्जी वेलकम लेटर फैलाया जा रहा था। जिसमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और उत्तर प्रदेश सरकार का जिक्र कर फर्जी ढंग से जमीन से जुड़े कार्यों के लिए 5000 एकड़ में 500 करोड़ रुपए के टेंडर का अप्प्रूवल दिखाया जा रहा था। कंपनी के कॉलम में किसी का नाम नहीं लिखा था। ऑफिस के पते में अनूपपुर, मध्य प्रदेश दर्ज है। इस पर स्पष्टीकरण देते हुए यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह ने बताया कि यह पूरी तरह फर्जी है। जेवर एयरपोर्ट का क्षेत्रफल 3200 एकड़ है। इसमें 5000 एकड़ जमीन का जिक्र किया गया है।

इस तरह का कोई लेटर किसी भी कंपनी को जारी नहीं किया गया है। वह पूरे पारदर्शी ढंग से टेंडर के जरिए काम का आवंटन करेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कार्यवाही की जाएगी। एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इसके बाद ऐसे तत्वों को कानूनी दायरे में लाया जाएगा। इस मामले में बीटा-2 कोतवाली के प्रभारी रामेश्वर ने बताया कि फिलहाल अथॉरिटी की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### एयरपोर्ट को बनाने की जिम्मेदारी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास

नोएडा एयरपोर्ट को बनाने की जिम्मेदारी ज़्यूरिख़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी और उसकी एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की है। उसमें उत्तर प्रदेश सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण का कोई रोल नहीं है।

उन्होंने आगे कहा ना ही ऐसा कोई पत्र किसी प्राधिकरण या सरकार द्वारा जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पत्र को दिखाकर तमाम लोग भूमि से संबंधित काम का कॉन्ट्रैक्ट लेने के लिए प्राधिकरण पहुंच रहे थे। लेकिन टेंडर से जुड़ा सारा काम ज़्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी करेगी।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 12 प्रोजेक्ट के टेंडर जारी किए

● गांव-शहर के विकास कार्यों में आएगी तेजी

**नोएडा।** शहर में विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 27.86 करोड़ रुपये का 12 टेंडर जारी किया है। इसमें एलईडी रूफटॉप लगाने से लेकर मैन होल और सर्विस रोड के चौड़ीकरण का काम शामिल है।

इसके अलावा प्राधिकरण 6 पर्सेंट आबादी के भूखंडों पर भी विकास कार्य कराएगा इन सभी के लिए टेंडर जारी हुए हैं। परियोजना विभाग ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आवश्यक निर्माण कार्य से संबंधित कार्यों को 2786.25 लाख 27.86 करोड़ टेंडर जारी किए हैं।

इनमें वर्क सर्किल 4 में स्थित सूथियाना गांव में आरसीसी रोड और ड्रेन के बाकी काम शामिल हैं। प्राधिकरण ने वर्क सर्किल 5 में स्थित ग्रेटर नोएडा कार्यालय के भवन में एलईडी रूफटॉप साइनेज लगाने और उसके मेंटेनेंस के लिए टेंडर निकाला है। एच्छर टी प्वॉइंट से 130 मीटर चौड़ी रोड तक और आईटीबीपी रोटरी से गेल रोटरी तक 60 मीटर चौड़ी रोड का सुदृढ़ीकरण होगा। सेक्टर ईटा.1 में आंतरिक सड़कों की रिसरफेसिंग का कार्य बाकी है। एसके रोड टी पॉइंट से डेल्टा.1 रोटरी लेबर चौक तक और रियान रोटरी से गोल्फरोटरी तक 60 मीटर चौड़ी रोड को मजबूत कराया जाएगा। प्राधिकरण ने वर्क सर्किल 6 में स्थित घोड़ी बछेड़ा गांव के पॉकेट ई एवं एफ के 4 परसेंट 6 परसेंट और 10 परसेंट आबादी भूखंडों को विकसित करने का कार्य कराएगा। हजरतपुर गांव में 6 पर्सेंट आबादी भूखंडों का विकास कार्य होना है। वर्क सर्किल 7 में स्थित रिठौरी गांव के 6 पर्सेंट



आबादी भूखंडों के बाकी बचे कार्य भी पूरे कराए जाएंगे। वर्क सर्किल ई एंड एम.2 के तहत सेक्टर अल्फ I.1,2 एवं बीटा.1, 2 गामा.1,2 तथा डेल्टा.1,2,3 में मिसिंग पोल और मिसिंग फि टिंग का कार्य कराया जाएगा। वर्क सर्किल उद्यान के तहत जैतपुर कमर्शियल सेक्टर आबादी के चारों ओर 105 मीटर और 60 मीटर चौड़ी सड़कों पर पेड़.पौधे लगाए जाएंगे।

## सीईओ ने तीन ठेकेदारों पर लगाया जुर्माना, तीन ब्लैकलिस्ट



**पायियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु महेश्वरी ने शहर के कई सेक्टर और पार्क का मुआयना किया। इस दौरान कई जगह गंदगी, अधूरे काम और लापरवाही मिली। एक्शन लेते हुए उन्होंने तीन ठेकेदारों पर 21 लाख का जुर्माना लगाया। तीन अन्य को नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद इन कांटैक्टर को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मरम्मत से जुड़े कार्यों में कमियां पाईं। इसके बाद संबंधित अफसरों को इन्हें ठीक कराने का आदेश दिया।

जानकारी के मुताबिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी नोएडा के सेक्टर-12, 62, 63, 50, 45, 46 और 93, के मेघदूतम और एक्सप्रेस व्यू पार्क का निरीक्षण करने पहुंची थी। सेक्टर 12 में स्थित शिमला पार्क विभागीय की हालत बेहद खराब मिली। वहां सफाई का काम पिछले काफी दिनों से नहीं किया गया था। मौके पर मात्र एक माली झाड़ू लगाते हुए मिला। जबकि सेक्टर-12 के सभी पार्कों की साफसफाई के लिए संख्यक विभाग ने 7 मालियों को जिम्मेदारी दी है।

बावजूद इसके काम में ढिलाई मिलने पर सीईओ ने सख्ती दिखाई। उन्होंने कहा कि संबंधित पर्यवेक्षणीय स्टॉफ के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्होंने मौके पर मिली कमियों के लिए जिम्मेदार संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त करने का आदेश दिया। सेक्टर-62 में निरीक्षण के दौरान उन्होंने संविदाकर्मियों को पार्क के बीच में ट्रॉली से सामान उतारते हुए मिले।

इस पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने असंतोष जताया। उन्होंने कॉन्टैक्टर को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश दिया। सेक्टर-63 में पार्क संख्या 91 ए के सामने उन्होंने मौका मुआयना किया। इस दौरान कोई भी श्रमिक काम करते हुए नहीं मिला। गेट पर कूड़ा बिखरा मिला। इस पर सख्ती दिखाते हुए सीईओ ने कांट्रेक्टर को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश जारी किया। सेक्टर 50 में स्थित मेघदूतम पार्क में 21 मजदूर काम करते हुए मिले। लेकिन जगह-जगह घास कटिंग का काम अधूरा पड़ा था। एक टॉयलेट पूरी तरह बंद था। जबकि दूसरे टॉयलेट के दरवाजे टूटे हुए मिले। रास्तों पर गंदगी भरी थी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कांट्रेक्टर पर 5 लाख का जुर्माना लगाते हुए फटकार लगाई और कार्यों को बेहतर ढंग से करने का आदेश दिया। सेक्टर 46 ए और बी ब्लॉक की ग्रीन बेल्ट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सूखे हुए पौधों को बदला नहीं गया है।

साथ ही पहले से छंटाई किए गए पेड़ के अपशिष्ट भी अब तक नहीं हटाए गए थे। तीन श्रमिक कार्य करते हुए मिले। इस पर सीईओ ने ठेकेदार पर 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। उन्होंने यथाशीघ्र ग्रीन बेल्ट को साफ कराने का आदेश दिया। सेक्टर 93ए में एक्सप्रेस व्यू पार्क के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गंदगी बिखरी देखी। इस पर एक्शन लेते हुए उन्होंने कांट्रेक्टर पर 10 का जुर्माना लगाया। दरअसल यहां मौके पर घास कटिंग और साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा गया था। इस पर उन्होंने सख्ती बरती।

## दिल्ली-मेरठ रोडः अवैध कॉलोनियों को जीडीए ने किया ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माण को लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। दिल्ली मेरठ रोड पर स्थित मुरादनगर मोदीनगर इलाके में विकसित की जा रही कई अवैध कॉलोनियों को जीडीए के सचल दस्ते ने जमींदोज कर दिया। इसके अलावा इन इलाकों में बन रही दर्जनों अवैध दुकानों को भी सील कर दिया गया।

यह कार्रवाई प्रवर्तन जॉन दो के प्रभारी विशेष अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में की गई। विशेष अधिकारी ने बताया कि मुरादनगर के



अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करता हुआ जीडीए का दस्ता।

शाहपुर रोड ग्राम दुहाई में राजेंद्र व नवीन यादव द्वारा लगभग 20 हजार मीटर पर विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया है।

मोदीनगर के असालत नगर इलाके मे महेश त्यागी द्वारा आठ हजार मीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया है। मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट के सामने 35 सौ वर्ग मीटर जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी उसे भी ध्वस्त कर दिया गया है। एसआरएम यूनिवर्सिटी के सामने 9 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाई जा रही अवैध सड़क को भी ध्वस्त कर दिया गया है। भिक्कनपुर रैपिड रेल डिपो के समीप भी कार्रवाई हुई।

### एक दर्जन निर्माण सील

हिंडन पार क्षेत्र के लगभग एक दर्जन अवैध निर्माणों को जीडीए के सचल दस्ते ने सील कर दिया । यह कार्रवाई प्रवर्तन जॉन 7 के दस्ते ने की। जीडीए सचिव संतोष कुमार राय ने आज शाम यहां बताया कि शालीमार गार्डन, राजेंद्र नगर सेक्टर 2 वृंदावन गार्डन वृंदावन गार्डन राधे श्याम पार्क मैन में आज लगभग एक दर्जन अवैध निर्माणों को प्रवर्तन जोन के दस्ते ने सील कर दिया।

## लेबर रूम में अब ऑक्सीजन की व्यवस्था होगी : डॉ. रेखा शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** हापुड़

जनपद के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव के लिए के बनाए गए लेबर रूम्स में भी अब ऑक्सीजन की व्यवस्था होगी। सभी लेबर रूम में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर लगाए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. रेखा शर्मा ने बताया कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग के पास तीन सौ से अधिक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हो गए हैं। कोविड की तीसरी लहर यदि आती है तो जनपद में ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चार-चार ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा प्रसव के दौरान गर्भवती के लिए ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी लेबर रूम्स में भी ऑक्सीजन की व्यवस्था रहेगी। सीएमओ ने बताया जनपद में 203 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं और 108 अभी आने वाले हैं।

311 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध होने से आने वाले दिनों में जनपद में कहीं भी ऑक्सीजन की समस्या नहीं होगी।

## महिला कांस्टेबल की स्कूटी में मारी टक्कर

**नोएडा।** सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी के पास हुए हादसे में एक बुलेट सवार युवक ने महिला कांस्टेबल की स्कूटी में टक्कर मार दी।

हादसे में घायल महिला कांस्टेबल के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। कोतवाली फेस-3 पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली फेज-3 प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि महिला कांस्टेबल सोनिया गश्त के बाद कोतवाली लौट रही थी। क्लियो काउंटी के पास पहुंचने पर एक बुलेट सवार युवक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। महिला कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज चल रहा है।

## कर अधीक्षक को आंख फोड़ने की धमकी, नहीं हो रही कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम मोहन नगर जोन के कर अधीक्षक बनारसी दास ने थाना साहिबाद पुलिस को तहरीर दी है।

तहरीर के मुताबिक दो कर्मचारी संपत्ति कर संबंधी कुछ पत्रावली पर गैर कानूनी ढंग से हस्ताक्षर कराना चाहते हैं।

कर अधीक्षक ने जब इन पत्रावली पर हस्ताक्षर के लिए मना कर दिया तो इन दोनों कर्मचारियों ने कर अधीक्षक की नाक कान और आंख फोड़ने की धमकी दे डाली। यही नहीं अपहरण की धमकी भी दी हुई है। इस तहरीर को दिए हुए 15 दिन हो गए हैं लेकिन पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं की।

जिन 2 कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत की गई है उनके नाम पवन शर्मा और रविंद्र कुमार है। साहिबाबाद पुलिस का कहना है कि इस मामले की विवेचना की जा रही है और बहुत जल्द ही विधिक कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो उक्त मामला विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## 15 माह बाद नोएडा में कोरोना का केस नहीं मिला

● महामारी की वजह से जिले में 466 लोगों की मौत हो चुकी है

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के निवासियों को करीब 15 महीने बाद कोरोना वायरस महामारी से बड़ी राहत मिली है। जिले में पिछले साल अप्रैल के बाद पहली बार संक्रमण के किसी नए मरीज की पुष्टि नहीं हुई। जबकि पिछले 24 घंटों में 3 मरीज ठीक होने के बाद अस्पतालों से डिस्चार्ज किए गए।

अब जनपद में सक्रिय मरीजों की संख्या सिर्फ 28 रह गई है। महामारी की वजह से नोएडा में 466 लोगों की मौत हो चुकी है। जारी रिपोर्ट के मुताबिक जिले में कुल 62674 लोग कोरोना वायरस से ठीक हो चुके हैं। इसके बाद जिला प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।



गौतमबुद्ध नगर में पिछले साल 8 मार्च, 2020 को कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया था। इसके बाद कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में उतार.चढ़ाव जारी रहा। पिछले साल मार्च-अप्रैल में महामारी की रफ्तार धीमी रही। कई दिन जनपद में नए मरीजों की संख्या शून्य रही। लेकिन मई 2020 से लेकर 21 जुलाई 2021 तक रोजाना नए मरीज मिलते रहे।

## डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बल, छात्राओं को मिले टेबलेट

● महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सार्थक कदम होगा

**पायानयर समाचार सवा।** नोएडा।

सामाजिक संस्था निर्माण ऑर्गेनाइजेशन और मल्टीनेशनल कंपनी कॉग्निजेंट ने नोएडा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को टेबलेट और लैपटॉप वितरित किया।

नोएडा के सेक्टर-51 में स्थित होशियारपुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 385 छात्राओं को टेबलेट और 13 अध्यापकों को लैपटॉप उपलब्ध




वितरित किया गया। निर्माण ऑर्गेनाइजेशन ने हाल ही में कॉग्निजेंट के सीएसआर के जरिए ये सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया था।

इसमें कहा गया था कि इससे गौतमबुद्ध नगर के स्कूलों में डिजिटल एजुकेशन को बल मिलेगा। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी यह कदम बेहद सार्थक होगा।

छात्राएं पढ़ेंगी तो आगे बढ़ेंगी। समाज में बराबरी का दर्जा हासिल कर पाएंगी। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने टेबलेट और लैपटॉप पात्रों को वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने स्कूली छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दौर डिजिटल का है। इसलिए डिजिटल स्किल डेवलपमेंट बेहद जरूरी है।

न सिर्फ रोजगार के लिहाज से, बल्कि समाज में बराबरी का मुकाम हासिल करने के लिए पढ़ाई जरूरी है। उन्होंने इस पहल के लिए निर्माण ऑर्गेनाइजेशन और कॉग्निजेंट कंपनी का धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि इससे जनपद के 385 स्कूली छात्राओं को डिजिटल एजुकेशन मिल सकेगा। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जीजीआईसी होशियारपुर के प्रधानाचार्य और संस्था तथा कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फर्जी यूपीआई पिन नंबर बनाकर ठगी, 5 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

साइबर सेल पुलिस ने शुक्रवार को ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो पैन कार्ड व डेबिट कार्ड का डाटा चुराकर उससे फर्जी यूपीआई पिन नंबर जनरेट कर क्रेडिट कार्ड व लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस का दावा है कि यह लोग एनसीआर क्षेत्र में करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके हैं ।

पुलिस अधीक्षक नगर (प्रथम) निपुण अग्रवाल ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने शुक्रवार को रामविहार बंथला निवासी राकेश व अजय कुमार को बन्थला फ्लाई ओवर चिरोड़ी रोड से गिरफ्तार किया है। इसके बाद राजेन्द्र नगर एम फॉर



यू सिनेमा के पास से गोपाल व सागर निवासी रामविहार बन्थला लोनी तथा विक्की गुप्ता निवासी रूपनगर लोनी को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन, 20 डेटा पेपर शीट, तीन एटीएम कार्ड, दो पास बुक,2 मोहर, एक स्कूटी, एक मोटर साइकिल तथा 15 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

भाग्य आपके साथ है। रुके हुए कार्यों को आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी। पराक्रम और उत्साह में वृद्धि रहेगी। काम में मन लगेगा, मेहनत के अनुसार परिणाम भी आएगा। दिल से किया हुआ कार्य परिणाम अवश्य देगा। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को या शिक्षार्थियों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है। पुरुष जातकों को स्त्रियों से और स्त्री जातकों को किसी पुरुष से बहुत सार्थक सहयोग मिलेगा।

**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** सुंदरकांड का पाठ करें।

### वृष

अपने दोस्तों के जीवन में कोई महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकते हैं। दोस्त आपसे किसी जरूरी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। आप उनकी पूरी मदद करने की कोशिश करेंगे। पॉजिटिव व्यवहार को देखकर जीवनसाथी खुश रहेगा। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। सरकारी काम के लिये पार्ट टाइम जॉब मिल सकती है। छात्र पढ़ाई का टाइम टेबल बनाएंगे। पढ़ाई में पूरा ध्यान लगा रहेगा। व्यवहार पॉजिटिव बना रहेगा।

**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** सूर्यदेव को जल चढ़ाना चाहिए।

### मिथुन

जल्दबाजी में काम न करें। पैसों की स्थिति की चिंता करनी होगी। फालतू खर्चा हो सकता है। नौकरी और बिजनेस में बात को लेकर उलझनें बढ़ सकती हैं। पैसों के मामलों में सावधानी रखनी होगी। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। वर्क प्लेसपर तनावपूर्ण स्थिति बन सकती है। आप परिवार की जरूरतों में फंस सकते हैं। पेट संबंधित रोग होने के योग बन रहे हैं।

**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** सफाई कर्मचारी को कुछ पैसे सिक्के दान करें।

### कर्क

दांपत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। भविष्य के लिए पैसे जमा करने चाहिए, नहीं तो आप मुश्किल में पड़ सकते हैं। सामाजिक प्रसंगों में सगे-संबंधियों और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। धार्मिक यात्रा का भी योग है। थोड़े चंचल रहेंगे। माता का सुख मिल सकता है। किसी से विवाद न करें। नौकरी में तनाव की स्थिति बन सकती है।

**(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** दुर्गा कवच का पाठ करें।

### सिंह

पुरानी बात को लेकर सहयोगियों से बहस हो सकती है, अत: सावधानी से काम लेकर विवादों को टालें। निजी जीवन में परेशानियां रह सकती हैं। बेहतर होगा जीवनसाथी की सोच को समझने का प्रयास करें। बात का बतंगड़ न बनाएं। खान-पान पर भी संयम रखें। प्रेम संबंधों के संदर्भ में दिन अनुकूल है, संतान की शिक्षा को लेकर चिंतित रह सकते हैं। माता-पिता का आशिर्वाद बना रहेगा।

**(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** पीपल के पेड़ की जड़ में पानी डालने।

### कन्या

स्टूडेंट्स के लिए दिन बहुत ही फेवरेबल रहेगा। पढ़ाई को पूरा इंज्वॉय करेंगे। कठिन विषयों को समझने की कोशिश करेंगे। कोशिशें सफल होंगी। ज्वैलरी का बिजनेस करते हैं, तो बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। फंक्शन के लिए कपड़े खरीदना चाहते हैं, तो खरीद सकते हैं. दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सब लोग खुश रहेंगे। बच्चों के कार्य में मदद कर सकते हैं। दिन फेवरेबल रहेगा। परिजनों का साथ मिलेगा।

**(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** मां सरस्वती के आगे घी का दीपक जलाएं।

### तुला

नौकरी और बिजनेस में लाभ की संभावना बन रही है। दिन अच्छा रहेगा। उन्नति के लिए कुछ ज्यादा ही कोशिशें करनी पड़ सकती है, लेकिन सफल भी हो सकते हैं। काम किस्मत की मदद से पूरे हो सकते हैं। फायदे की चिंता जरूर करें। दूसरों को नाराज किए बिना चतुराई से काम करें। लव पार्टनर पर खर्चा ज्यादा हो सकता है। जीवनसाथी पर गुस्सा न करें। किसी पर भावनाएं जबरदस्ती न थोपें।

**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** गरीब विधवाओं की आर्थिक रूप से मदद करें।

### वृश्चिक

कार्यक्षेत्र में मित्र लाभदायी बन सकते हैं। सेहत के लिए दिन सामान्य रह सकता है। गुस्से का उफान रोक पाना बहुत मुश्किल है जुबान पर काबू रखें। परिश्रम की अपेक्षा कम फल मिलेगा फिर भी कार्य के प्रति आप की निष्ठा में कमी नहीं आ पाएगी। नई प्रॉपर्टी खरीदने की संभावना है। आर्थिक समृद्धि संभव है जीवन में थोड़ा धैर्य और सूझबूझ से निवेश करें। पार्टनर को प्रपोज कर सकते हैं। दिन अच्छा रहेगा।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** शनि महाराज की आराधना करें।

### धनु

व्यापारिक संदर्भ में संपर्क बनाने का एक अनुकूल समय है। प्रेम संबंध और परिपक्व हो सकते हैं। जातकों के जीवन में प्रेम आज दस्तक भी दे सकता है। किसी बात को लेकर पारिवारिक संबंधों में खटास आ सकती है। विवाहित जोड़े पितृत्व मार्ग की ओर कदम बढ़ा सकतें हैं। संतान के विकास और खुशी का आनंद लेंगे। बुजुर्गों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। बड़ों का आशिर्वाद रहेगा। दिन सामान्य बितेगा।

**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** पीपल के पेड़ की जड़ में हल्दी मिलाकर जल डालें।

### मकर

जीवनशैली पर ध्यान देने की जरूरत है। खाने के मामले में ज्यादा उत्तेजित होने से बचना चाहिए। सेहत में कुछ गड़बड़ हो सकती है। बिजनेस में कोई फैसला लेने में परेशानी महसूस हो सकती है। दोस्त मदद कर सकता है। परिवार में स्थिति ठीक रहेगी। पहले से चल रहा विवाद दूर होगा। बच्चों को अपने एग्जाम पर ध्यान देने की जरूरत है। टीचरों से भी सहयोग बनाए रखें। आपकी सेहत ठीक रहेगी।

**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** पक्षियों को दाना डालें।

### कुंभ

आर्थिक तंगी खत्म होगी। इनकम और खर्चा बराबर रहेगा। ऑफिस में अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में पूरी ताकत से काम निपटा लेंगे। आर्थिक तंगी खत्म हो सकती है। अचानक धन लाभ हो सकता है। अच्छे लोगों की संगति से फायदा हो सकता है। संतान से अच्छी खबर मिलने के योग हैं। कोशिशों से समस्याएं सुलझा लेंगे। खास नतीजे के इंतजार में धैर्य रखेंगे तो खुश होंगे। आज का दिन शानदार रहेगा।

**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)**

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीया जलाएं।

### मीन

वाणी में मधुरता लाने का प्रयास करें। पड़ोसी से कुछ वाद-विवाद हो सकते हैं, आज के दिन सावधान रहे। जीवन अधिक अर्थपूर्ण हो रहा है। कंपनी से संबंधित अहम फैसला आज नुकसानदेह हो सकता है। कॅरियर कार्यक्षेत्र और बिजनेस में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना बन रही है। विवाहित लोग जीवनसाथी के साथ उचित व्यवहार रखें और संवादहीनता को ना पनपने दें अन्यथा वैचारिक मतभेद हो सकता है।

**(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** लाल रंग के कुत्ते को रोटी डालें।














### कोरोना महामारी के बीच टोक्यो में

# एक साल बाद ओलंपिक की रंगारंग शुरुआत

**एजेंसी। टोक्यो**

**पिछले** एक साल से भी अधिक समय से दुनिया को अपनी गिरफ्त में लेने वाली कोविड-19 महामारी के भय के बीच 32वें ओलंपिक खेलों की एक साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद शुक्रवार को जापानी संस्कृति और परंपराओं की झलक दिखाने वाले रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ शुरुआत हो गई। जापान के सम्राट नारूहितो खेलों का उद्घाटन करने के लिए वहां उपस्थित थे। एक महीने पहले ही उन्होंने ओलंपिक के दौरान कोरोना वायरस फैलने को लेकर चिंता जताई थी। दर्शकों के बिना आयोजित किए जा रहे ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में भी भावनाओं का ज्वार उमड़ता दिखा और ऐसे में भावनाओं से एकजुट की इसकी विषय वस्तु भी कार्यक्रम के अनुकूल रही। टोक्यो में जब रात घिर आई थी तब यहां का ओलंपिक स्टेडियम दमक रहा था, जिससे उठी नई उम्मीद की धमक पूरे विश्व में सुनाई दे रही थी।


महामारी के कारण सभी देशों के कम खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। कुछ खिलाड़ियों के अगले दिन प्रतियोगिताएं होने और बीमारी के संक्रमण से बचने के लिए समारोह में भाग नहीं लिया। भारत 25वीं बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रहा है और इस बार उसने अपना सबसे बड़ा दल उतारा है। ओलंपिक मार्च पास्ट की शुरुआत हमेशा की तरह यूनान से हुई जहां पहले ओलंपिक खेल हुए थे। भारतीय दल जापानी वर्णमाला के अनुसार 21वें नंबर पर आया। पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और छह बार की विश्व चैंपियन एम सी मैरीकॉम के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था और उनके साथ भारत के अन्य खिलाड़ियों और छह अधिकारियों के चेहरे पर मुस्कान और जोश दिख रहा था। भारत के 127 खिलाड़ियों सहित 228 सदस्यीय दल ओलंपिक में भाग ले रहा है लेकिन इनमें से केवल 20 खिलाड़ियों को उद्घाटन समारोह में भाग लिया। जब उद्घाटन समारोह चल रहा था उस समय भी स्टेडियम के बाहर प्रदर्शनकारी ओलंपिक आयोजन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस को उन्हें हटाने के लिए कार्वाई करनी पड़ी। टोक्यो दूसरी बार ओलंपिक की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले उसने 1964 में ओलंपिक का सफल आयोजन किया था, लेकिन उद्घाटन समारोह में शुरू में उस दिन को याद किया गया जब 2013 में उसने मेजबानी हासिल की थी। समारोह की शुरुआत तोक्यो 2020 के प्रतीक को प्रदर्शित करने के लिए 20 सेकेंड तक नीली और सफेद रंग की आतिशबाजी के साथ की गई जिसे जापानी संस्कृति में शुभ माना जाता है।

## विविधता में एकता, शांति और एकजुटता पर दिया गया ध्यान

समारोह में विविधता में एकता, शांति और एकजुटता पर विशेष ध्यान दिया गया। स्वस्थ रहना है तो अच्छी फिटनेस आवश्यक है का संदेश देता नृत्य आकर्षक था। ट्रेडमिल पर दौड़ती अकेली महिला अरिसा सुबाता संदेश दे रही थी खिलाड़ियों ने महामारी के दौरान भले ही अकेले अभ्यास किया लेकिन वे रुके नहीं, वे हारे नहीं। सुबाता नर्स भी हैं और मुक्केबाज भी। जापान के सम्राट नारूहितो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रमुख थामस बाक के साथ स्टेडियम में पहुंचे। इसके बाद स्टेडियम में जापान का ध्वज फहराया गया। जापान का ध्वज लेकर चलने वालों में एक स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल था और इस तरह से महामारी के दौरान चिकित्साकर्मियों के योगदान को सराहा गया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन लोगों और पूर्व ओलंपियनों को भी याद किया गया जिनका कोविड-19 महामारी के कारण जान गंवाई। इस दौरान म्यूनिख 1972 ओलंपिक में आतंकवादी हमले में मारे गए इजरायली खिलाड़ियों,2011 के भूकंप और सुनामी में मारे गए लोगों का भी उल्लेख किया गया। इन सभी की याद में एक मिनट का मौन रखा गया। जापान की प्रसिद्ध गायिका मिसिया ने राष्ट्रगान गाया।

## पांच चक्र भी स्टेडियम में लाए गए


ओलंपिक के पांच चक्र भी रंगारंग कार्यक्रम के बीच स्टेडियम में लाए गए। इन रिंग को उन पेड़ों से तैयार किया गया है जिन्हें ओलंपिक 1964 के दौरान जापान के खिलाड़ियों ने लगाया था। खेलों में योगदान देने के लिए आईओसी ने बांग्लादेश के नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को द ओलंपिक लॉरेल से सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह में दर्शकों को आने की अनुमति नहीं देने का फैसला कई सप्ताह पहले किया था। इसको देखने के लिए स्टेडियम में 1000 हस्तियां ही उपस्थित थी, जिसमें अमेरिका की पहली महिला जिल बाइडेन भी शामिल हैं। समारोह का आकर्षण निश्चित तौर पर वे खिलाड़ी थे जो पिछले एक साल से महामारी और आशंकाओं के बीच अपनी तैयारियां कर रहे थे।



# ओलंपिक से जुड़े कोरोना मामले 100 पार, 19 नए

**एजेंसी। टोक्यो**

**टोक्यो** ओलंपिक में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़कर 100 से अधिक हो गए जबकि आयोजकों ने शुक्रवार को 19 नए मामले सामने आने की घोषणा की। चेक गणराज्य का चौथा खिलाड़ी रोड साइकिलिस्ट मिशेल श्लेजेल कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। खेलों के उद्घाटन समारोह से पहले कोरोना मामलों की संख्या का शतक पार हो गया। महामारी के कारण समारोह में 1000 से कम लोग होंगे और दर्शकों को अनुमति नहीं दी गई है। टोक्यो में शुक्रवार को 1359 नए मामले सामने आए हैं।



टोक्यो ओलंपिक आयोजकों ने रोज जारी होने वाले कोरोना अपडेट में बताया कि तीन खिलाड़ी, खेलों से जुड़े दस कर्मचारी, तीन पत्रकार और तीन ठेकेदार पॉजिटिव पाए गए हैं। खेलों से जुड़े कोरोना के मामले बढ़कर 106 हो गए हैं, जिनमें से 11 खिलाड़ी हैं। चेक गणराज्य की टीम का छठा मामला सामने आया है। देश की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने कहा, चेक गणराज्य दल का छठा सदस्य और चौथा खिलाड़ी पॉजिटिव पाया गया है। रोड साइकिलिस्ट मिशेल श्लेजेल संक्रमित पाए गए हैं। उन्हें शनिवार को रोड रेस में भाग लेना था, जो अब वह नहीं ले पाएंगे। इससे पहले चेक गणराज्य के दो बीच वॉलीबॉल खिलाड़ी और एक टेबल टेनिस खिलाड़ी भी पॉजिटिव आया था। चेक दल के डॉक्टर व्लास्तिमिल वोरासेक भी गुरुवार को पॉजिटिव पाए गए। इससे पहले एक वॉलीबॉल कोच भी संक्रमित हो गए थे।

## रूस की ओलंपिक तीरंदाज टोक्यो की गर्मी में हुई बेहोश

**टोक्यो।** रूसी तीरंदाज स्वेतलाना गोम्बोएवा शुक्रवार को टोक्यो ओलंपिक में प्रतियोगिता के दौरान भीषण गर्मी में बेहोश हो गई। रूसी ओलंपिक समिति द्वारा जारी बयान में कोच स्टानिस्लाव पोपोव ने कहा कि क्वालीफाइंग दौर पूरा करने के तुरंत बाद गोम्बोएवा अचेत होकर गिर गई। इसके बाद चिकित्सा कर्मचारियों ने उनकी मदद की। रूस के कोच ने कहा, मेरे सामने पहली बार ऐसा कुछ हुआ है। उन्होंने कहा, इससे पहले व्लादिवोस्तोक में जहां हम अभ्यास कर रहे थे वहां भी ऐसी ही गर्मी थी लेकिन यहां नमी बहुत ज्यादा है। टीम की उनकी साथी केन्सिया पेरोवा ने कहा कि वह एक अन्य खिलाड़ी के साथ अपने नतीजे पर चर्चा कर रही थीं जब उन्हें पता चला कि गोम्बोएवा अचेत होकर गिर गई थी। पेरोवा ने कहा, यह शायद हीटस्ट्रोक (लू लगने जैसी स्थिति) के कारण हुआ।

# चार दशक बाद ओलंपिक पदक पर भारतीय हॉकी टीम की नजरें

**पहली चुनौती न्यूजीलैंड**

**एजेंसी। टोक्यो**

**गौरवशाली** अतीत की धरोहर और पिछले कुछ अर्से के शानदार प्रदर्शन से मिले आत्मविश्वास के दम पर चार दशक बाद ओलंपिक में पदक जीतने का सपना पूरा करने की कवायद में जुटी भारतीय हॉकी टीम के सामने शनिवार को ग्रुप ए में न्यूजीलैंड के रूप में पहली चुनौती होगी। रियो से टोक्यो तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंची भारतीय टीम ने परिपक्वता का एक लंबा सफर तय किया है। दस युवा खिलाड़ियों से सजी यह टीम विरोधी के रसूख से खौफ नहीं खाती और मानसिक रूप से काफी दृढ है।

कोच ग्राहम रीड के अनुसार, महामारी के दौर में मानसिक दृढता



खेल में सफलता की कुंजी साबित होगी और इसमें भारतीय खिलाड़ियों का कोई सानी नहीं। पिछले 15-16 महीने काफी कठिन रहे और मुझे भारतीय खिलाड़ियों को करीब से समझने का मौका मिला। मुझे यकीन है कि इसी दृढता के दम पर वे कामयाबी की नई कहानी लिखेंगे। कप्तान मनप्रीत का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने के बाद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और कोरोना के बावजूद फिटनेस के मामले में यह टीम किसी से कम नहीं। उन्होंने कहा, हमारे सभी खिलाड़ियों ने यो यो टेस्ट पास किया है। इस टीम की फिटनेस का स्तर आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, बेल्जियम जैसी टीमों से कम नहीं। हम मैच दर मैच रणनीति बनाएंगे और फिलहाल लक्ष्य क्वार्टर फाइनल रखा है। कोरोना महामारी के बीच आपसी तालमेल की जबर्दस्त बानगी पेश करते हुए मनप्रीत सिंह की टीम फिटनेस और तकनीकी कौशल के मानदंडों पर भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के समकक्ष है। यही वजह है कि पूर्व दिग्गजों से लेकर हॉकी पंडितों तक सभी का मानना है कि यह युवा टीम ओलंपिक पदक का चार दशक का इंतजार खत्म करने का माद्दा रखती है। ओलंपिक की सबसे कामयाब टीम भारत ने आठ बार स्वर्ण पदक जीता, लेकिन आखिरी पदक 1980 में मॉस्को में मिला था।

# क्या फिर से अविश्वसनीय प्रदर्शन को दोहरा सकते हैं भारतीय टीटी खिलाड़ी...

**एजेंसी। टोक्यो**

**भारतीय** टेबल टेनिस दल ने एशियाई खेलों में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था, जिसे खिलाड़ी मिनी ओलंपिक भी मानते हैं और अब तीन साल बाद क्या वे टोक्यो ओलंपिक में भी कोई कमाल कर सकते हैं, यह देखना होगा। एशियाई खेलों में भले ही चीन, कोरिया और जापान जैसे मजबूत देश हों लेकिन ओलंपिक बिल्कुल ही अलग तरह के खेल हैं। भारत ने जकार्ता में पुरुष टीम का कांस्य और मिश्रित युगल का कांस्य पदक जीतकर एशियाई खेलों में देश के पदक सूखे को समाप्त किया, लेकिन यहां एक पदक के करीब पहुंचना भी मुश्किल काम होगा।

पिछले हफ्ते जब टेबल टेनिस खिलाड़ी टोक्यो पहुंचे तो थोड़ी सी उम्मीद मिश्रित युगल वर्ग में थी, लेकिन शुरुआती मुकाबले में चीनी ताइपे की दुनिया की नंबर एक



जोड़ी के खिलाफ मुकाबले ने ए शरत कमल और मनिका बत्रा के लिए चुनौती और कठिन कर दी है। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी का प्रदर्शन क्वालीफायर में शानदार था और उन्होंने टूर्नामेंट भी जीते। लेकिन ओलंपिक से पहले शरत और मनिका को एक साथ अभ्यास के लिए केवल तीन ही सत्र मिले जिसके बाद वे टोक्यो रवाना हो गए। यह स्टार जोड़ी हालांकि पहुंचने के बाद नियमित अभ्यास सत्र कर रही है और उम्मीद कर सकते हैं कि शरत और मनिका शनिवार की सुबह से पहले अपनी योजनाओं को पुख्ता कर लें। शरत और जी साथियान को पुरुष एकल स्पर्धा में कठिन ड्रा मिला है। 20वें वरीय शरत को अपने चौथे ओलंपिक में पहली बार शुरुआती दौर में बाइ मिली है और अगर वे दूसरे दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो वह मौजूदा चैंपियन मा लोंग के सामने हो सकते हैं। अगर साथियान अपने पदार्पण ओलंपिक में दूसरे दौर की बाधा पार कर लेते हैं, तो वह जापान के तीसरे वरीय हारिमोटो तोमोकाजू के सामने होंगे जिन्हें दो साल पहले एशियाई चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में हराकर चौंका दिया था। दोनों स्पर्धाओं में संभावनाओं के बारे में बात करते हुए शरत ने कहा कि मिश्रित युगल में उलटफेर की संभावना ज्यादा है।

## पहले सेट में दवाब बनाने की करेंगे कोशिश

शरत ने कहा, पुरुष और मिश्रित युगल दोनों में यह मुश्किल ड्रा है, लेकिन मिश्रित युगल में यह हमारे प्रतिद्वंद्वियों का पहला मैच होगा तो हम उन्हें हैरान करने की कोशिश करेंगे। शरत ने कहा, हमें पता चला है कि चीनी ताइपे की जोड़ी पहला सेट गंवाने के बाद कई बार हार चुकी है। हम पहले सेट में उन पर दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, देखते हैं क्या होता है। मनिका और पदार्पण कर रही सुर्तिथा मुखर्जी महिला एकल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। टीम लीडर एमपी सिंह को लगता है कि मनिका के पास राउंड 16 तक पहुंचने का अच्छा मौका है जो बड़ी उपलब्धि होगी। गैर वरीय मनिका के पहले दौर में ब्रिटेन की टिन टिन हो की बाधा पार करने की उम्मीद है और फिर उन्हें दूसरे दौर में 20वीं वरीय मार्गरिटा पेस्तोस्का से भिड़ना है। अगर वह दूसरे दौर का मैच जीत जाती हैं तो 62वीं रैंकिंग की भारतीय का सामना 10वीं वरीय सोफिया पोलकानोवा से होगा। सुर्तिथा शुरुआती दौर में स्वीडन की लिंडा बर्गस्ट्रोएम से भिड़ेंगी।



## भारत के आज के कार्यक्रम

**टोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक खेलों के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय (खिलाड़ियों और टीम) कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा। **भारतीय समयानुसार**

**तीरंदाजी**
- सुबह 6:00 बजे: मिश्रित टीम अंतिम आठ मुकाबले में दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव बनाम चिया-एन लिन और चिह-चुन तांग (चीनी ताइपे)
- दोपहर 12:55 बजे: कांस्य पदक मैच
- दोपहर 13:15 बजे: स्वर्ण पदक मैच

**बैडमिंटन**
- सुबह 8:50 बजे: पुरुष युगल ग्रुप ए मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी / चिराग शेट्टी बनाम यांग ली / ची-लिन वांग (चीनी ताइपे)
- सुबह 9:30 बजे: पुरुष एकल ग्रुप डी मैच में बी साई प्रणीत बनाम मिशा जिल्बरमैन (इजराइल)

**मुक्केबाजी**
- 69 किग्रा के अंतिम 32 मुकाबले में विकास कृष्णन बनाम सेवोनरेट्स क्विंकी मेनसाह ओकाजावा (जापान)

**हॉकी**
- सुबह 6:30 बजे: पुरुषों के पूल ए मैच में भारत बनाम न्यूजीलैंड

सुबह 5:15 बजे: महिला पूल ए मैच में भारत बनाम नीदरलैंड

**जूडो**

**सुबह 7:30 बजे के शुरू**
- दिन का 10वां मुकाबला: महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग के अंतिम 32 मुकाबले में सुशीला देवी लिकमबम बनाम इवा सेरनोविस्की (हंगरी)

**रोइंग:**
- सुबह: 7:30 बजे: पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स के दूसरी हीट में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह

**निशानेबाजी**
- सुबह 05:00 बजे : महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन में अपूर्वी चंदेला और इलावेनिल वालारिवन
- सुबह 07:15 बजे: महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल फाइनल

सुबह 09:30 बजे: पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन में अभिषेक वर्मा और सौरभ चौधरी।
- दोपहर 12 बजे : पुरुषों का 10 मीटर एयर राइफल फाइनल

**टेबल टेनिस**
- सुबह 8:30 बजे: मिश्रित युगल प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा बनाम यूं जू लिन और चिंग चेंग (चीनी ताइपे)
- दोपहर 12:15 बजे : महिला एकल के पहले दौर में मनिका बत्रा बनाम टिन-टिन हो (ग्रेट ब्रिटेन)

दोपहर 01:00 बजे : महिला एकल के पहले दौर में सुतीर्थ मुखर्जी बनाम लिंडा बर्गस्ट्रोम (स्वीडन)

**टेनिस**

**सुबह 7:30 बजे से शुरू**
- दिन का दूसरा मुकाबला: पुरुष एकल के पहले दौर के मैच में सुमित नागल बनाम डेनिस इस्तोमिन (उज्बेकिस्तान)

**भारोत्तोलन**
- सुबह: 10:20 बजे: महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में मीराबाई चानू

# कोविड के दौरान लगी मॉस्क पहनने की आदत क्या सदा रहेगी?

होली सीले, एसोसिएट प्रोफेसर, यूएनएसडब्ल्यू, अबरार अहमद चुगताई, एपिडेमियोलॉजिस्ट, यूएनएसडब्ल्यू और सी रैना मैकइंटायर, ग्लोबल बायोसिक्योरिटी के प्रोफेसर, एनएचएमआरसी प्रिंसिपल रिसर्च फेलो, हेड, बायोसेक्योरिटी प्रोग्राम



विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स में मास्क पहनने की अनिवार्यता जारी है, क्योंकि इन राज्यों में समुदाय में कोविड के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तर्क दिया है कि आने वाले कुछ समय के लिए वायरस के खिलाफ हमारी लड़ाई में फेस मास्क एक महत्वपूर्ण उपाय बना रहेगा। साक्ष्य से पता चलता है कि समुदाय में कोविड-19 के प्रसार को कम करने के लिए मास्क प्रभावी हैं। हालांकि, मास्क हमेशा अनिवार्य नहीं होगा, खासकर बाहरी प्रकोप की स्थितियों में। अधिकांश ऑस्ट्रेलियाई राज्यों और क्षेत्रों में वर्तमान में, मास्क अनिवार्य नहीं हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर इसे पहनने की सलाह दी जाती है, जहां सामाजिक दूरी के नियम का पालन करना मुश्किल है। हालांकि जैसे-जैसे समय गुजरता जाएगा। ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लग जाएगा और महामारी का प्रकोप कम और सीमित होता जाएगा क्या मास्क लगाने की जरूरत बनी रहेगी?

**कोविड-19 से पहले श्वसन संक्रमण को रोकने के लिए मास्क के उपयोग पर एक समीक्षा में पाया गया कि लोगों को संक्रमण का खतरा बढ़ने पर मॉस्क पहनने की अधिक संभावना होती है, या जब उन्हें लगता है कि बीमार होने के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। मॉस्क पहनना जिम्मेदारी की साझा भावना और कथित सामाजिक मानदंडों से भी प्रेरित होता है।**

## इसे जनता पर छोड़ते हैं

हाल के हफ्तों में, हमने ब्रिटेन और सिंगापुर में ऐसी घोषणाएं देखी हैं कि वे कोविड-19 प्रतिबंधों के प्रति अपना दृष्टिकोण बदल रहे हैं, वायरस के साथ रहने के एक नए तरीके की ओर बढ़ रहे हैं। ब्रिटेन में, सभी व्यवसायों को फिर से खोलने और कार्यक्रमों में उपस्थिति की सीमा को हटाने के साथ, सामाजिक दूरी का पालन करना और मॉस्क पहनना व्यक्तिगत जिम्मेदारी का हिस्सा बन जाएंगे। कुछ लोगों को अभी भी कुछ विशेष परिस्थितियों में मास्क पहनने की आवश्यकता हो सकती है, जैसे कि अस्पतालों में या सार्वजनिक परिवहन के साधनों में। उदाहरण के लिए, लंदन के सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क में मॉस्क पहनना अनिवार्य रहेगा, लेकिन 19 जुलाई से दुकानों, सार्वजनिक परिवहन और अन्य संलग्न स्थानों में मॉस्क पहनने की राष्ट्रीय कानूनी आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। सिंगापुर और ब्रिटेन में, सरकारों का मानना है कि समुदाय का व्यवहार कोविड की समस्या के समाधान का हिस्सा होगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि सरकारी आदेश के बिना भी, लोग उच्च जोखिम वाली स्थितियों में मॉस्क पहनना जारी रखेंगे, जैसे कि भीड़भाड़ और संबद्ध स्थान।

## क्या विवेकाधीन मुखौटा काम करेगा?

हम जानते हैं कि सरकारी आदेश होने पर अधिक लोग मॉस्क का उपयोग करते हैं, मॉस्क पहनने का निर्णय इसके न पहनने पर दंड जैसे कारकों के अलावा भी कई कारणों से प्रभावित होता है। एक व्यक्ति की उम्र, आय का स्तर, जहां वे रहते हैं और सांस्कृतिक मानदंड सभी इस संबंध में एक भूमिका निभा सकते हैं।

कोविड-19 से पहले श्वसन संक्रमण को रोकने के लिए मॉस्क के उपयोग पर एक समीक्षा में पाया गया कि लोगों को संक्रमण का खतरा बढ़ने पर मॉस्क पहनने की अधिक संभावना होती है, या जब उन्हें लगता है कि बीमार होने के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। मॉस्क पहनना जिम्मेदारी की साझा भावना और कथित सामाजिक मानदंडों (वह अलिखित नियम और विश्वास, जिन्हें हम हमारे समुदाय के लिए स्वीकार्य मानते हैं) से भी प्रेरित होता है। हम अक्सर उन लोगों से प्रेरणा लेते हैं, जिनके हम करीब हैं, खासकर अनिश्चित समय में। हमारे शोध में नियोक्ताओं, मास मीडिया, सरकार और परिवार सहित विभिन्न तरीकों से कथित दबाव पाया गया, जो सभी मॉस्क के उपयोग को बढ़ाने में भूमिका निभा सकते हैं। यह जानना मुश्किल है कि जब मॉस्क के इस्तेमाल का सरकारी आदेश हटाकर इसे लोगों पर छोड़ दिया जाएगा, तो समाज में मॉस्क के उपयोग की क्या स्थिति होगी, लेकिन इस संबंध में एशियाई अनुभव को देखना उपयोगी होगा। कुछ एशियाई देशों में प्रदूषण से सुरक्षा और संक्रमण से सुरक्षा के लिए, खासकर 2003 में सार्स के बाद से, मॉस्क पहनने का लंबा इतिहास रहा है। हांगकांग में प्रकोप के बाद, फ्लू जैसे लक्षणों का अनुभव होने पर मॉस्क पहनने वाले लोगों का अनुपात जून 2003 में 74 प्रतिशत से घटकर सितंबर 2003 में 39 प्रतिशत हो गया। हालांकि पहले की तुलना में सार्स के बाद की अवधि में यह अभी भी बहुत अधिक थे। इन प्रवृत्तियों पर नजर रखने वाले शोधकर्ताओं ने नोट किया कि सार्स के समय, हांगकांग में लोग अपनी नागरिक जिम्मेदारी के हिस्से के रूप में मॉस्क के उपयोग को स्वीकार करने लगे थे। 2020 की शुरुआत में छह अलग-अलग देशों में किराने की दुकानों और बाजारों जैसे स्थानों की तस्वीरों के आधार पर किए गए एक अध्ययन में मॉस्क के उपयोग में भारी तार-चढ़ाव नजर आया। यह नोम पेन्ह, कंबोडिया (एशिया में) में 97 फीसद से लेकर कांगो गणराज्य के किंशासा में 4 फीसद तक था।

इनमें से कुछ देशों में मॉस्क के उपयोग का स्तर उस समय की सरकारी सिफारिशों या आदेश से प्रभावित हो सकता है। इस बात में संदेह की गुंजाइश है कि क्या अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे अधिक व्यक्तिवादी संस्कृतियों वाले देशों में मॉस्क का उपयोग जारी रहेगा, जहां लोग अपनी पसंद पर अधिक जोर देते हैं, जबकि सामूहिक संस्कृतियों वाले क्षेत्र, जैसे कि एशिया जहां लोगों की अपनी खुशी उनके आसपास के लोगों की खुशी पर निर्भर करती है। टीकाकरण की स्थिति भी समुदाय में मॉस्क के उपयोग को प्रभावित कर सकती है। जिन लोगों को कोविड-19 के खिलाफ टीका लगाया जाता है एक उच्च अनुपात के रूप में ब्रिटेन और सिंगापुर जैसे देशों में बिना टीकाकरण वाले लोगों की तुलना में मॉस्क पहनने के लिए कम इच्छुक हो सकते हैं।

## नई सामान्य परिस्थिति?

यदि हम सामाजिक मानदंडों को मॉस्क के अनुरूप बदलने की कोशिश कर रहे हैं, और उनके चल रहे उपयोग (सरकारी पाबंदी के बिना) को प्रोत्साहित कर रहे हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम इस बारे में अपनी राय विकसित करें। इसमें ऐसे समय के प्रासंगिक स्मरण शामिल हैं, जब मॉस्क सबसे अधिक फायदेमंद होंगे, जैसे: लोगों को सार्वजनिक रूप से बाहर जाने पर यदि अस्वस्थ लगे तो तत्काल मॉस्क लगाने के लिए प्रोत्साहित करना और सार्वजनिक परिवहन जैसे उच्च जोखिम वाले स्थानों में मॉस्क के उपयोग को प्रोत्साहित करना। विशेष रूप से तब जब वृद्धों की देखभाल करते हैं और अस्पतालों में लोगों से मिलने जाते हैं। सामाजिक व्यवहार के रूप में मॉस्क के उपयोग को जारी रखना महत्वपूर्ण है। जिस तरह किसी अलर्जी वाली चीज से दूर रहना जरूरी होता है ठीक उसी तरह, मॉस्क पहनना एक सरल क्रिया है जिसे हम उन लोगों की सुरक्षा के लिए कर सकते हैं, जो असुरक्षित हो सकते हैं।

# गमले खरीदने से पहले जान लें ये बातें



**बारिश** के साथ ही मौसम की फिजा में घुल जाती है ठंडक और चारों तरफ हरियाली अपनी छटा बिखेर देती है। इस मौसम में हम अपने घरों की छोटी सी बगिया को भी नए पौधों से सजाते हैं आजकल फ्लैट कल्चर प्रचलन में है, जहां पर अपने बागवानी के शौक को पूरा करने के लिए हमारे पास केवल बालकनी होती है। इसीलिए आजकल जमीन की अपेक्षा गमलों में ही पौधे लगाए जा सकते हैं। आजकल बाजार में मिट्टी, सिरेमिक, सीमेंट और प्लास्टिक के विविध डिजाइंस में गमले मौजूद हैं। पौधे लगाने से पूर्व प्रत्येक प्रकार के गमले की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है ताकि आप अपनी आवश्यकतानुसार गमले खरीद सकें।

## मिट्टी के गमले

इनमें पानी की निकासी सुगमता से होती है इसलिए ये सभी प्रकार के पौधों के लिए उपयुक्त होते हैं। चूंकि ये पानी अधिक सोखते हैं इसलिए गर्मियों में इन्हें अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

## सीमेंट के गमले

पानी की निकासी तो आसानी से होती ही है परंतु वजन में भारी होने के कारण इन्हें शिफ्ट करना मुश्किल होता है। छत के लिए ये गमले उपयुक्त नहीं होते।

## प्लास्टिक के गमले

आजकल बाजार में इनकी भरमार है, ये भांति-भांति के डिजाइन और रंगों में उपलब्ध हैं। वजन में हल्का होने के कारण इन्हें कहीं भी टांगा या रखा जा सकता है। अक्सर पानी की समुचित निकासी न हो पाने से पौधा सड़ने लग जाता है इसलिए इन्हें प्रयोग करने से पूर्व इनमें नीचे छेद करना उचित रहता हैं।

**“पानी की निकासी तो आसानी से होती ही है परंतु वजन में भारी होने के कारण इन्हें शिफ्ट करना मुश्किल होता है। छत के लिए ये गमले उपयुक्त नहीं होते।”**

## सिरेमिक और पीतल के गमले

इन्हें आमतौर पर कम रोशनी वाले इंडोर पौधों के लिए प्रयोग किया जाता है। इन्हें अधिक देखभाल और पर्याप्त सफाई की आवश्यकता होती है। मिट्टी और सीमेंट के गमलों की अपेक्षा इनकी कीमत अधिक होती है।

## हैंगिग गमले

ये आमतौर पर प्लास्टिक के होते हैं इनमें छोटे और कम जगह घेरने वाली जड़ों के पौधों के लिए प्रयोग किया जाता है। बालकनी की रेलिंग या छत की बाउंड्री वाल के लिए ये उपयुक्त होते हैं।

## रखें इन बातों का ध्यान

**जब आप गमले खरीदने जाएं तो इन बातों का ध्यान अवश्य रखें-**

- गुलाब के लिए सीमेंट या मिट्टी का ही गमला खरीदें ताकि पानी की समुचित निकासी हो सके क्योंकि इसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है।
- सेक्युलेन्ट अर्थात कैक्टस जैसे गूदेदार पौधों को आप किसी भी प्रकार के गमले में लगा सकते हैं क्योंकि इसे बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है।
- बोन्साई पौधों के लिए कम गहरे परंतु चौड़े तसले या ट्रेनुमा गमले खरीदें ताकि इनकी जड़ों को फैलने की जगह मिल सके।
- लौकी, तोरई या पान के पौधों के लिए गहरे और चौड़े गमले लेना उचित रहता है।
- यदि आप पोर्च, बालकनी या लिविंग रूम जैसी कम धूप वाली जगह में गमले रखना चाहतीं हैं तो प्लास्टिक के गमले ले सकतीं हैं।
- इंडोर पौधों के लिए सिरेमिक या प्लास्टिक की डिजाइन वाले गमले उपयुक्त रहते हैं।

